ಶುಭ್ ಲಾಭ್

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


जातिगत असमानता के संरक्षकों ने महात्मा गांधी की हत्या की : सिद्धरामैया @ नम्मा बेंगलूरु

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 25 अगस्त, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-237

**कोलकाता दुष्कर्म-हत्या मामला**

# पूर्व प्रिंसिपल समेत सात का हुआ पॉलीग्राफ टेस्ट




**संदीप घोष के खिलाफ सीबीआई ने वित्तीय अनियमितता का केस दर्ज किया**

**केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने एफआईआर की कॉपी अलीपुर सीजेएम कोर्ट को सौंपी**

**कोलकाता/नई, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** दिल्ली, कोलकाता रेप-मर्डर केस के 7 आरोपियों का शनिवार को पॉलीग्राफी टेस्ट हुआ। मुख्य आरोपी संजय रॉय से जेल में, जबकि पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष, 4 फेलो डॉक्टर, 1 वॉलंटियर से सीबीआई दफ्तर में पूछताछ की गई। पॉलीग्राफी टेस्ट दिल्ली की सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री टीम ने लिया।

इधर, कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। घोष के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच जारी है। सीबीआई ने एफआईआर की कॉपी अलीपुर सीजेएम कोर्ट को सौंप दी है। बताते चलें कि 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर हॉस्पिटल में एक ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या कर दी गई थी। सुबह उनका अर्धनग्न शव मिला था। इसके बाद देशभर में डॉक्टरों ने विरोध प्रदर्शन किया। कोलकाता के डॉक्टर्स आज लगातार 16वें दिन हड़ताल पर हैं। बाकी संगठनों ने हड़ताल खत्म कर दी है। गौरतलब है कि कोर्ट ने सीबीआई से 17 सितंबर तक रेप-मर्डर केस की जांच रिपोर्ट पेश करने कहा है।

महिला डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की भूमिका संदिग्ध है। सीबीआई द्वारा बीते हफ्ते भर से ज्यादा समय से लगातार संदीप घोष से पूछताछ की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पूछताछ के दौरान संदीप घोष के बयानों में विरोधाभास है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने भी अपनी सुनवाई के दौरान संदीप घोष की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल उठाए थे। यही वजह है कि संदीप घोष सीबीआई की जांच के रडार पर हैं। सीबीआई ने अदालत में अर्जी देकर संदीप घोष, आरोपी संजय रॉय और चार अन्य डॉक्टर्स और एक सिविल वॉलंटियर का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की मंजूरी मांगी थी, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया था।

गौरतलब है कि संदीप घोष के अलावा जिन चार अन्य डॉक्टर्स का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया गया है, उन्होंने ही मृतका के साथ घटना वाली रात डिनर किया था। आरोपी संजय रॉय का जेल में ही पॉलीग्राफ टेस्ट कराया जा रहा है। बाकी अन्य का पॉलीग्राफ टेस्ट सीबीआई कार्यालय में कराया गया । पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए विशेषज्ञों की एक टीम नई दिल्ली स्थित सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री से कोलकाता पहुंची है।

इस बीच युवा और छात्र संगठनों ने शहर में कॉलेज स्क्वायर से लालबाजार तक संयुक्त रूप से परेड निकाली। इस दौरान वामपंथी नेताओं पर कथित पुलिस उत्पीड़न का विरोध किया गया और नौ अगस्त को अस्पताल परिसर में दुष्कर्म और हत्या की शिकार 31 वर्षीय महिला चिकित्सक के लिए न्याय की मांग की गयी। प्रदर्शनकारियों को कोलकाता पुलिस मुख्यालय के करीब जाने से रोका गया और 200 मीटर दूर ही रोक दिया गया तथा सात प्रतिनिधियों को पुलिस अधिकारियों से मिलने के लिए अंदर जाने दिया गया। युवा शाखा की अध्यक्ष मीनाक्षी मुखर्जी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल की सहायता के लिए करीब 30 अधिवक्ता भी वहां मौजूद थे।

प्रदर्शनकारियों ने बारिश और बी.बी. गांगुली स्ट्रीट पर घुटनों तक पानी के बावजूद यातायात को अवरुद्ध कर दिया और दफा एक दबी एक के नारे लगाते हुए स्वास्थ्य और गृह विभाग का भी दायित्व संभाल रही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की। वामपंथी नेताओं ने आरोप लगाया कि शहर और जिलों की पुलिस उनके कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आर.जी. कर अस्पताल में हुई तोड़फोड़ में शामिल होने का आरोप लगाते हुए नोटिस भेज रही है। उन्होंने कहा कि जब तक हत्या की गई महिला चिकित्सक को न्याय नहीं मिल जाता, पुलिस उनके आंदोलन को नहीं रोक सकती। ▶10 पर

# तेलुगु स्टार नागार्जुन के कन्वेंशन सेंटर पर चला बुलडोजर

**हैदराबाद में झील की जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप, 6.69 एकड़ में बना था एन कन्वेंशन सेंटर**

**नागार्जुन ने इस कार्रवाई पर जाहिर की नाराजगी कहा- गलत सूचना के आधार पर इसे तोड़ा गया**



**हैदराबाद, 24 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलुगु स्टार नागार्जुन के हैदराबाद स्थित अवैध एन कन्वेंशन सेंटर को शनिवार (24 अगस्त) को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। उन्होंने यह सेंटर रंगारेड्डी जिले के शिल्परामम के पास माधापुर में हाईटेक सिटी के पास बनाया था। एक्टर पर आरोप था कि उन्होंने झील की जमीन पर इस सेंटर का अवैध निर्माण कराया था। हैदराबाद आपदा राहत एवं संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) की टीम ने आज सुबह इसे गिरा दिया। उधर, नागार्जुन ने इस कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा, अगर कोर्ट इसे तोड़ने का फैसला देता, तो मैं खुद इसे तोड़ देता। मुझे उम्मीद है कि अफसरों की इस गलत कार्रवाई पर कोर्ट से हमें राहत मिलेगी। नागार्जुन ने इस कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर की। अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर लिखा, कोर्ट केसेस और स्टे ऑर्डर लेने के बाद भी गैरकानूनी तरीके से कन्वेंशन सेंटर को तोड़ा गया। हमने अवैध निर्माण नहीं किया। ये जगह पट्टा भूमि है। झील की एक इंच जमीन का इस्तेमाल नहीं किया। इस सेंटर से जुड़ी जितनी भी शिकायतें हुई थीं, उन पर स्टे ऑर्डर लिया गया था। ▶10 पर

## तेलंगाना हाई कोर्ट ने ध्वस्तीकरण पर लगाई रोक

**हैदराबाद, 24 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने एन कन्वेंशन सेंटर से जुड़े विध्वंस मामले में हस्तक्षेप किया है, जो टॉलीवुड अभिनेता नागार्जुन से जुड़ा हुआ है। शनिवार को, न्यायालय ने हैदराबाद के अधिकारियों द्वारा शुरू की गई विध्वंस गतिविधियों को रोकने के लिए एक अंतरिम आदेश जारी किया। यह घटनाक्रम हैदराबाद के अधिकारियों द्वारा गांडीपेट एफटीएल और बफर जोन में अवैध निर्माणों पर कार्रवाई शुरू करने के बाद हुआ है, जिसमें तटबंधों सहित अनधिकृत संरचनाओं को निशाना बनाया गया है। रिपोर्ट्स में आरोप लगाया गया कि एन कन्वेंशन सेंटर ताम्मीडी चेरुवु पर अतिक्रमण करने वाली भूमि पर बनाया गया था, जिसके कारण स्थानीय निवासियों ने शिकायत की। हालांकि, शनिवार की सुबह ही विध्वंस की कार्रवाई शुरू हो गई थी ।

## मुंबई से हैदराबाद जा रहा निजी हेलीकॉप्टर पुणे में क्रैश

**पायलट और तीन यात्री घायल**



**पुणे, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** मुंबई से हैदराबाद जा रहा निजी हेलीकॉप्टर पुणे में क्रैश हो गया। शुरुआती खबर के मुताबिक इस हेलीकॉप्टर में कुल चार यात्री सवार थे। निजी हेलीकॉप्टर क्रैश होने के बारे में पुणे के पुलिस अधीक्षक पंकज देशमुख ने बताया कि हादसा पुणे जिले के पौड गांव में हुआ। हेलीकॉप्टर का स्वामित्व एक निजी विमानन कंपनी के पास है। पुणे ग्रामीण पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में हताहत हुए यात्रियों की सटीक संख्या के बारे में जानकारी ली जा रही है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसा पुणे के ऐसे इलाके में हुआ है, जहां अत्यधिक बारिश होती है। फिलहाल हादसे के कारणों का पता नही लग सका है। पुणे ग्रामीण पुलिस ने बताया कि हेलीकॉप्टर में सवार चार लोगों में पायलट को चोटें आई हैं।

# भारत ने किया पहला पुन: प्रयोज्य हाइब्रिड रॉकेट रुमी का सफल प्रक्षेपण

**भारत ने हासिल की अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि**

**चेन्नई, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** तमिलनाडु में मोबाइल लॉन्चपैड से देश का पहला पुन: प्रयोज्य हाइब्रिड रॉकेट रुमी का प्रक्षेपण शनिवार सुबह सफलतापूर्वक हुआ। आज सुबह 07.07 बजे तीन क्यूब सैटेलाइट और 50 पिको सैटेलाइट ले जाने वाले रुमी रॉकेट का प्रक्षेपण ईसीआर पर चेंगलपेट के थिरुविदंधई तटीय गांव में मोबाइल लॉन्च पैड से हुआ जो भारत की अंतरिक्ष अन्-वेषण यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

मिशन के लिए सरकार, नागरिक उड्डयन, आईएएफ तांबरम और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से सभी आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद एक ट्रक पर लगे हाइड्रोलिक लॉन्चर का उपयोग करके प्रक्षेपण किया गया। तमिलनाडु की उभरती हुई एयरो-टेक कंपनी स्पेस ज़ोन इंडिया ने मिशन रुमी 2024 को तैयार किया है जो भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में



अपनी तरह का पहला मील का पत्थर साबित हुआ है। इस मिशन के माध्यम से कंपनी ने मोबाइल लॉन्चपैड पर भारत का पहला पुन: प्रयोज्य हाइब्रिड रॉकेट लॉन्च किया, जो दक्षता में सुधार और परिचालन लागत को कम करने के लिए तरल ऑक्सीडाइज़र और ठोस ईंधन प्रणोदक प्रणालियों दोनों के लाभों को मिलाकर प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करेगा।

स्पेस ज़ोन इंडिया के संस्थापक और सीईओ डॉ. आनंद मेगालिंगम ने कहा, यह मोबाइल लॉन्च सिस्टम हमें किसी भी स्थान से आसानी से विभिन्न लॉन्च परिदृश्यों के सटीक नियंत्रण की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि रुमी 1 रॉकेट तीन क्यूब उपग्रहों को लेकर गया, जिन्हें ब्रह्मांडीय विकिरण तीव्रता, यूवी विकिरण तीव्रता, वायु गुणवत्ता और अधिक सहित वायुमंडलीय स्थितियों पर डेटा की निगरानी और संग्रह करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। उन्होंने बताया कि रॉकेट ने 50 अलग-अलग पिको उपग्रहों को तैनात किया जिनमें से प्रत्येक कंपन, एक्सेलेरोमीटर रीडिंग, ऊंचाई, ओजोन स्तर, विषाक्त सामग्री और फाइबर के प्राकृतिक और सिंथेटिक आणविक बंधन जैसे वायुमंडलीय स्थितियों के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के लिए समर्पित है, जिससे पर्यावरणीय गतिशीलता के बारे में हमारी जानकारी बढ़ेगी। डॉ. आनंद मेगालिंगम ने कहा कि उपग्रह विभिन्न वायुमंडलीय स्थितियों पर निगरानी रखेंगे ▶10 पर

## जम्मू-कश्मीर के सोपोर में आतंकी ढेर, मुठभेड़ जारी

**सोपोर, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों ने आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान शनिवार को एक दहशतगर्द को मार गिराया है। जानकारी के मुताबिक सोपोर के राफियाबाद में सोपोर पुलिस और 32 राष्ट्रीय राइफल की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन चलाया हुआ है। फिलहाल सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और सर्च ऑपरेशन चलाया है। सूत्रों के मुताबिक अभी कुछ आतंकी छिपे हो सकते हैं। वहीं अभी मारे गए आतंकी की पहचान नहीं हो सकती है। पुलिस इसकी शिनाख्त करने में जुटी हुई है।

इससे पहले शुक्रवार को सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी सफलता लगी थी। सेना ने पीओके निवासी और लश्कर-ए-तैयबा आतंकी समूह के एक मददगार गिरफ्तार किया था, उसकी पहचान जहीर हुसैन शाह के रूप में हुई है। सुरक्षा बल ने उसे पुंछ में पकड़ा था।

## जेएनयू में आजादी-आजादी के नारे लगाने वाले कम्यूजिहादियों पर लगाम लगाए पुलिस: बंसल



**नई दिल्ली 24 अगस्त (एजेंसियां)।** विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में आजादी-आजादी के नारे लगाने को लेकर सवाल उठाया है और विश्वविद्यालय प्रशासन तथा दिल्ली पुलिस से ऐसी मानसिकता वाले विद्यार्थियों पर नकेल कसने की अपील की है।

श्री बंसल ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, देश के प्रतिष्ठित जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में कम्यूजिहादी आजादी-आजादी के नारे लगा कर उसे एक बार फिर बदनाम करने की कोशिश हुई है।

यहां एक कथित प्रदर्शन के दौरान देश विरोधियों ने हिंदू राष्ट्र से आजादी और रामराज्य से आजादी के नारे लगाए हैं। आशा है कि विश्व विद्यालय प्रशासन और दिल्ली पुलिस इनको और इनकी मानसिकता को सुधार कर बताएगा कि इससे आजादी प्राप्त कर आप जो भारत को अफगानिस्तान सीरिया और बंगलादेश बनाने का जो दिवास्वप्न देख रहे हैं, वह कभी पूरा नहीं होगा। गौरतलब है कि जेएनयू छात्र संघ के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को शिक्षा मंत्रालय तक रैली निकालने कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें विश्वविद्यालय परिसर के बाहर ही रोक लिया था।

एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने प्रदर्शन स्थल से 43 छात्रों को हिरासत में लिया और उन्हें थाने ले जाया गया, जहां से बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। विद्यार्थी छात्रवृत्ति राशि में वृद्धि, परिसर में जाति आधारित जनगणना, परिसर में विरोध प्रदर्शनों पर लगे प्रतिबंध को हटाने और विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने वाले छात्रों के खिलाफ शुरू की गई प्रॉक्टोरियल जांच को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

# रूस से कच्चा तेल खरीदने में भारत ने चीन को भी पीछे छोड़ा



**जुलाई माह में भारत के कुल आयात में रूसी कच्चे तेल का 44% हिस्सा रहा**

**नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** भारत रूस से कच्चा तेल आयात करने के मामले में जुलाई महीने में चीन से भी आगे निकल गया। आरटी डॉट कॉम ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। नई दिल्ली मास्को की ओर से दी गई छूट के कारण कच्चे तेल की खरीद बढ़ा रही है क्योंकि रूस पर यूक्रेन से संबंधित प्रतिबंधों के कारण पश्चिमी देशों को खुले तौर पर ऊर्जा निर्यात नहीं कर पा रहा है।

व्यापार और उद्योग स्रोतों से जुटाए गए भारतीय शिपमेंट के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई महीने में भारत के कुल आयात में रूसी कच्चे तेल का 44% हिस्सा रहा। भारत प्रति दिन 2.07 मिलियन बैरल प्रति दिन (बीपीडी) कच्चे तेल का आयात कर रहा है, जो जून की तुलना में 4.2% अधिक है और एक साल पहले की तुलना में 12% अधिक है। जुलाई में पाइपलाइनों और शिपमेंट के माध्यम से रूस ने चीन को कुल 1.76 मिलियन बीपीडी कच्चे तेल का निर्यात किया। चीनी सीमा शुल्क के आंकड़े इसकी पुष्टि करते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि चीनी रिफाइनरों द्वारा खरीद में यह गिरावट ईंधन के उत्पादन से कम लाभ मार्जिन के कारण दर्ज की गई है। पश्चिमी देशों की ओर से मॉस्को पर प्रतिबंध लगाने और यूक्रेन में संघर्ष के जवाब में अपने ऊर्जा आयात में कटौती करने के बाद भारतीय रिफाइनर फरवरी 2022 से रियायती रूसी तेल की खरीद बढ़ा रहे हैं।

एक भारतीय रिफाइनिंग सूत्र ने रॉयटर्स को बताया, रूसी तेल के लिए भारत की जरूरत तब तक बढ़ने वाली है जब तक कि प्रतिबंधों को और कड़ा नहीं किया जाता है। भारत की बढ़ती खरीद रूसी ईएसपीओ (पूर्वी साइबेरिया-प्रशांत महासागर तेल पाइपलाइन) के प्रवाह को बदल रही है। पारंपरिक चीनी खरीदारों के साथ रूस अब दक्षिण एशिया के कच्चे तेल के बाजार पर भी फोकस कर रहा है। शिपिंग डेटा के मुताबिक, भारत में ईएसपीओ आयात जुलाई में 188,000 बीपीडी तक पहुंच गया क्योंकि बड़े सुएजमैक्स जहाजों का उपयोग किया गया था। इराक पिछले महीने भारत का दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना रहा, इसके बाद सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का स्थान रहा। आंकड़ों से पता चला है कि मध्य पूर्व से भारत की कच्चे तेल की खरीद जुलाई में 4% बढ़ी, जिससे जून में भारत की कुल तेल खरीदारी में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी 38% से बढ़कर 40% हो गई।

**वायनाड भूस्खलन पर केरल हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी**

# यह मानवीय उदासीनता और लालच पर प्रकृति के पलटवार का उदाहरण




**केंद्र और राज्य सरकार को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश**

**वायनाड, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** केरल के वायनाड जिले में पिछले महीने मेप्पाडी के पास विभिन्न पहाड़ी इलाकों में आए भूस्खलन ने भारी तबाही मचा दी थी। इस प्राकृतिक आपदा के कारण सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है। अब इस घटना पर केरल हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। अदालत का कहना है कि 200 से अधिक लोगों की जान चली जाने की घटना मानवीय उदासीनता और लालच पर प्रकृति के पलटवार का उदाहरण है।

हाईकोर्ट ने कहा कि बहुत समय पहले ही चेतावनी के संकेत मिल गए थे, लेकिन हमने विकास के एजेंडे को पूरा करने के लिए उसे नजरअंदाज करना सही समझा। ऐसा मानना था कि यह विकास हमारे राज्य को आर्थिक समृद्धि की ऊंची राह पर ले जाएगा। अदालत ने आगे कहा कि साल 2018 और 2019 में आईं प्राकृतिक आपदाएं, लगभग दो साल तक बनी रहने वाली कोविड महामारी और हाल ही में हुई भूस्खलन की घटना हमारी गलतियों को दिखाता है।

न्यायमूर्ति एके जयशंकरन नांबियार और न्यायमूर्ति श्याम कुमार वीएम की पीठ ने वायनाड में 30 जुलाई को भूस्खलन के बाद अदालत द्वारा खुद शुरू की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, अगर हम अपने तरीके में सुधार नहीं लाए और सकारात्मक उपचारात्मक कार्रवाई नहीं की तो शायद बहुत देर हो जाएगी।

पीठ ने 23 अगस्त के अपने आदेश में कहा कि न्यायालय ने स्वत: संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका शुरू की थी, ताकि राज्य सरकार को केरल राज्य में सतत विकास के लिए अपनी वर्तमान धारणाओं पर आत्मनिरीक्षण करने तथा इस संबंध में अपनी नीति पर पुनर्विचार करने के लिए राजी किया जा सके।

अदालत ने कहा कि न्यायालय प्राकृतिक संसाधनों के दोहन, पर्यावरण, वन और वन्यजीवों के संरक्षण, प्राकृतिक आपदाओं के निवारण, प्रबंधन और न्यूनीकरण और सतत विकास लक्ष्यों के संबंध में राज्य की मौजूदा नीतियों का जायजा लेगा। इसके अलावा कोर्ट ने उन चरणों पर भी प्रकाश डाला, जिससे वह जनहित याचिका के लक्ष्यों को हासिल कर सकती है।

हाईकोर्ट ने कहा कि यह तीन चरणों से आगे बढ़ेगा। सबसे पहले राज्य में पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने के तरीके के बारे में वैज्ञानिक डाटा एकत्र करने पर केंद्रित होगा। उसके बाद उन्हें जिलेवार पहचानने और अधिसूचित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। पीठ ने यह भी कहा कि हम वायनाड जिले में बचाव, पुनर्वास और ▶10 पर

# गौतम स्वामी सरस्वती देवी महापूजन आयोजित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुड़ी के तत्वावधान में रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में रत्नत्रयी महोत्सव के अन्तर्गत शनिवार को मुनिराज श्री मलयप्रभसागरजी एवं साध्वी स्वर्णांजना श्रीजी की निश्रा में अनन्त लब्धि निधान श्री गौतम स्वामी जी सरस्वती महापूजन आयोजित किया गया। गुरु गौतम स्वामी की वेदिका पर बैठकर पूजन गिरधारी लाल, बाबूलाल, अशोक कुमार, महावीर मेहता परिवार मोकलसर – बेंगलूरु निवासी ने किया और श्रुतदेवी श्री सरस्वती देवी की वेदिका पर बैठकर पूजन गौतम चन्द, निकेश कुमार, आशीष कुमार बाफना परिवार गढ़ सिवाना – बेंगलूरु निवासी ने किया। मुनिराज मलयप्रभ सागर जी ने गौतम स्वामी के जीवन चरित्र और परमात्मा महावीर के प्रति उनका विनय भाव और समर्पण के बारे में बताया और कहा कि हमें भी गुरु गौतम के जीवन से सीख लेनी है और गौतम जैसा बनना है। हमारे जीवन में श्रुत ज्ञान होगा तो ही हमें लक्ष्मी की प्राप्ति होगी। लेकिन हम लक्ष्मी के पीछे भागते हैं। श्रुतदेवी सरस्वती की आराधना से सरस्वती के साथ अष्टलक्ष्मी का भी हमारे जीवन में प्रवेश होगा। रविवार को पाठशाला के बच्चों द्वारा सुन्दरनृत्य नाटिका स्वार्थी संसार की प्रस्तुति की जाएगी और आराधना भवन के लाभार्थी परिवारों का बहुमान किया जाएगा।

# सुखी होना है तो संतोष धारण करो: डॉ वरुणमुनि



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ राजाजीनगर के तत्व–ावधान में उप प्रवर्तक पंकजमुनि के सानिध्य में डॉ वरुणमुनि ने कहा कि जीवन में सुखी होना चाहते हो तो सदा संतोष को धारण करो। संतोषी व्यक्ति जीवन में सदा सुखी रहता हैं चूंकि उसकी जरूरतें हभेशा सीमित होती हैं। संतोष एक ऐसा स्वभाव है जो सदैव आनन्दित रहता है और अपने चारों ओर आनन्द ही आनन्द देखता है। खुश रहना जीवन का अभिन्न अंग है। परमात्मा ने सभी को खुश रहने का यह तोहफा दिया है। महाप–ुरुषों का जीवन देखोगे तो अपना जीवन सुधार जाएगा। संत को सुखी होना है तो अपने से ऊँचे संतों को देखे और श्रावक को सुखी होना है तो अपने से नीचे व्यक्ति को देखे। उन्होंने कहा कि मन में अगर संतोष की धारा होगी तो भाव यही आएगा कि जो प्राप्त है वही पर्याप्त है। दुखों से बचना चाहते हो तो तृष्णा से बचने का प्रयास करो और संतोष को जीवन में अपनाओं। जीवन में जब संतोष की धारा आ जाती है तो सुख का आगमन हो जाता है। तृष्णा की दौड़ में मत दौड़ो। इस दौड़ में सभी को हार ही होती है जीत कभी नहीं। मनुष्य की कामनाएं समुंदर के समान गहरी और आसमान के समान विशाल होती है। समुद्र की लहरों को गिना जा सकता है लेकिन इच्छाओं, कामनाओं को कभी नहीं। हमारी इच्छाएं आकाश के समान अनंत हैं। आकाश में जहां तक देखे अंत नहीं दिखेगा। मानव की इच्छा असीमित होती है। इच्छा, एक ऐसी भूख के समान है, जो कभी नहीं मिटती है। व्यक्ति के पास अथाह धन संपति होने के बाद भी संतुष्ट नहीं होता है। जीवन में इच्छा सीमित रखें, असीमित इच्छाएं दुख का कारण बनती है।



***बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।*** *कर्नाटक हाई कोर्ट के न्यायाधीश बिल्लप्पा ने शनिवार को अरसीकेरे एडवोकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष लोकेश कुमार, सचिव एस प्रकाश एवं एडी पुरुषोत्तम के साथ दक्षिण नाकोड़ा तीर्थ श्री संकट मोचन पार्श्व भैरव धाम पहुंचकर दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने शांत वातावरण की जमकर सराहना की। योगीराज शांतिसूरिश्वरजी के भी दर्शन किए। प्रसाद ग्रहण के बाद ट्रस्ट अध्यक्ष अशोक कुमार सुराना ने सभी का स्वागत किया।*



***बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।*** *जगद्गुरु श्री मनवाध्वाचार्य मूल महासंस्थानम श्री पद्मनाभ तीर्थ परंपरा श्री राघवेंद्र स्वामी के 353वें आराधना महोत्सव के उपलक्ष में चामराजपेट में आयोजित कार्यक्रम में महेंद्र मुणोत ने श्री राघवेंद्र स्वामी भगवान की विशेष पूजा अर्चना कर श्री सूजय निधि तीर्थ श्री पादंगला स्वामी से आशीर्वाद लिया।*

# कांचिनाडका में प्रस्तावित टोल प्लाजा के खिलाफ हुआ व्यापक विरोध प्रदर्शन

**उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो।** पदुबिद्री–बेलमन–करकला टोल गेट आंदोलन समिति द्वारा शनिवार को कांचिनाडका, पदुबिद्री में एक बड़ा विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में 500 से अधिक लोगों ने भाग लिया और पदुबिद्री–बेलमन–करकला राजमार्ग पर मौजूदा पदुबिद्री टोल गेट से मात्र 6 किमी दूर एक नया टोल प्लाजा स्थापित करने का विरोध किया। विरोध प्रदर्शन में एक औपचारिक कार्यक्रम के बाद कांचिनाडका से पदुबिद्री जंक्शन तक एक रैली निकाली गई, जिसमें प्रतिभागियों ने नए टोल प्लाजा को रद्द करने की मांग करते हुए नारे लगाए। आंदोलन समिति के अध्यक्ष सुहास हेगड़े ने कहा हमारे शहर में आए टोल गेट को हटाने के संघर्ष को इस तथ्य से बल मिला है कि सभी ने पार्टी की परवाह किए बिना हाथ मिलाया है। स्थापना को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है, लेकिन हमारा विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक टोल स्थापना स्थायी रूप से रद्द नहीं हो जाती। हम डीसी को ज्ञापन सौंपकर टोल प्लाजा को स्थायी रूप से हटाने का अनुरोध करेंगे। सांसद कोटा श्रीनिवास पुजारी ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने टोल गेट को अस्थायी रूप से रद्द करने का आदेश पहले ही जारी कर दिया है। लेकिन इस आदेश को हमेशा के लिए रद्द कर दिया जाना चाहिए और राज्य राजपत्र में प्रकाशित किया जाना चाहिए। हम इस पर जोर देने के लिए मंत्री से मिलेंगे। काउप विधायक गुरमे सुरेश शेट्टी ने कहा किसी बड़ी चीज की शुरुआत अक्सर एक छोटा कदम होता है। आज, सभी लोग 40 गांवों को प्रभावित करने वाले टोल प्लाजा के खिलाफ इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। भविष्य में टोल गेट आदेश को स्थायी रूप से समाप्त कर दिया जाएगा। फिलहाल, आदेश को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक गजट अधिसूचना द्वारा करकला–पदुबिद्री मार्ग पर टोल को रद्द नहीं कर दिया जाता। कांग्रेस नेता उदय शेट्टी मुनियाल ने सुहास हेगड़े के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा सुहास ने दिखाया है कि कैसे सभी को एकजुट होकर लोगों को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों का विरोध करना चाहिए। जब भी हम समस्याओं का सामना करेंगे, वे हमेशा आगे आएंगे। सभी को एकजुट होना चाहिए और टोल प्लाजा की स्थापना नहीं होने देनी चाहिए। पूर्व विधायक रघुपति भट ने कहा हम इस विरोध के लिए टैक्सी वालों के संघ का समर्थन करेंगे। टोल का सबसे बड़ा असर टैक्सी चालकों पर पड़ेगा। हमारा टैक्स कमर्शियल के रूप में वर्गीकृत है, इसलिए हमें कोई पास नहीं मिलता है और हमें टोल देना पड़ता है। अधिकारियों के पास टेंडर पास करते समय टोल के लिए नियम होते हैं, लेकिन इस 10 मीटर चौड़ी सड़क पर टोल लगाना अन्यायपूर्ण है। टोल लगाने से पहले विरोध प्रदर्शन करना सही है।



अगर इसे वापस नहीं लिया गया, तो यह भविष्य के लिए खतरा बन जाएगा, इसलिए हमें तब तक विरोध करना होगा जब तक कि यह आदेश स्थायी रूप से रद्द नहीं हो जाता। जेडी(एस) के जिला अध्यक्ष योगीश शेट्टी ने कहा अगर हम सार्वजनिक रूप से विरोध करते हैं, तो यह तुरंत जिम्मेदार व्यक्ति तक पहुंचेगा।

### हम कोई अस्थायी समाधान नहीं चाहते

यह विरोध उडुपी जिले में किसी भी टोल की स्थापना के खिलाफ है।

हम कोई अस्थायी समाधान नहीं चाहते हैं। हम चाहते हैं कि इसे स्थायी रूप से हटा दिया जाए। अगर हम अपना विरोध जारी रखते हैं, तो टोल स्थायी रूप से हटा दिया जाएगा। एमएलसी धनंजय सरजी ने टोल के समय की आलोचना करते हुए कहा आमतौर पर टोल सड़क की लंबाई के आधार पर खर्च की गई राशि की वसूली के लिए राजमार्गों पर लगाया जाता है। लेकिन यह सड़क 11 साल पहले बनी थी, और अब टोल लगाना निंदनीय है।

इस टोल के कारण कई छोटे–मोटे व्यवसायी और गरीब लोग परेशान होंगे। मुदरंगडी चर्च के पैरिश प्रीस्ट फादर फ्रेडरिक डिसूजा ने जोर देकर कहा यह लोगों के लिए हमारा विरोध है, लोगों के खिलाफ नहीं। यहां सभी की आत्मा है। कोई भी कानून लोगों की आत्मा के खिलाफ नहीं जा सकता। यहां टोल गेट नहीं लगाए जा सकते और न ही लगाए जाने चाहिए। हमारा कदम मानवता और न्याय की दिशा में है। मैं हमेशा आपके साथ हूं।

# माता–पिता एवं बड़ों का करें सम्मान



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अभातेमम द्वारा निर्देशित टी.दासरहल्ली तेरापंथ महिला मंडल द्वारा समृद्ध राष्ट्र योजना के अन्तर्गत चतुर्थ चरण संस्कारशाला खुशी का रास्ता कार्यशाला कालम्मा गवर्नमेंट स्कूल में आयोजित किया गया। जिसका विषय माता–पिता एवं बड़ों का सम्मान करना था। मंडल की बहनों ने जय जिनेंद्र से सभी छात्रों व शिक्षकों का अभिवादन किया। अध्यक्ष नेहा चावत ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया। कार्यशाला का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र से हुआ। तत्पश्चात् महाप्राण ध्वनि का प्रयोग करवाया गया। उपाध्यक्ष दीपिका गाँधी ने कहा कि हमें अपने माता–पिता और घर के बड़ों का सम्मान करना चाहिए। साथ ही हमारे विद्यालय में हमारे गुरुजनों का हमें सम्मान करना चाहिए। उनकी बात समझनी चाहिए। उनका आशीर्वाद हमारे जीवन में कवच बनकर हमारी सुरक्षा करता है। जिससे हम प्रेरणा ले की कैसे माता–पिता के आज्ञाकारी बालक हम बन सकते हैं। विद्यार्थियों ने इस विषय पर कविता लिखी। उनको सांत्वना पुरस्कार दिया गया। बच्चों में एकाग्रता बढ़ाने हेतु पुस्तक मुद्रा का प्रयोग उपाध्यक्ष दीपिका गाँधी, संगीता बोहरा, संगठन मंत्री सरोज मारू ने करवाया। साथ में शिक्षक ने भी किया और मंडल के इस काम की सराहना की। संयोजिका किरण मेहर ने सकारात्मकता के साथ कार्यशाला संपन्न करवाई। कुशल संचालन मंत्री नम्रता पितलिया ने किया।

# पानी सृष्टि का आधार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** गणेश बाग में विराजित श्री विनय मुनि जी खींचन ने कहा कि हमें जिनवाणी का श्रवण करते रहना चाहिए। भद्र–कल्याण हो सब प्राणी का, ऐसा श्रावण व भाद्रपद दोनों मासों का संकेत है। इन मासों में वर्षा का पानी बरसता है, जो वर्षभर की पूर्ति कर देता है। ये दो मास कृषक बादलों का इंतजार करते हैं। पानी सृष्टि का आधार है। चाहे मोती हो, इंसान हो या आटा हो, सभी को पानी चाहिए। इन सबमें धरती को जल चाहिए। फसल और शीतलता दोनों होगी। इंसान को यश कीर्ति चाहिए। आटे की रोटी तभी बनेगी जब पानी होगा। अच्छी फसल तभी होगी जब पानी पर्याप्त मिलेगा। ठीक वैसे ही इंसान में सद्गुणों की अच्छी फसल तभी होगी जब नैतिक व अध्यात्म रंग में भीनी जिनवाणी की वर्षा होगी। इस मौके पर कुन्नूर से उर्मिला बाई, हेमराज लुणावत, ऊटी से खुशी–कुमार यश बोधरा, राजाजीनगर से दिनेश कटारिया, रमेश, दीपक संचेती आदि लोग मौजूद थे। यह सूचना गणेशबाग संघ के महामंत्री संपतराज मांडोत ने दी।

# एचडी रेवन्ना और प्रज्वल के मामले में एसआईटी ने दाखिल किया आरोप–पत्र

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दुष्कर्म और उनके पिता व विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में आपराधिक जांच विभाग के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। प्रज्वल के खिलाफ चार मामलों की जांच कर रही एसआईटी ने कहा कि 2000 से अधिक पन्नों के आरोप पत्र में करीब 150 गवाहों के बयान शामिल हैं। जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत में पेश किया गया आरोप पत्र परिवार की घरेलू सहायिका पर कथित यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों में से एक से जुड़ा है। आरोप पत्र में मौके पर जाकर निरीक्षण, जैविक, भौतिक, वैज्ञानिक, मोबाइल, डिजिटल और अन्य प्रासंगिक साक्ष्य शामिल हैं। इन सभी को जांच के दौरान इकट्ठा किया गया था। इसके अलावा आरोप पत्र दाखिल करने से पहले विशेषज्ञों की भी राय ली गई। पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा के बेटे विधायक रेवन्ना पर आईपीसी की धारा 354 और 354 (ए) के तहत आरोप लगाए गए हैं। वहीं, उनके 33 वर्षीय बेटे प्रज्वल पर आईपीसी की धारा 376, 376 (2) (के), 354, 354 (ए) और 354 (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।



पिता–पुत्र के खिलाफ पहली शिकायत उनके घर पर काम करने वाली घरेलू सहायिका के आरोप के आधार पर दर्ज की गई थी। पीड़िता विधायक की पत्नी भवानी की रिश्तेदार भी थी। उसने आरोप लगाया कि उसके साथ कई बार यौन उत्पीड़न किया गया। प्रज्वल ने हाल ही में हासन से एनडीए उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ा था और हार गए थे। 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले सोशल मीडिया पर कई अश्लील वीडियो वायरल हुए थे। इसमें कथित तौर पर प्रज्वल पर कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा था। इसके बाद कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने जांच की मांग की थी और कांग्रेस सरकार को पत्र लिखा था। इसके बाद सरकार ने जांच के आदेश दिए थे।

# मद आत्मा के पतन का कारण : राजेशमुनि जी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** शांति नगर स्थित लुणावत जैन स्थानक भवन में मद के विषय पर प्रवचन करते हुए राजेश मुनि जी ने फरमाया कि मद हमेशा आत्मा के पतन का कारण बनता है। हमें हर कार्य ऐसा करना चाहिए जिससे हमारी आत्मा का उत्थान हो सके। पाप कर्मों के कारण आत्मा भारी बन जाती है। वर्तमान समय में मनुष्य भौतिक सुख साधनों की प्राप्ति के लिए जी जान लगा रहा है, लेकिन जब तक आत्मिक सुखों की प्राप्ति नहीं होगी तब तक मोक्ष मिलना असंभव है।

मुनि ने कहा कि यह चाहते हो कि भविष्य में भी हमें सुखों की प्राप्ति हो तो सुखों को मद के वशीभूत होकर नहीं भोगना चाहिए। हमें मानना चाहिए कि जो भी मिला है यह हमारे कर्मों का फल और भगवान का प्रसाद है। सुख को समभाव से भोगना चाहिए। आत्मिक सुखों की प्राप्ति के लिए देव भक्ति, गुरु भक्ति , संयम, स्वाध्याय, तप, दान आदि करना चाहिए। इसके पहले ऋषभ मुनि जी ने भावपूर्ण गीत के माध्यम से गुरु का गुणगान किया। दिल्ली से भी श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। संचालन संघ मंत्री छगनमल लुणावत ने किया।

# मंत्री ने लंबित विवाद मामलों का समाधान न करने के लिए अधिकारियों को आड़े हाथों लिया



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने उप–मंडल अधिकारियों की अदालतों में लंबित विवाद मामलों का समाधान न करने के लिए अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। मंत्री ने सहायक आयुक्तों से कहा अधिकारियों को पैसा कमाने के लिए चुनाव बाधा नहीं लगते, लेकिन सार्वजनिक सेवा के लिए वे इसका बहाना बनाते हैं। उन्होंने कहा कि वे अदालतों में लंबित विवाद मामलों को निपटाने से बचने के लिए चुनाव ड्यूटी का बहाना बनाते हैं। लोग बार–बार एसी अदा–लतों में जाते हैं। हम पिछले एक साल से पूरे राज्य में बैठकें कर रहे हैं, सभी अधिकारियों को ऐसे मामलों को सुलझाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं। लेकिन मार्च के बाद से, गति फिर से धीमी हो गई है। उन्होंने मांड्या, चिक्कबल्लापुर, चिक्कमगलूरु, तुमकुरु, कोप्पल, मैसूरु, मेंगलूरु और बेलगावी जिलों के चुनिंदा एसी और जोनल कमिश्नरों के साथ एक वीडियो–कॉन्फ्रेंस की। मंत्री ने उन्हें बताया कि मार्च तक मामलों का तेजी से निपटारा किया जा रहा था, लेकिन उसके बाद से यह रुका हुआ है। उन्होंने अधिकारियों पर बरसते हुए कहा कि जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी के कारण ऐसा हुआ है। राजस्व विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, राज्य भर की एसी अदालतों में 36,430 मामले लंबित हैं। इनमें से सबसे अधिक 5,419 मामले बेंगलूरु उत्तर क्षेत्र में हैं, जबकि 4,351 मामलों के साथ बेंगलूरु दक्षिण क्षेत्र दूसरे स्थान पर है।

उन्होंने कहा इसके अलावा, दोनों क्षेत्रों के अधिकारियों ने 65 प्रतिशत से अधिक मामले दर्ज किए हैं जो उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। मामलों का निपटारा कछुए की गति से हो रहा है। बेंगलूरु उत्तर संभाग के अधिकारी प्रमोद पाटिल और बेंगलूरु दक्षिण संभाग के अधिकारी रजनीकांत चौहान पर अपनी नाराजगी जताते हुए उन्होंने उनसे पूछा आपने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर अवैध रूप से मामले दर्ज किए हैं। ऐसा करने के लिए आपने कितने पैसे लिए? उन्होंने उन्हें चेतावनी भी दी कि अगर हम विनम्रता से बात करते हैं, तो यह आप तक नहीं पहुंचता। ऐसा लगता है कि हमें आपकी भाषा में जवाब देने की जरूरत है।

# जातिगत असमानता के संरक्षकों ने महात्मा गांधी की हत्या की: सिद्धरामैया





## एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने शनिवार को कहा कि जातिगत असमानता के संरक्षकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या की। शनिवार को शहर के गांधी भवन में गांधी स्मारक निधि की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर 21वीं सदी के लिए महात्मा गांधी विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करने के बाद बोलते हुए उन्होंने कहा कि जाति व्यवस्था के कारण लोगों का एक बड़ा वर्ग शिक्षा से वंचित है। सिद्धरामैया ने दुख जताया कि अधिक से अधिक शिक्षित व्यक्ति जातिवादी बन रहे हैं और लोगों के एक बड़े वर्ग को शिक्षा सुविधाओं से वंचित करना बढ़ती असमानता के लिए जिम्मेदार है। जातिगत असमानता के संरक्षकों ने ही महात्मा गांधी की हत्या की। जाति व्यवस्था के कारण कई लोग शिक्षा से वंचित हैं, जिसके परिणामस्वरूप असमानता बढ़ी है। यह विडंबना है कि शिक्षित लोग अधिक जातिवादी बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा महात्मा गांधी के विचार और विचारधारा 20वीं सदी तक सीमित नहीं थे, बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक हैं, खासकर वर्तमान स्थिति में। गांधी ने अपनी सोच और विचारधारा तथा शांति, सत्य, न्याय और भाईचारे के शाश्वत मूल्यों का पालन किया। उन्होंने कहा अगर सभी लोग गांधी के सिद्धांतों, दर्शन और सोच का पालन करें और सभी लोग शांति, सौहार्द और खुशी से रह सकें, तो दुनिया बहुत बेहतर होगी।

### आधुनिक भारत के निर्माण का सपना

भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने वैज्ञानिक सोच और अच्छी शिक्षा के आधार पर आधुनिक भारत के निर्माण का सपना देखा और इसके लिए काम किया, जबकि महात्मा गांधी ने शांति और अहिंसा का प्रचार किया। समानता, समान अवसर और सार्वभौमिक भाईचारा हमारे शाश्वत आदर्श और मूल्य हैं। दुर्भाग्य से, देश की संपत्ति अमीरों और संपन्न लोगों के पास केंद्रित है। मुश्किल से 1 प्रतिशत अमीरों और संपन्न लोगों ने देश की 85 प्रतिशत संपत्ति पर कब्जा कर रखा है, जिसे बदलने की जरूरत है और सभी के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करना होगा, खासकर दलित और शोषित वर्गों के कल्याण पर। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि कांग्रेस सरकार कांग्रेस पार्टी के बेलगावी अधिवेशन के शताब्दी समारोह को आयोजित करने के लिए दृढ़ संकल्प है, जिसकी अध्यक्षता महात्मा गांधी ने की थी। गांधी स्मारक निधि के अध्यक्ष रामचंद्र राही ने अध्यक्षता की और कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एच के पाटिल, विशु कुमार और अन्य लोग समारोह में शामिल हुए।

सिद्धरामैया ने प्रसिद्ध अंग्रेजी सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी और विचारक स्टीफन हॉकिंग के शब्दों को याद किया, कि मनुष्य को अन्य ग्रहों पर सुख और शांति की तलाश करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आपसी सहिष्णुता, सह-अस्तित्व और भाईचारे की भावना को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा जातिवाद और सांप्रदायिकता मानव जाति के लिए बुराइयाँ हैं और कवि कुवेम्पु द्वारा प्रतिपादित विश्वमानव या वैश्विक नागरिक बनने के लिए सार्वभौमिक भाईचारे की भावना को आत्मसात करने की आवश्यकता की वकालत की। उन्होंने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण हमारी जरूरतों और आवश्यकताओं को पूरा करते हैं और कभी भी अन्य मनुष्यों के खिलाफ बुरे इरादों का समर्थन नहीं करते हैं। उन्होंने कहा हम सभी को अपने दृष्टिकोण और व्यवहार में सहिष्णु, धर्मनिरपेक्ष और उदार होने की आवश्यकता है। केरल के वायनाड और देश के अन्य हिस्सों में हुई हाल की प्राकृतिक आपदाएँ मनुष्यों द्वारा पृथ्वी के अत्यधिक दोहन के कारण थीं। सिद्धरामैया ने कहा कि कई लोगों ने भविष्यवाणी की थी कि अगर वह मुख्यमंत्री बने तो कर्नाटक में सूखे की स्थिति पैदा हो जाएगी और दुर्भाग्य से ऐसे लोगों के लिए, राज्य में अब भरपूर बारिश हो रही है और लगभग सभी जलाशय पानी से भरे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने खेद व्यक्त किया कि बड़ी संख्या में शिक्षित लोग अंधविश्वास और अन्य कर्म विचारधारा का पालन कर रहे हैं, जो मुख्य रूप से वैज्ञानिक शिक्षा की कमी के कारण है।

## कांग्रेस पार्टी के अंदर ही मुख्यमंत्री को गिराने की चल रही साजिश: आर अशोक



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा कि विपक्ष राज्य की कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश नहीं करेगा, बल्कि पार्टी के अंदर ही मुख्यमंत्री को गिराने की साजिश चल रही है। न तो भाजपा और न ही जेडीएस इस सरकार को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। हम विपक्ष के रूप में सरकार की विफलता के खिलाफ लड़ रहे हैं।

सत्ताधारी दल में ही दुविधा साफ दिख रही है। उन्होंने पूछा कि अगर सरकार अस्थिर हो जाए तो हम क्या कर सकते हैं। कांग्रेस पार्टी में इस बात पर चर्चा चल रही है कि सिद्धरामैया के बाद किसे सीएम बनाया जाए। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, गृह मंत्री परमेश्वर, एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मंत्री एम.बी. पाटिल, सतीश जारकीहोली, जमीर अहमद समेत कई लोग इधर-उधर भाग रहे हैं। भाजपा और जेडीएस सरकार नहीं गिराएंगे। उन्होंने कभी नहीं कहा कि हम कभी सरकार गिराएंगे। किसी कांग्रेस विधायक से भी मुलाकात नहीं की। उन्होंने आलोचना की कि उनकी पार्टी में सीएम सीट के लिए कुर्सी चल रही है। वे पानी बिल की दर बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह संविधान का विरोध नहीं है जिसने जनता के विरोध के बावजूद जल बिल दर बढ़ाने का फैसला किया है। अगर वे जनता का मजाक उड़ाएंगे तो वे कांग्रेस को सबक सिखाएंगे। कांग्रेस को बेंगलूरु के लोगों के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि पानी उपलब्ध कराना सरकार का कर्तव्य है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हम किसी भी कारण से बहुमत वाली कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने का प्रयास नहीं करेंगे। लेकिन अगर वे अपने आंतरिक संघर्ष से अस्थिर हैं, तो हम क्या कर सकते हैं?

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने कांग्रेस को पांच साल तक शासन करने के लिए 136 सीटें दी हैं। उन्होंने कहा कि बहुमत वाली सरकार को अस्थिर करना इतना आसान नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सचिव बीएल संतोष समेत किसी ने भी इसकी कोशिश नहीं की। सिद्धरामैया अपनी गलतियों पर पर्दा डालने के लिए केंद्र सरकार पर दोष मढ़ने की कोशिश कर रहे हैं।

करकला बलात्कार मामला

## आरोपी और पीड़िता इंस्टाग्राम के जरिए जुड़े थे : उडुपी एसपी



**उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो।**

उडुपी जिले के करकला में एक युवक ने 21 वर्षीय युवती को कथित तौर पर नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ बलात्कार किया। घटना पर बोलते हुए उडुपी जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ. अरुण कुमार ने कहा आरोपी और पीड़िता पिछले तीन महीनों से इंस्टाग्राम के जरिए एक-दूसरे को जानते थे। हमने मामला दर्ज कर लिया है और कानूनी प्रोटोकॉल के अनुसार उचित प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है।

मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ. अरुण कुमार ने घटना का ब्योरा देते हुए कहा आरोपी अल्ताफ ने पीड़िता को एक निश्चित स्थान पर बुलाया। जब वह वहां पहुंची तो उसका अपहरण कर लिया गया और उसे नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि इस दौरान उसके साथ बलात्कार किया गया। अल्ताफ और एक अन्य आरोपी जुबैरा, जिसने पेय और बीयर की बोतलें सप्लाई की थीं, को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए दो वाहन भी जब्त कर लिए गए हैं। पीड़िता को मणिपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अयप्पा नगर के कुकुंदूर में एक घर के पास हुई इस घटना ने स्थानीय समुदाय को झकझोर कर रख दिया। कथित तौर पर युवती को चार लोगों के एक समूह ने अगवा कर लिया, उसे नशीला पदार्थ दिया और उसका यौन उत्पीड़न किया। बाद में उसे बेहोश पाया गया और उसे तालुक के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस जघन्य अपराध में अल्ताफ और उसके तीन अन्य साथियों के शामिल होने की बात सामने आई है। कथित तौर पर हमला करने के बाद अपराधियों ने शाम को युवती को उसके घर के पास छोड़ दिया और फिर घटनास्थल से भाग गए। इस घटना से लोगों में आक्रोश फैल गया है और विभिन्न दक्षिणपंथी संगठनों के नेता और कार्यकर्ता करकला पुलिस स्टेशन में अपना गुस्सा जाहिर करने और न्याय की मांग करने के लिए एकत्र हुए हैं।

## दशहरा हाथियों का वजन जांचा गया, हावड़ा हाथी अभिमन्यु का वजन सबसे अधिक

**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

महलों के शहर मैसूरु में धन्वंतरि रोड पर 59 साल पुराने लॉरी तौल पुल पर शनिवार सुबह दशहरा जंबो का वजन जांचा गया। इस साल दशहरा जंबू सवारी जुलूस में पांचवीं बार स्वर्ण हावड़ा लेकर चलने वाले अभिमन्यु का वजन सबसे अधिक 5560 किलोग्राम था। अन्य दशहरा हाथियों धनंजय का वजन 5155 किलोग्राम, गोपी-4970 किलोग्राम, भीम-4945 किलोग्राम, एकलव्य-4730 किलोग्राम, कंजन-4515 किलोग्राम, रोहित-3625 किलोग्राम, वरलक्ष्मी-3495 किलोग्राम, लक्ष्मी-2480 किलोग्राम था। पिछले साल दशहरा के बाद जब वे मैसूरु से अपने-अपने वन शिविरों के लिए निकले थे, तब अभिमन्यु का वजन 5460 किलोग्राम था और अब उसका वजन 100 किलोग्राम बढ़ गया है। भीम का वजन 4870 किलोग्राम था और उसका वजन 75 किलोग्राम बढ़ गया है। वरलक्ष्मी का वजन 3225 किलोग्राम था और उसका वजन 270 किलोग्राम बढ़ गया है। धनंजय का वजन 5180 किलोग्राम था और उसका वजन 25 किलोग्राम कम हो गया है। गोपी का वजन 5240 किलोग्राम था और उसका वजन 270 किलोग्राम कम हो गया है। कंजन का वजन 4505 किलोग्राम था और उसका वजन 10 किलोग्राम कम हो गया है। रोहित का वजन 3620 किलोग्राम था और उसका वजन पांच किलोग्राम कम हो गया है। एक छोटी सी पूजा के बाद, हाथियों ने सुबह करीब 8 बजे मैसूरु पैलेस के उत्तरी द्वार से तौल पुल की ओर मार्च करना शुरू कर दिया। उनके आगे चलने वाले एस्कॉर्ट वाहन से जुड़ा एक चुंबकीय मेटल डिटेक्टर/स्कैनर यह सुनिश्चित करने के लिए कीलों या किसी भी धातु की जांच कर रहा था कि वे हाथियों के पैरों में चुभें नहीं। पुलिस और यातायात पुलिस ने उनका अनुरक्षण किया, उनकी सुरक्षा की और उनके लिए यातायात भी साफ किया।



तौल पुल तक 3 किमी के पूरे मार्ग में, हाथियों की एक झलक पाने के लिए रुकने वाले लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने हमेशा की तरह वीडियो, फोटो और सेल्फी भी क्लिक कीं। देवराज बाजार में कई फूल विक्रेताओं ने दशहरा मेहमानों को फूल भेंट किए। वन अधिकारी डीसीएफ (वन्यजीव) आई बी प्रभु गौड़ा, आरएफओ संतोष हुगर, पशु चिकित्सक मुजीब उर रहमान और अन्य वन विभाग के कर्मचारी उनके साथ थे। इस बीच, महल परिसर में दशहरा हाथियों के लिए विशेष पौष्टिक भोजन तैयार करने के लिए एक विशाल जंबो रसोई तैयार की गई है, ताकि उन्हें विजयादशमी जुलूस के लिए तैयार किया जा सके। पशु चिकित्सा सहायक रंगाराजू के नेतृत्व में रसोइये ज्वार, मूंग, काला चना, गेहूं, सब्जियां, प्याज नमक के साथ उबले हुए चावल तैयार करते हैं। वे इसे प्रत्येक हाथी को कम से कम आधा किलो मक्खन के साथ सुबह प्रशिक्षण से पहले और शाम को प्रशिक्षण के बाद परोसते हैं। इसके अलावा, सुबह प्रशिक्षण के बाद और शाम को प्रशिक्षण से पहले, वे हाथियों को कुसरे-धान, नारियल, गुड़, मूंगफली की खली और गन्ना घास-फूस से भरकर खिलाते हैं। दिन में, हाथी हरी घास और शाखा चारा (बरगद के पेड़ के पत्ते) खाते हैं।

## पानी के उच्च दबाव के कारण गहरे समुद्र में मछली पकड़ने की प्रक्रिया रुकी

**उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो।** गहरे समुद्र में बुधवार से चल रही तेज हवाएँ शुक्रवार रात तक जारी रहीं, जिससे दक्षिण कन्नड़, उडुपी और उत्तर कन्नड़ जिलों में मछली पकड़ने वाली नावें बाहर नहीं निकल पाईं। दक्षिण से उत्तर की ओर चल रही तेज हवाओं और पानी के उच्च दबाव के कारण गहरे समुद्र में मछली पकड़ना असंभव हो गया है। नतीजतन, पर्स सीन और 370 छोटी ट्रॉल नावें अपने-अपने मछली पकड़ने वाले बंदरगाहों में लंगर डाले हुए हैं, जबकि समुद्र में पहले से मौजूद नावें पास के बंदरगाहों में शरण ले रही हैं। डीप सी फिशरमैन एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष मेंडन के अनुसार, मालपे बंदरगाह से कई नावें कारवार बंदरगाह पर और मेंगलूरु से पर्स सीन नावें मालपे बंदरगाह पर लंगर डाले हुए हैं। नए मछली पकड़ने के मौसम की शुरुआत में खराब मौसम ने मछली पकड़ने वाले समुदाय के उत्साह को कम कर दिया है। हालांकि, उन्हें उम्मीद है कि एक या दो दिन में स्थिति में सुधार होगा, जिससे वे अपनी गतिविधियाँ फिर से शुरू कर पाएँगे।

अड्डूर पर दुश्मन देश वाली टिप्पणी का मामला

## एमजी हेगड़े ने विधायक डॉ भरत शेट्टी की आलोचना की

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कांग्रेस प्रवक्ता एम जी हेगड़े ने शहर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा विधायक डॉ भरत शेट्टी की उनके हालिया बयान के लिए तीखी आलोचना की, जिसमें उन्होंने गुरपुर गांव के अड्डूर को दुश्मन देश का हिस्सा बताया था। हेगड़े ने इस तरह के बयान के निहितार्थ पर सवाल उठाते हुए पूछा अगर मेंगलूरु में 'दुश्मन देश का हिस्सा' है, तो कौन जिम्मेदार है? यह केंद्र सरकार और रक्षा मंत्रालय की पूरी तरह विफलता को दर्शाता है। इस तरह का बयान भारतीय सेना और सरकार का अपमान है। मेंगलूरु के एक हिस्से को दुश्मन देश का हिस्सा बताकर डॉ भरत शेट्टी ने प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और सभी भारतीयों का अपमान किया है। उन्हें इस तरह की लापरवाह टिप्पणी के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। हेगड़े ने भाजपा के कार्यकाल में अवैध गतिविधियों से जुड़े मुद्दे भी उठाए और कहा आपकी पार्टी के शासन के दौरान ग्रीन ट्रिब्यूनल ने अवैध रेत खनन और उत्खनन के लिए 50 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। यह जुर्माना क्यों लगाया गया? इसमें कौन ठेकेदार शामिल है? गुरुपुर पुल के दोनों ओर अवैध रेत के टीले हैं, वे किसके हैं? कांग्रेस ने इन मुद्दों के खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ी है। उन्होंने ऐसे बयानों के संभावित परिणामों के बारे में चेतावनी देते हुए कहा अगर आप इस तरह की बातें करेंगे, तो इससे हिंसा भड़क सकती है, लेकिन आखिर में कौन लड़ेगा? न आप और न ही मैं, बल्कि निर्दोष युवा लड़ेंगे। अगर अड्डूर वाकई दुश्मन देश का हिस्सा बन गया है, तो इसकी सूचना जिला प्रशासन को क्यों नहीं दी गई? डॉ. भरत शेट्टी को अड्डूर के चार मतदान केंद्रों से 1,000 वोट मिले, क्या इसका मतलब है कि उन्हें दुश्मन देश के नागरिकों से वोट मिले? हेगड़े ने कुछ विधायकों की बयानबाजी की आलोचना करते हुए कहा केवल मेंगलूरु उत्तर और मेंगलूरु शहर के विधायक ही बेबुनियाद बयान दे रहे हैं। वे अपनी प्रासंगिकता जताना चाहते हैं। इस बीच, एक नया उम्मीदवार स्थानीय सांसद के साथ घूम रहा है। उत्तर में शेट्टी महिला है, यही वजह है कि डॉ. भरत हमेशा अपनी मौजूदगी दिखाने के लिए अल्पसंख्यकों को निशाना बनाते हैं। उन्होंने जांच की मांग करते हुए कहा कर्नाटक गृह विभाग को विधायक डॉ. भरत शेट्टी से जांच करानी चाहिए कि कैसे अड्डूर दुश्मन देश का हिस्सा बन गया है। अगर अल्पसंख्यक भाजपा का समर्थन करते हैं, तो उन्हें भारतीय कहा जाता है, लेकिन ऐसा नहीं है, वे उनके जैसे राष्ट्रवादी नहीं हैं। भाजपा ने अयोध्या के लोगों के खिलाफ भी शिकायत की है कि उन्होंने उन्हें वोट नहीं दिया। भाजपा में किसी को कामथ और डॉ. भरत को विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की सलाह देनी चाहिए।



# मुख्यमंत्री ने बीडब्ल्यूएसएसबी जल शुल्क वृद्धि के बाद बस किराए में वृद्धि के दिए संकेत

### राज्य मंत्रिमंडल में इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक में जल्द ही बस किराया वृद्धि की संभावना है। लेकिन, इसकी मात्रा और तिथि पर निर्णय लिया जाना बाकी है। यहां शनिवार को मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने इसके संकेत दिए। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बस किराया भी पानी के शुल्क की तरह ही बढ़ाया जाएगा, जिसे कई वर्षों से नहीं बढ़ाया गया है और बेंगलूरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूडब्ल्यूएसबी) को इसे प्रबंधित करने में कठिनाई हो रही है। बेंगलूरु विकास और सिंचाई विभागों का नेतृत्व कर रहे उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि पानी के शुल्क में वृद्धि अपरिहार्य है। कांग्रेस सरकार ने पहले ही राज्य में नंदिनी दूध के साथ-साथ पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अभी तक बीडब्ल्यूएसएसबी द्वारा पानी के शुल्क और बस किराए में वृद्धि को अंतिम रूप नहीं दिया है, जिस पर संबंधित व्यक्तियों द्वारा चर्चा की जा रही है। यह पूछे जाने पर कि क्या राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा राज्य विधानमंडल द्वारा पारित



#### पानी के शुल्क में वृद्धि अपरिहार्य

ज्ञातव्य है कि पेट्रोल और डीजल के साथ-साथ नंदिनी दूध की कीमतों में वृद्धि के बाद, कांग्रेस सरकार अब बेंगलूरु में पानी के शुल्क की दरों में वृद्धि करने जा रही है। यह संकेत उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने दिया, जो बेंगलूरु विकास और जल संसाधन विभागों को भी संभाल रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को विधान सौधा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि पिछले 12 से 13 वर्षों के दौरान बेंगलूरु में पानी के शुल्क में वृद्धि नहीं की गई है और बेंगलूरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) बड़ी कठिनाइयों के साथ वित्त का प्रबंधन कर रहा है। इस प्रकार उन्होंने संकेत दिया कि पानी के शुल्क में वृद्धि अपरिहार्य हो गई है। शिवकुमार ने कहा कि बीडब्ल्यूएसएसबी पानी के शुल्क में वृद्धि करेगा। इसका विरोध होने पर भी हम आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि बेंगलूरु के 1.40 करोड़ लोगों को पीने का पानी दिया जाना है। बीडब्ल्यूएसएसबी ऋण लेकर और कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करके जीवित नहीं रह सकता है। बोर्ड बिजली खपत शुल्क को पूरा करने में सक्षम नहीं होगा। इसलिए, पानी के शुल्क में वृद्धि अपरिहार्य हो गई है।

विधेयकों को लौटाए जाने के कारण सरकार और राजभवन के बीच टकराव की स्थिति बन रही है, उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने छह विधेयक लौटाए हैं। उन्होंने कहा हम भविष्य की रणनीति तय करने के लिए राज्य मंत्रिमंडल में इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे क्योंकि विधेयक पहले ही राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों द्वारा पारित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर सहित कुछ अन्य मंत्रियों के साथ कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं को राज्यपाल द्वारा मुडा साइट आवंटन मामले में अभियोजन की अनुमति दिए जाने से उत्पन्न स्थिति के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर राज्य मंत्रिमंडल के निर्णय के बारे में भी बताया गया है।

उन्होंने बताया कि पार्टी हाईकमान ने राज्य सरकार को अपना पूरा समर्थन देने की पुष्टि की है। यह पूछे जाने पर कि क्या राज्यपाल गहलोत के खिलाफ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर ज्ञापन सौंपने के प्रस्ताव पर हाईकमान के साथ चर्चा हुई है, उन्होंने कहा हमने सभी मुद्दों पर चर्चा की है।

सभी संभावनाओं की गुंजाइश है। केपीएससी परीक्षाओं में भ्रम के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि कोई भ्रम नहीं है। उन्होंने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी के दिन होने वाली परीक्षा की तिथि स्थगित कर दी गई है।

विधानसभा में विपक्ष के उपनेता का आरोप

# कर्नाटक में मंदिर विकास के लिए निर्धारित निधि में की जा रही कटौती

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** विधानसभा में विपक्ष के उपनेता अरविंद बेलाड ने कर्नाटक में मंदिरों के विकास कार्यों को रोकने और मुजराई निधि में कटौती करने के लिए कांग्रेस सरकार पर हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाया है।



शुक्रवार शाम को धारवाड़ में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने इसे कांग्रेस सरकार की तुष्टीकरण की राजनीति का हिस्सा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर के बुनियादी ढांचे और विकास के लिए निर्धारित निधि में कटौती करके सरकार सांस्कृतिक पहचान को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। बेलाड ने कहा ये मंदिर केवल पर्यटन स्थल नहीं हैं, बल्कि लाखों हिंदुओं के लिए पवित्र हैं। हमारी आस्था के इन स्तंभों का सम्मान करने के बजाय, कांग्रेस सरकार हिंदू मान्यताओं और परंपराओं का अपमान कर रही है। यह हिंदुओं पर एक सुनियोजित हमला है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार मंदिर विकास के लिए निधि में कटौती करने के अपने आदेश को वापस लेने में विफल रहती है, तो पार्टी राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होगी। बेलाड ने शहरी विकास मंत्री बैरती सुरेश पर कथित मुडा घोटाले से संबंधित दस्तावेजों को ले जाने और उन्हें छिपाने के लिए मैसूरु के लिए एक चार्टर्ड विमान लेने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ संबंधित दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ की गई है। कथित मुडा मुद्दे को 5,000 करोड़ रुपये का घोटाला बताते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने अपने करीब 800 लोगों को करीब 800 आवासीय भूखंड दिलवाए हैं। पुलिस पर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए बेलाड ने कहा कि चूंकि कांग्रेस ने पुलिस अधिकारियों के तबादलों के जरिए पैसा कमाया है, इसलिए वह चोरी, नशीले पदार्थों की आपूर्ति और देह व्यापार में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने में असमर्थ है।

कुंडापुर हत्या मामला

# रील वीडियो की लत के चलते पति ने की पत्नी की हत्या

**उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो।** रील वीडियो बनाने की पत्नी की लत को लेकर वैवाहिक विवाद दुखद रूप से समाप्त हो गया, क्योंकि पति ने शुक्रवार को सालिग्राम के पास करकड़ा में शादी के महज आठ महीने बाद कथित तौर पर पत्नी की हत्या कर दी। मृतक जयश्री (31) बीदर के दोनागापुरा की रहने वाली थी, जिसका विवाह किरण उपाध्याय (44) से हुआ था, जो मंदिरों में सहायक रसोइया था और गुंडमी, सस्तान का निवासी था। कथित तौर पर जयश्री रील वीडियो बनाने की आदी थी, जिसमें अक्सर वह खुद या कभी-कभी अपने पति के साथ दिखाई देती थी और उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर करती थी। इन वीडियो में खुश और सौहार्दपूर्ण दिखने के बावजूद, दंपति के रिश्ते में तनाव था। जयश्री कथित तौर पर ऑनलाइन शॉपिंग की भी आदी थी, जिसमें वह हजारों रुपये खर्च करती थी, जिससे तनाव और बढ़ गया। वह अक्सर अपने पति से एक बड़ा घर, एक लग्जरी कार और बड़ी रकम की मांग करती थी, जिससे अक्सर बहस होती थी। जयश्री, जो बीदर में पंचमसाली समुदाय से थी, मंदिर के पुजारियों के परिवार से थी।

उसकी शादी पहले मेंगलूरु के एक व्यक्ति से हुई थी, जिसकी बाद में मृत्यु हो गई।

किरण से शादी करने के बाद, दंपति दो महीने के भीतर अपने-अपने घर छोड़कर चले गए और करकड़ा में एक परिचित के किराए के मकान में रहने लगे। ऐसा कहा जाता है कि वे अक्सर सोने और पैसे को लेकर झगड़ते थे। गुरुवार की रात को, एक गरमागरम बहस हुई, जिसके दौरान किरण ने कथित तौर पर जयश्री पर दरांती से हमला किया। घटना के समय भूतल पर रहने वाला मकान मालिक मेंगलूरु में शहर से बाहर था, जिससे अपराध की भनक तक नहीं लगी। हत्या के बाद, किरण ने कथित तौर पर जयश्री के शव को ले जाने की कोशिश की और शुरू में उसे गोबर के गड्ढे में दफनाने की योजना बनाई। हालांकि, बाद में उसने दोस्तों और रिश्तेदारों को फोन करके दावा किया कि उसकी पत्नी पहली मंजिल से फिसल कर गिर गई थी और उसे कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही थी। संदेह होने पर, उन्होंने उसे अस्पताल ले जाने का आग्रह किया। सुबह करीब 5.30 बजे किरण ने जीवन मित्र एम्बुलेंस बुलाई और जयश्री के शव को उडुपी के एक सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से लौटने पर, किरण ने कथित तौर पर घर में खून के धब्बे साफ करने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों को शक हो गया और उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किरण को हिरासत में ले लिया और जांच शुरू कर दी। उडुपी के एडिशनल एसपी एस टी सिद्धलिंगप्पा, डीएसपी डी टी प्रभु, ब्रह्मवर सर्कल इंस्पेक्टर दिवाकर और अन्य पुलिस कर्मियों ने घटनास्थल का मुआयना किया।

करकला बलात्कार मामला

# एक युवती का अपहरण और बलात्कार एक शैतानी कृत्य: सुनील कुमार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** यह शैतानी हरकत है कि एक युवक ने एक हिंदू लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। भाजपा विधायक एस. सुनील कुमार ने सवाल किया कि क्या राज्य में कानून-व्यवस्था कायम है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह चिंता की बात है कि नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म किया जाता है। इससे पहले कि हुब्बल्ली की घटना को भुलाया जाए, एक और घटना की पुनरावृत्ति हो गई है और राज्य में पुलिस का कोई डर नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कहने वाले सुनते नहीं। करकला में एक युवती का अपहरण और बलात्कार एक शैतानी कृत्य है। उन्होंने चिंता जताई कि किसी युवा महिला को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने की मानसिकता है, यानी इस पर विश्वास नहीं किया जा सकता। पुलिस को साहसिक कार्रवाई करनी चाहिए और सभी आरोपियों को पकड़ना चाहिए। यह लव



जिहाद की ही अगली कड़ी है। यह कृत्य पूर्व नियोजित था। पीड़िता के इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाए। इसमें कोई राजनीतिक हेराफेरी नहीं होनी चाहिए। इसके पीछे जो भी है उसे बिना किसी हिचकिचाहट के गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवती की सुरक्षा की जानी चाहिए। अब किसी को भी इस तरह की हरकत नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को साहस के साथ ऐसी सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। घटना को लेकर मैं स्थानीय कार्यकर्ताओं के संपर्क में हूं। हम लव जिहाद को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम करेंगे। उन्होंने कहा कि हम दोनों जिलों को केंद्र मानकर बड़ा जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। हिंदू लड़कियों की रक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह सुबह से ही पुलिस और अधिकारियों के संपर्क में हैं। दिल्ली में राज्यपाल के खिलाफ बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी गलती पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। उन्होंने राज्यपाल पर दोषारोपण करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। बिल वापसी की प्रक्रिया पहले कभी नहीं की गयी? इस तरह की घटना पहले भी कई बार हो चुकी है। इससे पहले राज्यपाल हंसराज भारद्वाज ने कई बिल वापस भेज दिए थे। हंसराज भारद्वाज ने गलत नहीं किया तो दलित राज्यपाल गहलोत गलत कैसे हैं।

कांग्रेस को दोहरी नीति छोड़नी चाहिए। प्रदेश में एक भी मंत्री नहीं है, सभी दिल्ली जाकर बैठे हैं। इससे पहले मुडा साइट आवंटन घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धरामैया पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार और राजभवन के बीच बढ़ते टकराव में राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने 15 विधेयक लौटा दिए थे। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि स्पष्ट रूप से, राज्यपाल द्वारा (विधेयकों को लौटाने की) इस कार्रवाई के पीछे भाजपा का हाथ है, जिन्होंने भाजपा नेताओं की सलाह पर काम किया है। बेंगलूरु में अपने आवास के पास मीडियाकर्मियों से बात करते हुए शिवकुमार ने तीखे लहजे में पूछा यदि राज्यपाल भाजपा नेताओं (जो दिल्ली में शासन कर रहे हैं) की सलाह पर काम करते हैं, तो लोकतांत्रिक तरीके से सरकारों की क्या जरूरत है? शिवकुमार ने कहा यदि आवश्यकता हो तो सरकार कोई भी स्पष्टीकरण देने के लिए तैयार है। यदि राज्यपाल स्पष्टीकरण मांगते हैं तो हम आलोचना नहीं कर सकते क्योंकि उन्हें ऐसा करना ही होगा। उन्होंने कहा हम केवल प्रार्थना कर सकते हैं कि ईश्वर राज्यपाल को संविधान के अनुसार कार्य करने का मार्गदर्शन दें। राज्यपाल द्वारा विधेयक लौटाए जाने के पीछे सिद्धरामैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को गिराने की साजिश का हिस्सा होने के सवाल पर उन्होंने कहा सरकार गिराने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। अगर कोई कोशिश की जाती है, तो हम चुप नहीं रहेंगे। हम अपना काम करेंगे।

राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित

# सुनिश्चित करें कि कर्नाटक सदस्यता में नंबर एक हो: ऋतुराज सिन्हा

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा सदस्यता अभियान की राज्य स्तरीय कार्यशाला शनिवार को पैलेस ग्राउंड के व्हाइट पेटल्स हॉल में आयोजित की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेन्द्र ने लोगो और मिस्ड कॉल नंबर जारी किया। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा ने यह सुनिश्चित करने के लिए उत्साहवर्धक भाषण दिया कि कर्नाटक दक्षिण भारत में सदस्यता में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने भाजपा परिवार से अपील की कि नाम फिर से रजिस्टर कराएं और नए सदस्यों को भी शामिल करें। उन्होंने कहा कि पार्टी दीन दयाल उपाध्याय के मूल सिद्धांतों को लेकर आगे बढ़ रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राष्ट्रीय





स्तर की कार्यशाला हो चुकी है। उन्होंने बताया कि कई राज्यों में कार्यशालाएं हो चुकी हैं और कर्नाटक की कार्यशाला चल रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि जनसंचार के माध्यम से विचारधारा का विस्तार किया जाना चाहिए। बूथ से शुरुआत करें। घर-घर जाएँ, कोई बूथ न छोड़ें। प्रति बूथ न्यूनतम 200 सदस्यता का लक्ष्य रखें। यदि हमारा बूथ सशक्त है तो अधिक संख्या निर्धारित करें। कार्य, समयरेखा, टीम, लक्ष्य, ट्रैकिंग, यात्रा, स्पर्श चिकित्सा आदि के माध्यम से लक्ष्य प्राप्त करें। विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा कि भाजपा में सदस्यता अभियान की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि हम एक लोकतांत्रिक पार्टी हैं। इस अवसर पर राज्य सह-प्रभारी सुधाकर रेड्डी, विधानसभा विपक्ष के नेता चलवादी नारायणस्वामी, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. सीएन अश्वथ नारायण, राज्य महासचिव नंदीश रेड्डी, पी. राजीव, सुनीलकुमार, प्रीतम गौड़ा, विधायक महेश तेंगिनाकाई, विधानसभा सदस्य प्रताप सिम्हा, सांसद पीसी मोहन और अन्य नेता मौजूद थे। सांसद पीसी मोहन ने स्वागत किया। अभियान के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश महासचिव नंदीश रेड्डी ने पावर प्वाइंट के माध्यम से जानकारी दी। इसमें सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व विधान परिषद सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी एवं आमंत्रित पार्टी नेता शामिल हुए।

श्रीलंकाई नौसेना ने 11 मछुआरों को पकड़ा

# तमिलनाडु के सीएम ने केंद्र सरकार से त्वरित कार्रवाई की अपील की

**चेन्नई/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्रीलंकाई नौसेना ने 11 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया। उन्होंने तमिलनाडु के मछुआरों पर श्रीलंकाई सीमा को पार करने का आरोप लगाया। उन्होंने एक नाव को भी अपने कब्जे में ले लिया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को केंद्र के समक्ष इस मामले को उठाया और मछुआरों की रिहाई के लिए त्वरित कार्रवाई करने की अपील की। सीएम स्टालिन ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को इस मामले में एक चिट्ठी भी लिखी। सीएम ने कहा मैं श्रीलंकाई नौसेना द्वारा शुक्रवार को तमिलनाडु के मछुआरों को पकड़े जाने की एक और घटना के बारे में लिख रहा हूं। इन मछुआरों को नागपट्टिनम जिले के कोडियाकराई के दक्षिण-पूर्व में मछली पकड़ने के दौरान गिरफ्तार किया गया था। मैंने बार-बार इस बात पर प्रकाश डाला कि इस तरह की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। सिर्फ 2024 में ही श्रीलंकाई नौसेना अबतक 324 मछुआरों के साथ 44 नाव को अपने हिरासत में ले चुके हैं।

तमिलनाडु में मछुआरा समुदाय को बार बार हो रही गिरफ्तारियों के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सीएम स्टालिन ने आगे कहा कि पिछले दो हफ्तों में समुद्र में मछुआरों पर हमले की घटनाएं भी सामने आई हैं। इन मुद्दों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। पिछले महीने एक जुलाई को रामेश्वरम द्वीप क्षेत्र के पास पाक खाड़ी समुद्री क्षेत्र में पंबन से मछली पकड़ने गए 26 भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने पकड़ लिया था। उनके साथ चार देशी नाव को जब्त कर लिया गया था। पिछले महीने ही श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था।


उनके साथ मछली पकड़ने वाली तीन नौकाओं को भी जब्त कर लिया गया था। इससे पहले भी श्रीलंकाई नौसेना ने चार भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था और उनकी नौका जब्त कर ली थी।

इस साल जनवरी में श्रीलंका की नौसेना ने 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था। मछुआरों पर श्रीलंका के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने का आरोप लगाया गया था।

# देश को मार्च 2026 तक नक्सल समस्या से मुक्त कर लेंगे : शाह

**रायपुर, 24 अगस्त (एजेंसियां)।**
केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को नक्सलियों को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि वे अपना रास्ता नहीं बदलते हैं तो अंतिम प्रहार होगा और हम देश को मार्च 2026 तक नक्सल समस्या से मुक्त कर लेंगे।

श्री शाह ने आज यहां नक्सल प्रभावित राज्यों की अंतर राज्यीय समन्वय समिति की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए यह चुनौती दी।



नक्सलियों को खुली चुनौती देते हुए श्री शाह ने कहा,यदि वे अपना रास्ता नहीं बदलते हैं तो अंतिम प्रहार होगा। छत्तीसगढ़ समेत देश को मार्च 2026 तक नक्सल समस्या से मुक्त कर लेंगे। उन्होंने कहा, वामपंथी उग्रवाद की वजह से लोग निरक्षर रह गए हैं उन्हें साक्षर बनाने राज्य सरकार और केंद्र सरकार पहल करेगी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की तर्ज पर एसआईए बनाएंगे। राज्य सरकार जल्द नई सरेंडर पॉलिसी की घोषणा करेगी। केंद्रीय मंत्री ने साय सरकार की तारीफ करते हुए कहा, नक्सल मामले में छत्तीसगढ़ में बड़ी कामयाबी मिली है। उन्होंने कहा,पड़ोसी राज्यों का समन्वय जरूरी है। नक्सल वाद के खिलाफ रूथलेस रणनीति के साथ अंतिम प्रहार करने का वक्त आ गया है। हमारा मानना है कि वामपंथी उग्रवाद देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। पिछले चालीस सालों में करीब 17 हजार लोगों की जान गई है। जब से केंद्र में मोदी सरकार बनी इस समस्या को चैलेंज के रूप में स्वीकार किया।

श्री शाह ने कहा, जिनके हाथ में हथियार है उनके हाथ से हथियार छुड़ाना और जो नहीं छोड़ रहे हैं उन्हें इंगेज करने की दिशा में काम किया गया। इसके साथ ही वामपंथ उग्रवाद क्षेत्र का विकास करना भी प्राथमिकता रही है। कई एचीवमेंट रहा है। वर्ष 2022 में चार दशकों में मृत्यु का प्रतिशत सबसे कम रहा। टॉप 14 नक्सली लीडर को न्यूट्रालाइज किया गया। हमने दो उद्देश्यों को लेकर काम किया। पहला नक्सल क्षेत्रों में रूल ऑफ़ ला को इस्टेब्लिश करना और दूसरा उन इलाकों को विकसित करना। उन्होंने कहा, बिहार, झारखंड, ओड़िशा, मध्यप्रदेश और कुछ हद तक महाराष्ट्र नक्सल समस्या से मुक्त हुआ है। वर्ष 2004 से 2014 तक 16 हजार घटनाएं हुई थी और 2014 के बाद से अब तक करीब सात हजार घटनाएं हुई है। करीब 53 फीसदी की कमी आई है। नागरिक सुरक्षा में 79 फ़ीसदी का आंकड़ा रहा है। वर्ष 2010 में 96 नए 11 जिलों को मिलाकर 107 जिले नक्सल प्रभावित जिले थे। आज यह करीब 42 पर आ गए हैं। थानों की संख्या 171 तक सीमित हुई है। वर्ष 2019 से अब तक सीएपीए के दो सौ से ज्यादा कैंप बनाए गए। वामपंथ उग्रवाद के फाइनेशियल सिस्टम पर करारा प्रहार किया गया है। इसमें ईडी की भी बड़ी भूमिका रही है।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा,छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को धन्यवाद देता हूं कि नक्सल मामले में बड़ी कामयाबी मिली है। बड़ी संख्या में नक्सली न्यूट्रालाइज किया गया।

नये कैंप खुले। हिड़मा के गांव में जाकर डिप्टी सीएम ग्रामीणों को आधार कार्ड देता है तो यह सब देखकर दिल्ली में हमें सुकून मिलता है। सुकमा के छह गांवों में आजादी के बाद पहली बार आदिवासियों ने मतदान का इस्तेमाल किया है। आज सुरक्षा बलों के जवान सुरक्षा मुहैया कराने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास के लिए भी योगदान दे रहे हैं।

श्री शाह ने कहा कि बस्तर में 1500 से ज्यादा मोबाइल टावर लगाकर कनेक्टिविटी देने का काम किया है। सड़कों की कनेक्टिविटी को बेहतर किया गया है। हर तीन किलोमीटर में एक डाकघर खोला गया है। बैंक, एटीएम जैसी सुविधाएं पहली बार अंदरूनी इलाको में पहुंचा है। कौशल विकास के लिए आईटीआई खोले गए हैं। इसके अलावा 164 एकलव्य विद्यालय खोले गए हैं। श्री शाह ने कहा, अलग-अलग राज्य सरकारों के बीच जॉइंट टास्क फ़ोर्स बनाया गया है। केंद्र सरकार की एजेंसियां कोआर्डिनेशन को बेहतर कर रही है। ऋफर्जी मुठभेड़ के आरोपों पर श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस अपना काम कर रही है। हम अपना काम कर रहे हैं। ऋनक्सलियों ने शांति वार्ता पर श्री शाह ने अपील करते हुए कहा कि नक्सली सरेंडर करें, हथियार छोड़े हम उनकी चिंता करेंगे।

गौरतलब है कि श्री शाह इन दिनों छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। उन्होंने आज वामपंथी उग्रवाद पर समीक्षा बैठक ली, जिसमें छत्तीसगढ़ समेत सात राज्यों के मुख्य सचिव और डीजीपी शामिल हुए। बैठक में नक्सलियों के सफाये को लेकर रणनीति बनाई गई। श्री शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस के कामकाज और विकास कार्यों की समीक्षा भी की। बैठक से पहले श्री शाह ने आज चंपारण पहुंचकर महाप्रभु वल्लभाचार्य के मुख्य प्राकट्य बैठक स्थल और चम्पेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की और देशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी उनके साथ थे।

## राजनाथ ने अमेरिका में प्रमुख उद्योगपतियों के साथ चर्चा की



**नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)।**
अमेरिका की यात्रा पर गये रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वाशिंगटन में यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम की ओर से आयोजित उद्योग गोलमेज सम्मेलन में अमेरिकी रक्षा कंपनियों के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ बातचीत की।

रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि श्री सिंह ने भारत में रक्षा क्षेत्र में उभरते विभिन्न सह-विकास और सह-उत्पादन अवसरों की रूपरेखा प्रस्तुत की। भारत सरकार के प्रगतिशील सुधारों ने अमेरिका सहित कई विदेशी मूल के उपकरण निर्माताओं को भारत में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने, संयुक्त उद्यम विकसित करने और भारत को अपना वैकल्पिक निर्यात आधार बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है।

भारत में जीई 414 एयरो-इंजन का नियोजित सह-उत्पादन भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि 'साझेदारी' और 'संयुक्त प्रयास' दो प्रमुख शब्द हैं जो भारत की रक्षा उद्योग साझेदारी को अन्य देशों से अलग करते हैं।

इस कार्यक्रम में बोइंग, जीई, जनरल एटॉमिक्स, जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स, एल3 हैरिस, लॉकहीड मार्टिन, रेथियॉन टेक्नोलॉजीज, रोल्स रॉयस और थायरमहान जैसी प्रमुख अमेरिकी रक्षा और प्रौद्योगिकी कंपनियों के वरिष्ठ नेतृत्व ने हिस्सा लिया। इसके अलावा, आइडियाफोर्ज, टाटा संस और टी सेकंड जैसी कुछ भारतीय कंपनियों के साथ-साथ कोहेन समूह के वरिष्ठ अधिकारियों ने रक्षा मंत्री के साथ बातचीत में भाग लिया। इस बातचीत के दौरान, व्यापारिक दिग्गजों ने भारत के लिए मौजूदा परियोजनाओं और भविष्य की योजनाओं की संक्षेप में रूपरेखा तैयार की और बहुमूल्य प्रतिक्रिया प्रदान की।

## राहुल-तेजस्वी करते हैं तुष्टिकरण की राजनीति : विजय

**गया, 24 अगस्त (एजेंसियां)।**
बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता श्री सिन्हा आज गया पहुंचे, जहां उन्होंने सर्वप्रथम विष्णुपद मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। स्थानीय पंडित ने पूरे विधि-विधान से विष्णुपद मंदिर के गर्भगृह में पूजा अर्चना करायी।

भाजपा नेता ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि तेजस्वी यादव और राहुल गांधी तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। ये लोग जनता के बीच भ्रम फैला रहे हैं।



उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू मां, बहनों को जलाया गया, दुकानें लूट ली गई, घरों तक को जला दिया गया, लेकिन उनकी चीख़-पुकार इन लोगों के कानों तक नहीं पहुंची। यह दर्शाता है कि ये लोग तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं।

श्री सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव नेता प्रतिपक्ष है, ये भी सरकार का एक अंग है, ऐसे में उन्हें सरकार की कमियों को प्रमाण के साथ बताना चाहिए लेकिन ये सिर्फ ट्वीट कर रहे हैं। ट्वीट करने से राजनीति नहीं चलती है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी हम भी नेता प्रतिपक्ष थे, विभिन्न जिलों में जाते थे और वहां की कमियों को बताते थे, लेकिन ये लोग ट्वीट करने वाले लोग हैं। सिर्फ भ्रम फैलाना जानते हैं। बिना प्रमाण के तथ्यों को रखते हैं। ऐसा नहीं चलेगा।

भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी और केजरीवाल जैसे लोग को धिक्कार है, जिन्होंने इस धरती पर जन्म लिया है लेकिन सनातन को नहीं जानते और सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। ये लोग कभी सामाजिक प्राणी नहीं हो सकते है।

## लाल चौक रेस्त्रां में विपक्षी नेताओं का आनंद लेना मोदी के नेतृत्व से ही संभव: जितेंद्र

**नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)।**
केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने जम्मू-कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुये कहा है कि वर्तमान सरकार के निर्णयों के कारण ही वहां माहौल बदला है जिससे विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं को लाल चौक के अहदूस रेस्त्रां में भयमुक्त वातावरण में भोजन का आनंद लेने का मौका मिला है।

डॉ. सिंह ने एक चैनल के कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि कश्मीर जाने वाले विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं को भी क्षेत्र की नई भरोसेमंद स्थिति का स्वतंत्र रूप से आनंद लेने की अनुमति



मिली है, जैसा कि लाल चौक में अहदूस रेस्त्रां की हाल की उनकी यात्रा से पता चलता है। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में डॉ. सिंह के हवाले से कहा गया है, यह क्षेत्र में बहाल हुई शांति और सामान्य स्थिति का प्रमाण है।

ऊधमपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि डॉ सिंह ने कहा, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के ऐतिहासिक फैसले से जम्मू-कश्मीर में एक बड़ी आबादी को नागरिकता का अधिकार मिला, जो पिछले सात दशकों से इससे वंचित थे।

डॉ. सिंह ने कहा, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के समर्थकों ने अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए संवैधानिक प्रावधान का फायदा उठाया। उन्होंने कहा कि यह पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ व्यवस्था के लिये एक निहित स्वार्थ था, क्योंकि इससे उन्हें केवल 10 प्रतिशित या उससे कम मतदान के साथ निर्वाचित होने और सरकार बनाने में मदद मिली और इस तरह पीढ़ी दर पीढ़ी उनके राजवंश शासन को जारी रखा जा सका।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अनुच्छे 370 हटने के बाद पिछले पांच वर्षों में मोटे तौर पर चार स्तरों यानी लोकतांत्रिक, शासन, विकास और सुरक्षा पर परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कहा कि पंचायत अधिनियम में 73वां और 74वां संशोधन केंद्र की कांग्रेस सरकार ने पेश किया था, लेकिन राज्य में उसी गठबंधन सरकार द्वारा इसे जम्मू-कश्मीर में लागू नहीं किया गया था। लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण नहीं हो सका, क्योंकि 2019 से पहले उन्हें केंद्रीय धन उपलब्ध नहीं था।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के लोगों को विश्वास दिलाया और आश्वासन दिया कि यह क्षेत्र पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा और मुकुट रत्न के रूप में चमकेगा।

## नेपाल में दुर्घटना में मृत नासिक के तीर्थयात्रियों के पार्थिव शरीर स्वदेश लाए गए

**मुंबई, 24 अगस्त (एजेंसियां)।**
नेपाल में शुक्रवार को बस दुर्घटना में मारे गये महाराष्ट्र के नासिक के 25 तीर्थयात्रियों के पार्थिव शरीर शनिवार को वायु सेना के मालवाहक विमान सी-130 जे में जलगांव लाये गये।

वायु सेना के प्रवक्ता ने बताया कि 25 तीर्थयात्रियों के पार्थिव शरीर लेकर आया विमान देर शाम जलगांव में उतर गया है। मृतकों के पार्थिव शरीर जलगांव से उनके पैतृक स्थान ले जाये जायेंगे। दुर्घटना में मारे गये दो तीर्थयात्रियों के शव उत्तर प्रदेश ले जाये गये हैं। इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वरिष्ठ केंद्रीय अधिकारियों से शवों को नासिक लाने के बारे में बात की थी। इसके बाद पार्थिव शरीरों को वापस लाने के लिए वायु सेना का यह विमान नेपाल भेजा गया था। गौरतलब है कि 10 दिनों की यात्रा के लिए नेपाल गये महाराष्ट्र के कम से कम 27 तीर्थयात्रियों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी और 16 अन्य घायल हो गये।

## कारखाने में विस्फोट मामले में मानवाधिकार आयोग ने आंध्र सरकार से तलब की रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)।**
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने आंध्र प्रदेश के एक निजी औद्योगिक इकाई में विस्फोट में श्रमिकों की मृत्यु के मामले में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है।




आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार, इस मामले में उसने मीडिया की खबरों के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुये यह नोटिस जारी किया है। विज्ञप्ति के अनुसार, मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि 21 अगस्त 2024 को, अनकापल्ली जिले के अच्युतपुरम विशेष आर्थिक क्षेत्र में एक निजी औद्योगिक इकाई में रिएक्टर विस्फोट में कम से कम 17 श्रमिकों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गये थे। आयोग ने कहा है कि इस मामले में सुरक्षा मानकों में किसी भी लापरवाही का पता लगाने के लिए गहन जांच के निर्देश दिए, विस्तृत रिपोर्ट दो सप्ताह के भीतर अपेक्षित है।

आयोग के नोटिस में आन्ध्र प्रदेश के अधिकारियों से घटना के संबंध में एफआईआर की स्थिति, घायलों के स्वास्थ्य और चिकित्सा उपचार एवं मृतकों और घायलों के परिवारों को सहायता राशि के वितरण के विषय में जानकारी देने को कहा गया है। आयोग ने यह भी पूछा है कि यदि इस त्रासदी के लिए कोई अधिकारी जिम्मेदार है तो उसके खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी है।

## बायोमैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए बायोई थ्री नीति को मंजूरी

**नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)।**
केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को जैव प्रौद्योगिकी विभाग के उच्च प्रदर्शन वाले बायोमैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए बायोई थ्री (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बायोई थ्री नीति की मुख्य विशेषताओं में विषयगत क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास और उद्यमिता को नवाचार-संचालित समर्थन शामिल है। यह बायोमैन्युफैक्चरिंग और बायो-एआई हब और बायोफाउंड्री की स्थापना करके प्रौद्योगिकी विकास और



व्यावसायीकरण में तेजी लाएगा। हरित विकास के पुनर्योजी जैव अर्थव्यवस्था मॉडल को प्राथमिकता देने के साथ-साथ, यह नीति भारत के कुशल कार्यबल के विस्तार की सुविधा प्रदान करेगी और रोजगार सृजन में वृद्धि प्रदान करेगी।

यह नीति सरकार की नेट जीरो कार्बन अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के लिए जीवनशैली जैसी पहलों को और मजबूत करेगी और सर्कुलर बायोइकोनॉमी को बढ़ावा देकर भारत को त्वरित हरित विकास के मार्ग पर ले जाएगी। बायोई थ्री नीति भविष्य को बढ़ावा देगी और आगे बढ़ाएगी जो वैश्विक चुनौतियों के लिए अधिक टिकाऊ, अभिनव और उत्तरदायी है और विकसित भारत के लिए बायो-विजन निर्धारण करेगी। सामाजिक मुद्दों जैसे जलवायु परिवर्तन शमन, खाद्य सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिए टिकाऊ और परिपत्र प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए जीवविज्ञान के औद्योगीकरण में निवेश करने का एक उपयुक्त समय है। जैव-आधारित उत्पादों के विकास के लिए अत्याधुनिक नवाचारों को गति देने के लिए हमारे देश में एक लचीला जैव-विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना महत्वपूर्ण है। उच्च प्रदर्शन जैव-विनिर्माण दवा से लेकर सामग्री तक उत्पादों का उत्पादन करने, खेती और खाद्य चुनौतियों का समाधान करने और उन्नत जैव-प्रौद्योगिकीय प्रक्रियाओं के एकीकरण के माध्यम से जैव-आधारित उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देने की क्षमता है।

## बंबई उच्च न्यायालय का बंद पर आदेश विपक्ष के लिए तमाचा: शिंदे

**मुंबई, 24 अगस्त (एजेंसियां)।**
महाराष्ट्र के बदलापुर घटना पर किसी भी व्यक्ति या पार्टी को महाराष्ट्र बंद का आह्वान करने से रोकने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को विपक्ष के लिए करारा



तमाचा बताते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार इस निर्देश को लागू करेगी।

उल्लेखनीय है कि शिव-सेना (यूबीटी), राकांपा (एसपी) और कांग्रेस के विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन ने शनिवार को बंद बुलाया था लेकिन अदालत के निर्देश के बाद इसे बंद कर दिया गया।

मुख्यमंत्री शिंदे यहां आज मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना शुरू करने के लिए एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बदलापुर की घटना - जहां दो किंडरगार्टन लड़कियों के साथ स्कूल के शौचालय में कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया वह मानवता पर एक धब्बा है।

## यूपी को ग्लोबल आईटी हब का ब्रांड बनाने की तैयारी में योगी सरकार

**लखनऊ, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** यूपी को प्रत्येक सेक्टर में ब्रांड के तौर पर प्रोजेक्ट कर रही योगी सरकार अब प्रदेश को ग्लोबल आईटी हब का भी एक ब्रांड बनाने की तैयारी में जुट गई है। सूबे के पांच जनपदों को आईटी और आईटीईएस सेक्टर से जुड़े उद्योग के लिए मुफीद बनाने का संकल्प मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया है। इसके अंतर्गत प्रदेश के पांच शहर, गौतमबुद्ध नगर, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और प्रयागराज को आईटी सिटी के रूप में डेवलप किया जाना है। इसमें भी गौतमबुद्ध नगर को आईटी और आईटीईएस का हब, लखनऊ को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का हब, कानपुर को ड्रोन और रोबोटिक्स तथा वाराणसी और प्रयागराज को इंजीनियरिंग रिसर्च एंड डेवलपमेंट (ईआर एंड डी) के सेंटर के हब के रूप में डेवलप किया जाना है।

शुभ लाभ खबरें जो सोच बदल दे

# नफरत की फसल काटने वालों की सियासी जमीन हो गई बंजरः योगी

### योगी ने जम्मू-कश्मीर चुनावों में कांग्रेस और नेकां गठबंधन पर उठाया सवाल

### राष्ट्रीय सुरक्षा पर सवाल खड़े करता है कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन



**लखनऊ, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन पर खूब बरसे। उन्होंने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए दोनों पार्टियों के गठबंधन पर सवाल उठाए। सीएम योगी ने कहा कि नफरत की फसल काटने वाली कांग्रेस व नेकां की सियासी जमीन सदा के लिए बंजर हो गई है। आतंकवाद और अलगाववाद का मुद्दा वहां चिनाब की जलधारा में सदा के लिए विलीन हो चुका है। सीएम योगी ने कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी को कठघरे में खड़ा करते हुए कई सवाल भी पूछे।

अब्दुल्ला एंड संस फैमिली प्राइवेट लिमिटेड की नेकां और कांग्रेस के गठबंधन ने राष्ट्रविरोधी मंसूबों को देश के सामने रख दिया। सीएम योगी ने कहा कि भारत के मुकुट जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 और 35ए का कलंक मिटाने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की थी। अब जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी हैं। यह चुनाव न केवल वहां के लोगों, बल्कि लोकतंत्र में आस्था रखने वाले हर भारतीय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुनिया भर की निगाह इस ओर लगी हुई है। ऐसे महत्वपूर्ण चुनाव में इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस ने अब्दुल्ला एंड संस फैमिली प्राइ-वेट लिमिटेड की नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन करके फिर से राष्ट्रविरोधी मंसूबों को देश के सामने रख दिया है।

सीएम योगी ने कहा कि हाल ही में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपना घोषणापत्र जारी किया है। इसमें अनेक ऐसे बिंदु हैं, जो भारत की एकता-अखंडता व राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति आशंकित करती है। कांग्रेस व नेकां का गठबंधन राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर अनेक बड़े सवाल खड़ा करता है और भारतीय संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा व निष्ठा रखने वाले हर व्यक्ति को चिंतित भी करता है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सीएम योगी के निशाने पर रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता से पूछना चाहता हूं कि क्या उनकी पार्टी नेशनल कांफ्रेंस के जम्मू-कश्मीर में फिर से अलग झंडे के वादे का समर्थन करती है? क्या राहुल गांधी व कांग्रेस अनुच्छेद 370 और आर्टिकल- 35ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के नेशनल कॉन्फ्रेंस की घोषणा का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके अलगाववादी ताकतों का फिर से समर्थन करती है? क्या कांग्रेस और राहुल गांधी पाकिस्तान के साथ एलओसी ट्रेड शुरू करने के नेशनल कॉन्फ्रेंस के निर्णय और फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद व उसके इकोसिस्टम को पोषण करने का समर्थन करती है?

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूछा कि क्या कांग्रेस आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल उपद्रवियों के परिजनों को सरकारी नौकरी में बहाल करके आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर से लाने का समर्थन करती है? सीएम योगी ने आरोप लगाया कि इस गठबंधन से कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा देश के सामने आया है। क्या कांग्रेस दलितों, गुर्जरों, बकरवाल और पहाड़ियों के आरक्षण को समाप्त कर फिर से उनके साथ अन्याय करने के नेकां के वादे का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस चाहती है कि शंकराचार्य पर्वत तख्त-ए-सुलेमान और हरि पर्वत कोह-ए-मारन के नाम से जाने जाएं। सीएम ने कहा कि क्या कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को फिर से भ्रष्टाचार की आग में झोंक कर पाकिस्तान समर्थित गिने-चुने परिवारों के हाथों में सौंपने का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस नेशनल कॉन्फ्रेंस के जम्मू और घाटी के बीच भेदभाव की राजनीति का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस और राहुल गांधी कश्मीर को ऑटोनॉमी देने की नेकां की विभाजनकारी सोच और नीतियों का समर्थन करते हैं?

सीएम योगी ने कहा कि आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों के कथित स्वयंभू भाग्य विधाता बन बैठे नेताओं ने नौजवानों को गुमराह कर अलगाववादी साजिश का मोहरा बनाया था। इन लोगों ने उनके हाथों में पत्थर और एके-47 पकड़ाई थी। पीएम मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर के नौजवानों के हाथों में टैबलेट और स्किल डेवलपमेंट से जोड़कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। नौजवानों को गुमराह करने वालों के लिए अब जम्मू-कश्मीर में जगह नहीं है। श्रद्धेय भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने जम्मू-कश्मीर के लिए इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का जो सपना देखा था, उन मूल्यों और सिद्धांतों से निकले सपने को पीएम मोदी ने साकार कर दिखाया है।

सीएम योगी ने कहा कि जम्मू कश्मीर को जागीर समझने वाले पाकिस्तान परस्त ठेकेदार व कथित लीडरशिप ने कभी सोचा नहीं कि नफरत की फसल काटने वाली उनकी सियासी जमीन सदा के लिए बंजर हो चुकी है। कोई ऐसी सरकार भी आएगी जो अनुच्छेद 370 को समाप्त करेगी। यह इन लोगों को हजम नहीं हो रहा। अनुच्छेद-370 की समाप्ति के बाद जम्मू-कश्मीर की आबोहवा और मुद्दे बदल चुके हैं। आतंकवाद और अलगाव का मुद्दा चिनाब की जलधारा में सदा के लिए विलीन हो चुका है। अब यहां विकास, रोजगार और पहचान की बात हो रही है तो यह वोट के सौदागरों को कैसे अच्छा लग सकता है। कांग्रेस की यह दुरुभि संधि हमें सवाल करने को मजबूर करती है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश के सामने इन प्रश्नों का जवाब दें।

# महाकुंभ-2025 : धर्म, अध्यात्म और संस्कृति की थीम पर सजेगी कुंभ नगरी प्रयागराज



**प्रयागराज, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** प्रयागराज में 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ को दिव्य, भव्य नव्य और हरित स्वरूप देने के लिए योगी सरकार संकल्पित है। इसके लिए एक तरफ जहां कुंभ क्षेत्र की कार्य योजना धरातल पर उतारी जा रही है तो वहीं कुंभ क्षेत्र से बाहर शहर के अंदर भी सड़कों के चौड़ीकरण से लेकर शहर की दीवारों और चौराहों को नव्य स्वरूप प्रदान किया जा रहा है।

प्रयागराज महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को कुंभ क्षेत्र के बाहर शहर के अंदर भी धर्म और अध्यात्म की अनुभूति इसके लिए भी कार्य योजना धरातल पर उतर रही है। इसकी मंजूरी मिल चुकी है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने शहर की दीवारों और चौराहों को भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए अलग से बजट तय किया है। पीडीए उपाध्यक्ष अरविंद चौहान के मुताबिक शहर के सौंदर्यीकरण के लिए 60 करोड़ का बजट रखा गया है। इस योजना में शहर की प्रमुख दीव-ारों में स्ट्रीट आर्ट, चौराहों में म्यूरल्स, ट्रैफिक साइनजेस, स्कल्पचर, लैंड स्केपिंग, ग्रीन बेल्ट और हॉर्टिकल्चर का कार्य शामिल है।

कुंभ नगरी प्रयागराज की दीवारें भी यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों से संवाद करेंगी। इस शहर की पहचान धर्म, अध्यात्म और संस्कृति को विभिन्न प्रतीकों के माध्यम से शहर की दीवारों पर चित्रित कर इसे धरातल पर उतारा जाएगा। पीडीए के चीफ इंजीनियर आशुतोष श्रीवास्तव बताते हैं कि 10 लाख वर्ग फुट क्षेत्रफल में इन्हें चित्रित किया जाएगा । इसके अलावा शहर के सभी चौराहों में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संदेश देने वाले म्यूरल्स भी लगाए जाएंगे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट्स के स्टूडेंट्स इसमें सहयोग करेंगे। शहर की सड़कों के किनारे बनी इमारतों की दीव-ारों पर बनी ये मनोहारी पेंटिंग्स कुंभ का वैभव और संस्कृति की अनुभूति कराएंगी ।

इस योजना में शहर की इमारतों की दीवारों और चौराहों को भव्य और नव्य स्वरूप देने के साथ हरित स्वरूप देने का भी प्रावधान है। पीडीए के चीफ इंजीनियर आशुतोष श्रीवास्तव के मुताबिक इसमें ग्रीन बेल्ट और हॉर्टिकल्चर का कार्य भी शामिल किया गया है। शहर के प्रमुख स्थलों को चिन्हित किया जा रहा है जहां पर फूलदार और सजावटी पौधे लगाए जाएंगे। शहर की प्रमुख 38 सड़कों, 36 जंक्शनों और सार्वजनिक स्थानों पर ये सजावटी और फूलदार पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा थीमेटिक लाइट्स, स्पाइरल लाइट और फसाड लाइट भी लगनी है। शहर की प्रमुख सड़कों, सभी 9 फ्लाईओवर, 4 पुलों और 50 पर्यटक स्थलों को इनसे सजाया जाएगा

### 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित हो रहा इंटरनेशनल ट्रेड शो

# इंटरनेशनल ट्रेड शो में यूपी की कृषि संस्कृति के होंगे दर्शन

**लखनऊ, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का द्वितीय संस्करण आयोजित किया जाएगा। इसमें एक तरफ देश- विदेश से आए प्रतिनिधि जहां यूपी की समृद्ध विरासत का दीदार करेंगे तो वहीं यूपी के एग्रीकल्चर के भी दर्शन करेंगे। ट्रेड शो के दौरान कृषि संबधी उत्प-ादों, उपकरणों, बीज व रसायन निर्माताओं को मंच मिलेगा तो आगंतुकों को उत्तर प्रदेश की उन्नत कृषि संस्कृति और तकनीक से भी रूबरू कराया जाएगा। यहां प्रदेश के प्रगतिशील किसानों व कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म मिलेगा। यह बहुक्षेत्रीय आयोजन होगा। इसमें पूरे उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व एक ही स्थान पर होगा। इंटरनेशनल ट्रेड शो में कृषि विभाग को एक हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल आवंटित किया गया है। इसमें कृषि, कृषि शिक्षा, कृषि संबंधी संस्थाएं, मंडी परिषद-कृषि विपणन निदेशालय, कृषि उपकरण, उर्वरक, बीज व पौध संरक्षण रसायन निर्माता कंपनियां भी हिस्सा लेंगी।

इंटरनेशनल ट्रेड शो में कृषि विभाग की भी बड़ी हिस्सेदारी रहेगी। इसमें लगभग दो दर्जन से अधिक किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) हिस्सा लेंगे। इसमें बुलंदशहर के तीन, बहराइच, मिर्जापुर, श्रावस्ती के दो, बलिया-बांदा, बस्ती, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, गोरखपुर, हमीरपुर, महराजगंज, सहारनपुर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर, अलीगढ़ व रामपुर के एक-एक एफपीओ (कृषक उत्प-ादक संगठन) की सहभागिता रहेगी।

इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर कृषि विभाग की तरफ से लगने वाली प्रदर्शनी में सीड्स, फर्टिलाइजर, कृषि यंत्रों से जुड़ी कंपनियां भी प्रतिभाग करेंगी। इसमें सिजेंटा, दयाल बायोटेक, ओंकार एग्री ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड, इफको, कृभको, इंडियन पोटाश लिमिटेड, कावेरी सीड्स प्रा. लि. समेत कई नामचीन कंपनियों आदि की सहभागिता रहेगी। सीएम योगी के नेतृत्व में इंटरनेशनल ट्रेड शो में कृषि विभाग महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखेगा। कृषि विभाग की ओर से समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नामित किए हैं। कृषि- कृषि शिक्षा व बीज विकास निगम से संवाद-समन्वय के लिए अपर कृषि निदेशक प्रसार को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। मंडी परिषद व कृषि विपणन के लिए राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक द्वारा नामित अपर निदेशक स्तर के अधिकारी या उप निदेशक कृषि विपणन नोडल अधिकारी की भूमिका में होंगे।

बीज उत्पादन करने वाली कंपनियों की देखरेख के लिए अपर कृषि निदेशक, बीज व प्रक्षेत्र तथा ट्रेड शो में आमंत्रित उर्वरक बनाने वाली कंपनियों के लिए संयुक्त कृषि निदेशक उर्वरक को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। कृषि उपकरण व ड्रोन बनाने वाली कंपनियों के लिए संयुक्त कृषि निदेशक अभियंत्रण तथा कीटनाशक कृषि रक्षा रसायनों के लिए अपर कृषि निदेशक, कृषि रक्षा को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। कृषि क्षेत्र में नई तकनीक का उपयोग व उससे संबंधित स्टार्टअप के लिए आईआईटी कानपुर में अलग विंग संचालित है। आईआईटी कानपुर से समन्वय बनाने के लिए अपर कृषि निदेशक प्रसार को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# योगी ने बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए बढ़ाया हाथ तो मिली जिंदगी

**लखनऊ, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** पहाड़ों पर मूसलाधार बारिश और नेपाल से छोड़े गए पानी ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तबाही मचायी। इस तबाही ने लोगों के सर से छत छीन ली, उनकी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया, उन्हें अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा और अपनी जान बचाने के लिए बाढ़ शरणालय का रुख करना पड़ा। इन परिस्थितियों में प्रभावित लोगों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संकट मोचक बनकर सामने आये। उन्होंने बाढ़ प्रभावितों का दुख बांटते हुए उन्हें समुचित मुआवजा दिया, उनके रहने और खाने की उचित व्यवस्था कराई तो प्रभावितों को अपना आशियाना दोबारा बसाने के लिए जमीन के साथ मकान बनाने के लिए सहायता राशि प्रदान की। आपदा के दौरान अपनों को गंवाने वाले परिजनों को सहायता धनराशि देने के साथ उनका दुख साझा किया। सीएम योगी के हाथों से मिली इस राहत से लाभार्थियों को फिर से जीवन जीने की नयी राह मिली। उन्होंने सीएम योगी का आभार जताते हुए उन्हें प्रदेश का ही नहीं, बल्कि अपने घर का मुखिया भी बताया। लाभार्थियों ने बाढ़ के कारण हुए नुकसान और फिर योगी सरकार द्वारा दी गई राहत को खुद बयान किया।

**बाढ़ प्रभावितों के लिए हुए मुख्य राहत कार्य**

1. 8 9,53,118 लोगों को अब तक राहत सहायता पहुंचाई गई।
2. 2,53,500 लोगों को अब तक खाद्यान्न पैकेट वितरित किए गए।
3. जान गंवाने वाले 17 लोगों के परिजनों को मिली 4-4 लाख की सहायता राशि।
4. 2638 लोगों को क्षतिग्रस्त घर का मुआवजा मिला। कुछ को जमीन भी मिली।
5. 2796 मेडिकल टीम द्वारा बाढ़ हेल्थ चेकअप और निःशुल्क दवा वितरण।
6. 1 लाख 50 हजार किसानों को क्षतिग्रस्त फसलों को मुआवजा दिया गया।

लखीमपुर खीरी स्थित दीनाप-ुरवा गांव के राजेश कुमार कहते हैं, बाढ़ की वजह से मेरे खेत में मोटी सिल्ट जमा हो गई थी। इसको लेकर मैं काफी परेशान था क्योंकि बाढ़ का पानी सिल्ट के साथ कचरा और अन्य अपशिष्ट पदार्थ भी लेकर आया था। इस पर मुझे जानकारी मिली कि योगी सरकार खेत से सिल्ट हटाने के लिए भी सहायता धनराशि दे रही है।

मैंने इसके लिए आवेदन किया और सर्वे के बाद अगले 24 घंटे में मेरे अकाउंट में सिल्ट हटाने के लिए योगी सरकार की ओर से 16,362 रुपये भेज दिए गए। मुझे इस मद में पहली बार सहायता धनराशि दी गई है। इसके लिए मैं योगी सरकार का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं। सिर्फ बाढ़ के दौरान ही नहीं प्रदेश में जब से योगी सरकार बनी है, मुझे हर योजना का लाभ दिया जा रहा है जबकि पहले की सरकारों में सिर्फ आवेदन फॉर्म ही भरवाए जाते थे।

सीतापुर के सुकुमार ने कहा, बाढ़ की वजह से मेरा खेत पानी से लबालब हो गया था। इससे फसल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मैंने इसकी जानकारी राजस्व विभाग को दी। इस पर कुछ ही देर में राजस्व की टीम खेत पर पहुंची और सर्वे शुरू किया। सर्वे पूरा होने के बाद टीम वापस लौट गई। मुझसे अधिकारियों ने बोला कि दो से तीन दिन में क्षतिग्रस्त फसल का मुआवजा अकाउंट में आ जाएगा। हैरानी की बात यह है कि अगले दिन ही मेरे खाते में क्षतिग्रस्त फसल का मुआवजा आ गया। यह देख मैं आश्चर्यचकित हो गया। इस दौरान स्थानीय लेखपाल ने फोन कर मुआवजा खाते में भेजे जाने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हम गरीबों के लिए मसीहा हैं। उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। वह हमारे मुखिया है, जो हमारी मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

पीलीभीत के सोहन लाल ने कहा, बाढ़ की चपेट में आने से मेरा घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। मुझे लगा कि मेरा सबकुछ लुट गया है, लेकिन योगी सरकार ने अगले 24 घंटे में क्षतिग्रस्त मकान को बनाने के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये की सहायता धनराशि खाते में भेजी। इसे देख मेरी खुशी का ठिकाना न रहा।

इतना ही नहीं कटान के चलते योगी सरकार ने मुझे दूसरी जगह घर बनाने के लिए जमीन भी दी। वहीं कुछ दिन बाद खुद मुख्यमंत्री हमारा दुख बांटने हमारे गांव आएं। साथ ही उन्होंने हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। इसके बाद जिला प्रशासन की ओर से सरकारी योजनाओं से जुड़ी अन्य सुविधाओं का भी लाभ दिया गया। धन्य है प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जो हम गरीबों का इतना ख्याल रखते हैं। ऐसे में जब वह हमारे बारे में इतना सोचते हैं तो हमें किस बात की चिंता।

रतनगंज हरदोई के सज्जन लाल ने कहा, बाढ़ के पानी की वजह से मेरी गृहस्थी बर्बाद हो गई थी। वहीं मेरे पास रहने का कोई ठिकाना नहीं था। इस पर जिला प्रशासन ने बाढ़ शरणालय में मेरे रहने और खाने की उचित व्यवस्था की। इस दौरान मुझे कभी लगा ही नहीं कि मैं अपने घर पर नहीं हूं। बाढ़ शरणालय में रहने वाले हर एक बाढ़ प्रभावित का विशेष ख्याल रखा जा रहा था। इतना ही नहीं बच्चों को दूध के साथ उनकी दवा और हेल्थ का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा था। वहीं रेस्क्यू टीम पूरी निष्ठा के साथ बाढ़ प्रभावितों की मदद में लगी रही। यह सब सीएम योगी की दूरदर्शी सोच से ही हो पाया है। वरना पिछली सरकारों में मदद तो दूर कोई हालचाल लेने भी नहीं आता था।

# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षाः दूसरे दिन भी सकुशल सम्पन्न हुई परीक्षा

### 6 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**लखनऊ, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** प्रदेश के सभी 67 जिलों में यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा दूसरी दिन शुक्रवार को भी सकुशल सम्पन्न हुई। यह योगी सरकार के फूलप्रूफ प्लान से संभव हो पाया। योगी सरकार के पारदर्शी और निष्पक्ष परीक्षा आयोजित कराने के संकल्प का ही नतीजा है कि सॉल्वर गैंग और परीक्षा माफियाओं ने इससे अपनी दूरी बना ली है। वहीं परीक्षा देने आए परीक्षार्थी योगी सरकार की तैयारियों को देखकर काफी खुश नजर आये। उन्होंने परीक्षा इंतजामों के लिए योगी सरकार को 10 में से 10 नंबर दिए। परीक्षा के दूसरे दिन शुक्रवार को 1174 केंद्रों पर 6,57,443 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 25 हजार पुलिसकर्मी और 2300 मजिस्ट्रेट तैनात रहे


उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष राजीव कृष्णा ने बताया कि परीक्षा के दूसरे दिन दो पालियों में 6,57,443 परीक्षार्थियों ने एग्जाम दिया, जिसका रेश्यो 79.11 प्रतिशत रहा। इसमें पहली पाली में 3,21,322 अभ्यर्थी उपस्थित रहे जबकि 4,12,155 ने प्रवेश पत्र डाउनलोड किया था। इस पाली में 30 संदिग्ध अभ्यर्थी भी पकड़े गए। हालांकि इन्हे पेपर देने दिया गया। वहीं इन पर भर्ती बोर्ड की नजर बनी रहेगी। इसी तरह दूसरी पाली में 3,36,121 अभ्यर्थी उपस्थि रहे जबकि 4,12,418 ने प्रवेश पत्र डाउनलोड किया था। इसी पाली में 42 संदिग्ध अभ्यर्थी पकड़े गए। हालांकि इन्हे पेपर देने दिया गया जबकि पेपर के बाद भी इन पर बोर्ड की नजर बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि दोनों पालियों में 68.2 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं दूसरे दिन भी सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए डीजीपी प्रशांत कुमार ग्राउंड जीरो पर उतरे। उन्होंने लखनऊ के विवि और नेशनल पीजी कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हे सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद मिली। डीजीपी ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को परीक्षा को पारदर्शी और शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। वहीं परिवहन निगम की ओर से अभ्यर्थियों को फ्री बस की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इतना नहीं प्रदेश के विभिन्न जिलों में इलेक्ट्रिक बस में भी परीक्षार्थियों को फ्री सफर की सौगात दी गई।

नकल विहीन और शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए प्रदेश के सभी सेंटर पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस मुस्तैद रही। परीक्षार्थियों को तीन चरणों की चेकिंग के बाद अंदर प्रवेश दिया जा रहा था। परीक्षा के दूसरे दिन पुलिस ने 15 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जबकि 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इनमें एसटीएफ ने शुक्रवार को लीक प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के बहाने ठगी के आरोप में अनिरुद्ध मोहनलाल को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी टेलीग्राम चैनल बनाकर लोगों को ठग रहा था। इसके अलावा बोर्ड की ओर से पेपर लीक की अफवाह फैलाने के खिलाफ लखनऊ के हुसैनगंज में एफआईआर दर्ज कराई गई।

पेपर देकर बाहर आए अभ्यर्थियों ने परीक्षा को लेकर योगी सरकार की ओर से की गई व्यवस्था की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि योगी सरकार की ओर से नकल विहीन और पेपर लीक न हो इसके लिए व्यापक स्तर पर इंतजाम किए हैं। इसको लेकर अभ्यर्थियों को थोड़ी परेशानी हो रही है, लेकिन यह सख्ती जरूरी है। सीएम योगी की इस सख्ती से हमारा भविष्य सुरक्षित है। हमें इस बार पेपर लीक का बिलकुल भी डर नहीं है। उन्होंने योगी सरकार की व्यवस्थाओं पर उन्हे 10 में से 10 नंबर दिए।

## क्या आप जानते हो


# सॉफ्टवेयर बताएगा, कब लिखी गई बाइबिल




**सदियों** से बाइबिल के लेखक और उसके लिखे जाने के समय को लेकर लगाई जा रही अटकलों को अब विराम मिलेगा। वैज्ञानिकों ने ऐसा सॉफ्टवेयर बनाया है जो बाइबिल के लेखक की पहचान अल्गोरिथम की मदद से कर सकेगा।

इजरायल के वैज्ञानिकों के अनुसार यह सॉफ्टवेयर लिखने की शैली की पहचान कर सकता है। हालांकि यह किसी व्यक्ति विशेष का नाम नहीं ले सकता कि किसने बाइबिल लिखी। लेकिन कौनसा पैराग्राफकब और कितने लोगों ने लिखा है, इसकी जानकारी दे सकता है। किस पैराग्राफपर नए लेखक ने लिखना शुरू किया यह भी पता लगा सकता है। उदाहरण के लिए, माना जाता है कि तोराह (बाइबिल की पहली पांच किताबें) एक ही इंसान- मोसेस ने लिखी हैं। लेकिन कई विशेषज्ञों का मानना है कि इसमें कई लेखक शामिल थे। तेल अवीव यूनिवर्सिटी के ब्लावात्निक स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस के प्रमुख शोधकर्ता प्रो. नैशम दैशरेवित्ज ने इस सॉफ्टवेयर का परीक्षण किया। उन्होंने इसमें जेरेमियाह और एजकील की हेब्रू भाषा की दो किताबें लेखकों की पहचान करने के लिए फीड कीं। सॉफ्टवेयर ने शब्दों के आधार पर 99 प्रतिशत सही और सटीक जवाब दिए।

# प्रकाश संश्लेषण से बनेगी बिजली!




**नकली** पेड़-पौधे अब तक घर की सजावट में तो धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहे थे। लेकिन मसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के शोधार्थियों ने अब कृत्रिम पत्ती से बिजली बनाने की तकनीक विकसित कर वैकल्पिक ऊर्जा की दिशा में उम्मीदें बढ़ाई हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इस प्रक्रिया में किसी महंगे पदार्थ की जरूरत नहीं पड़ती। यह पत्ती सौर ऊर्जा को केमिकल फ्यूल में बदलती है, जिसे स्टोर कर बाद में बिजली में बदला जा सकेगा।

**क्या है कृत्रिम पत्ती :** यह सिलिकॉन से तैयार एक नकली पत्ती है, जिसके दोनों तरफकैटेलिक्टिक पदार्थ लगाए हैं। इसे सूरज की रोशनी में पानी से भरे एक साधारण कंटेनर में रखा जाता है। कुछ ही देर में एक तरफसे ऑक्सीजन और दूसरी तरफ से हाइड्रोजन के ढेरों बुलबुले उठने लगते हैं। बीच में एक बैरियर की मदद से इन्हें अलग-अलग रखा जाता है। इन बुलबुलों को एकत्र कर लेते हैं और बाद में फ्यूल सेल की मदद से बिजली में बदल लेते हैं।

**किससे बना है :** यह उपकरण भरपूर मात्रा में उपलब्ध सस्ते मटेरियल से तैयार किया गया है। इनमें भी सिलिकॉन, कोबाल्ट और निकल प्रमुख हैं। ऑक्सीजन-हाइड्रोजन अलग करने के लिए सादे पानी का इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि सूर्य के प्रकाश में पानी को बांटने वाले अन्य डिवाइसों में प्लेटीनम सरीखे महंगी धातु का इस्तेमाल करते हैं।


# किसने बनाई कुतुबमीनार

**बच्चो,** कुतुबमीनार के बारे में ज्यादातर लोगों में भ्रांतियां पाई जाती हैं। इसलिए इस इस प्रश्न का उत्तर ठीक से पढ़ना जरूरी है। कुतुबमीनार का निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक ने 1193 में शुरू करवाया था। पर ऐबक केवल काम शुरू ही करवा सका था कि उसकी मृत्यु हो गई। इल्तुतमिश ने जो ऐबक के बाद दिल्ली की गद्दी पर बैठा, इसमें तीन मंजिलें जुड़वाईं।

फिर कुतुबमीनार में आग लगने के बाद उसका पुनर्निर्माण फिरोजशाह तुगलक के समय हुआ। इस प्रश्न का उत्तर देते समय प्रतियोगी परीक्षा में बैठने वाले जल्दबाजी में गड़बड़ कर जाते हैं। याद रहे कि काम शुरू ऐबक ने करवाया था और पूरा करवाया इल्तुतमिश ने और 1386 में मीनार को दुर्घटना के बाद दुरुस्त करवाया फिरोजशाह तुगलक ने। कुछ इतिहासकार मानते हैं कि कुतुबुद्दीन ऐबक के नाम पर ही इस मीनार का नाम पड़ा, जबकि कुछ बताते हैं कि बगदाद के संत कुतुबद्दीन बख्तियार काकी के नाम पर इस मीनार का नाम कुतुबमीनार पड़ा। काकी बाद में भारत में आकर ही रहे। इल्तुतमिश इन्हें बहुत मानता था। 72.5 मीटर ऊंची यह मीनार यूनेस्को की विश्व धरोहर स्मारकों की सूची में भी शामिल है।

## कहानी

# धोखेबाज फॉक्सी



**सुंदरवन** नामक एक बहुत घना जंगल था। जंगल के राजा का नाम था शेर सिंह। उसी जंगल में एक शैतान फॉक्सी लोमड़ भी रहता था। फॉक्सी को चोरी करने की आदत थी। शेर सिंह ने उसे कई बार धमकाया, लेकिन राजा की डांट का उस पर कोई असर नहीं होता था। हद तो तब हुई जब एक दिन उसने राजमहल में ही हाथ साफ कर लिया।

राजा को पता चलते ही उनका माथा गुस्से से भनभना गया। उन्होंने तुरंत सिपाहियों से कहकर फॉक्सी को खोजने का आदेश दिया। सिपाहियों ने फॉक्सी को खोजकर राजा के सामने पटक दिया। राजा ने क्रोध भरी आवाज में उससे कहा, 'इस जंगल से निकल जा दुष्ट, अगली बार इस जंगल में दिखा, तो तेरी खैर नहीं।'

राजा की धमकी सुनने के बाद फॉक्सी ने फटाफट अपना सामान बांधा और जंगल छोड़ चलता बना। चलते-चलते उसे रास्ते में नंदन वन मिला। तभी उसे याद आया कि उसने एक किताब में पढ़ा था कि नंदन वन में जानवर बहुत सीधे और अंधविश्वासी हैं। फॉक्सी ने जंगल छोड़ दिया था, पर शैतानी तो अभी भी उसमें भरी पड़ी थी। उसके मन में विचार आया, 'क्यों न मैं फॉक्सी लोमड़ से फॉक्सी पुजारी बन जाऊं और यहां के सभी जानवरों को मूर्ख बनाऊं।' रास्ते में उसने साधु के वस्त्र पहने और तालाब के किनारे एक पेड़ के नीचे समाधि लगाकर बैठ गया। फॉक्सी के पास झोले में रिमोट कंट्रोल वाला एक हैलीकॉप्टर था। उसने हैलीकॉप्टर को बाहर निकाला और रिमोट को झोले में छुपाकर रख दिया। वह अभी समाधि लगाकर बैठा ही था की पास से गुजरते डम्पी टाइगर की नजर फॉक्सी पुजारी पर पड़ी।

डम्पी टाइगर फॉक्सी के पास गया, उसे प्रणाम किया और आशीर्वाद लिया। तभी फॉक्सी ने चुपके से झोले में रखे रिमोट का बटन दबाया और सामने रखा हैलीकॉप्टर हवा मैं उड़ने लगा। यह चमत्कार देखकर डम्पी हैरान रह गया। जब वह शाम को घर लौटा, तो उसमे नंदन वन के सभी जानवरों को फॉक्सी के चमत्कार के बारे में बताया। सभी जानवर डम्पी की बात को ध्यान से सुन रहे थे, लेकिन फॉस्टा हाथी को कुछ गड़बड़ लगी। उसने सभी जानवरों को समझाया कि हमें किसी पर भी इतनी जल्दी विश्वास नहीं करना चाहिए, लेकिन किसी ने फॉस्टा की बात नहीं मानी।

हैल्पी पैरट फॉस्टा का पक्का दोस्त था। उसने हैल्पी से फॉक्सी पर बराबर नजर रखने को कहा। कुछ ही दिनों में फॉक्सी के चमत्कार की बातें चारों ओर फैल गईं। सभी जानवर उसके दर्शन करने आते और आशीर्वाद लेकर वापस चले जाते। फॉक्सी के दिन अच्छे गुजरने लगे। उसने सोचा, 'क्यों न अब अपने दोस्त बोस्टी मगरमच्छ को भी यहीं बुला लिया जाए। वह तालाब में आराम करेगा और मैं यहां पेड़ के नीचे। और इस तरह दोनों मिलकर सभी जनवरों को उल्लू बनाएंगे।'

फॉक्सी के बुलावे पर बोस्टी मगरमच्छ भी वहां पहुंच गया। अब दोनों मिलकर सभी जानवरों को मूर्ख बनाने लगे। फॉक्सी कहता- 'देखना मैं सवाल करूंगा तो ये पानी भी जवाब देगा।' फिर वो कुछ पूछता, तो बोस्टी पानी के नीचे से जवाब देता। इस प्रकार उसका विश्वास सारे जानवरों पर बन गया। अब जानवरों ने उसे पैसे भी देने शुरू कर दिए। फॉक्सी पुजारी बनकर खूब मजे करने लगा।

अब फॉक्सी के पास बहुत सारा धन भी हो गया। उसने सोचा क्यों न कोई ऐसी तरकीब सोची जाए, जिससे वह और भी तेज़ी से धन कमाने लगे। एक दिन उसने नंदन वन में घोषणा की कि उसने एक दिव्य फल 'ब्लू एप्पल' बनाया है, जिसे देखने के 50 रुपए और खाने के 500 रुपए लगेंगे। सभी जानवर सोचने लगे कि 500 रुपए तो बहुत ज्यादा होते हैं, क्यों न 50 रुपए में उस दिव्य फल के दर्शन किए जाए। अब सभी जानवर 50 रुपए में बारी-बारी उस ब्लू एप्पल के दर्शन करने गए, जिसे फॉक्सी ने एक गुफा के अंदर रखा था। इस प्रकार पहले ही दिन उसने बहुत सारे रुपए कमा लिए।

डम्पी टाइगर फॉक्सी का अंधभक्त बन चुका था। उसने ठान लिया था कि चाहे कितने भी पैसे लग जाएं, उसे तो वो ब्लू एप्पल प्राप्त करना है। उसने कई जानवरों से उधार लेकर 500 रुपए जमा किए और फॉक्सी के पास पहुंचा। डम्पी ने जब फल खाने की इच्छा व्यक्त की, तो फॉक्सी उलझन में पड़ गया। वह सोचने लगा, 'यह तो सोचा ही नहीं था कि कोई इतने सारे पैसे भी इकट्ठे कर लेगा। अब खैरियत इसी में है कि सारे पैसे लेकर यहां से चम्पत हो जाऊं, नहीं तो मेरी पोल खुल जाएगी और सभी जान जाएंगे कि यह कोई दिव्य फल नहीं बल्कि रंग लगाया लोहे का एक गोला है।'

फॉक्सी डम्पी को सेब बेचकर और सारे पैसे जमाकर वहां से भागने लगा। अभी वह कुछ दूर पहुंचा था कि उसे हैल्पी पैरट ने देख लिया। वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा, 'पकड़ो-पकड़ो..फॉक्सी सभी के पैसे ले भाग रहा है। मैंने उसपर बराबर नजर रखी थी। मैंने उसे तलाब में एक मगरमच्छ से बात करते हुए भी सुना था। पकड़ो जाने न पाए।' हैल्पी की आवाज सुनकर डम्पी गुफा से बाहर निकला। उसे भी सब कुछ पता चल गया था। वह तेजी से भागा। फॉक्सी को गर्दन से पकड़ा और जमीन पर पटक दिया। डम्पी गुस्से में बोला-'बदमाश.ढोंगी.लोहे के फल को दिव्य फल कहता है। बाप रे, मेरे तो दांत ही टूट गए।'

सभी जानवरों ने मिलकर फॉक्सी की खूब धुनाई की और अपने-अपने पैसे वापिस लिए। फॉक्सी रो-रो कर मांफी मांगने लगी, लेकिन किसी ने उसे माफ नहीं किया। हैल्पी पैरेंट ने कहा, 'इसका एक साथी पानी के अंदर है, उसे भी पकड़ो।' तब तक शाम हो चली थी। अंधेरा होने के कारण पानी में कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। तब फॉस्टा एलीफेंट ने फायर टार्च की मदद से बोस्टी मगरमच्छ को पानी से बाहर निकाला। बाद में दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। जब सभी जानवर अपने-अपने घर जाने लगे तो फॉस्टा बोल पड़ा, 'आंख मूंदकर किसी पर विश्वास करने का नतीजा देखा। अगर हैल्पी पैरेट समय पर फॉक्सी को न देखता, तो वह आज हम सभी के पैसे लेकर भाग जाता।' फॉस्टा की इस बात पर सभी जानवरों ने सहमति मे सिर हिलाए और भविष्य में कभी अंधविश्वास न करने की ठान ली।

# उदार दिल के और दयालु होते हैं चूहे



**चूहों** के बारे में गलत राय रखने वालों को धारणा बदलनी होगी। एक अनुसंधान कहता है कि वे दयालु और उदार होते हैं। शिकागो विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने प्रयोग के लिये चूहों को जोड़ों में रखा ताकि वे एक दूसरे को जान सकें। इसके बाद उन्होंने एक को चूहेदानी के भीतर एक पारदर्शी ट्यूब के भीतर रख दिया और पाया कि दूसरा चूहा काफी निराश हुआ और उसे बाहर निकालने का प्रयास करने लगा। हैरान करने वाली बात तब सामने आयी जब उन्होंने देखा कि चूहेदानी में फंसे अपने साथी के लिये बाहर का चूहा काफी परेशान नजर आया। दिलचस्प बात यह पायी गयी कि चुहिया चूहों की तुलना में अधिक संवेदनशील नजर आयी। डेली मेल के अनुसार प्रयोग के दौरान पाया गया कि चूहेदानी में फंसे चूहे को देखकर आसपास चक्कर लगाता दूसरा चूहा काफी गुस्से में है। इससे साबित हुआ कि वह तकलीफ देखकर व्यथित है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह रही कि आजाद चूहा यह समझ गया कि कैसे ट्यूब से उसे निकाला जा सकता है। साइंस पत्रिका में प्रकाशित रिपोर्ट में अध्ययन के अगुआ इनबाल बेन एमी बर्टल ने कहा कि हम इन चूहों को प्रशिक्षित नहीं कर रहे हैं। वे अंदर की भावना से प्रेरित होकर सीख रहे है। हम उन्हें नहीं दिखा रहे कि कैसे चूहेदानी का दरवाजा खोला जाये। बर्टल ने कहा कि दरवाजा खोलना काफी कठिन था। लेकिन वे अनवरत प्रयास करते रहे और आखिरकार सफल रहे। प्रयोग में पाया गया कि चूहेदानी में रखे गये खिलौने को छुड़ाने में चूहों की दिलचस्पी नहीं थी। वास्तविक चूहे के लिये ही वे बैचेन थे। प्रयोग के अगले चरण में उन्हें चाकलेट लेकर लालच दिखाकर परखा गया। हैरानी की बात थी कि आजाद चूहे ने फंसे साथी को मुक्त कराने तक मनपसंद चाकलेट नहीं खाया। अनुसंधानकर्ता पेगी मैसन ने कहा कि यह काफी भावनात्मक था। चाकलेट की तुलना में चूहेदानी में फंसे चूहे की आजाद चूहे को अधिक चिंता थी। हम हतप्रभ थे। रिपोर्ट के अनुसार चूहे की तुलना में चुहिया का अपने साथी को छुडाने के लिये किया गया अधिक प्रयास मातत्व के गुण को दर्शाता है कि वे अधिक उदार और दयालु होती हैं।

# बुराई को भलाई से जीतने वाला राजा ही श्रेष्ठ



**एक** बार मल्लिक राजा और ब्रह्मदत्त राजा के रथ संकरे रास्ते में आमने-सामने मिल गए। चूंकि दोनों राजाओं के रथ एक साथ निकल नहीं सकते इसलिए दोनों के सारथी एक-दूसरे से पीछे हटने के लिए कहने लगे किंतु कोई भी अपना रथ पीछे खींचने के लिए तैयार नहीं हुआ। बहुत समय तक दोनों में बहस चलती रही। आखिर में ब्रह्मदत्त राजा के सारथी ने कहा कि- दोनों राजाओं में जो श्रेष्ठ और महान है उसका रथ पहले निकलना चाहिए।

मल्लिक सारथी ने कहा कि- दोनो राजा राज्य और सम्पत्ति में समान हैं, दोनों की उम्र भी बराबर है। तो फिर इस बात का निर्णय कैसे हो सकता है? ब्रह्मदत्त राजा के सारथी ने कहा- जो सदगुण और सदाचार में श्रेष्ठ है उसका रथ पहले निकलेगा। मल्लिक राजा के सारथी ने कहा कि- यह बिल्कुल ठीक है तब तो पहले मेरे राजा का रथ ही पहले जाएगा। क्योंकी वह कठोर आदमी को कठोरता से और कोमल आदमी को कोमलता से जीतते हैं।

किंतु मेरे राजा क्रोधी को क्षमा से, स्वार्थी और कंजूस को उदारता से और दुराचारी को सदाचार से जीतते हैं। ब्रह्मदत्त राजा के सारथी ने बीच में ही मल्लिक राजा के सारथी को टोकते हुए कहा। ये वार्तालाप सुनकर मल्लिक राजा ने कहा- ब्रह्मदत्त का रथ पहले जाना चाहिए क्योंकी वह मुझसे ज्यादा श्रेष्ठ और महान है। इसकी वजह यह है कि वह दुर्गुण को सदगुण से जीतता है, बुराई को भलाई से जीतता है। मल्लिक राजा के सारथी ने रथ वापस मोड़ लिया और ब्रह्मदत्त राजा के रथ को आगे बढ़ने दिया।

## जब चोर और बंता में हुई उठापटक

**बंता** एक रात घर लौट रहा था। अचानक एक चोर उस पर झपट पड़ा। बंता और चोर में जबर्दस्त उठापटक हुई। दोनों एक दूसरे को जमीन पर पटकने की कोशिश करने लगे। आखिरकार चोर ने बंता को जमीन पर पटक दिया। चोर बंता की जेब में हाथ डालकर टटोलने लगा। बंता की जेब में उसे 25 पैसे का सिक्का मिला। यह देखकर चोर बहुत हैरान हुआ कि इसी 25 पैसे को बचाने के लिए यह आदमी उससे भिड़ गया। इधर बंता भी उतना ही हैरान था। चोर के हाथ में 25 पैसे देख उसने कहा, 'बस इसी के लिए मेरे पीछे पड़े थे? मुझे लगा मेरे जूते में रखे पांच सौ रुपए छीनने के लिए मेरे पीछे पड़े हो।'

## हास्य

## संता का 'बी' साइड



**संता** और बंता एक पेड़ के नीचे बैठे हुए थे और संता गाना गा रहा था। चार गाने गाने के बाद संता ने अपने आपको उल्टा लटका लिया और फिर से गाना, गाना शुरु कर दिया।

ये सब देखकर बंता ने संता से पूछा कि ये तुमको क्या हो गया। तुम उल्टे क्यों लटके हो?

संता ने जबाब दिया कि 'अब मैं 'बी साइड' से गाना गा रहा हूं'।

## रास्ता ढुंढो



## रंग भरो



## जिज्ञासा

# पानी साफ करेंगी सूर्य की किरणें



**पड्यरु** यूनिवर्सिटी के शोधार्थियों ने एक प्रोटोटाइप वॉटरडिस्फंक्शन सिस्टम तैयार किया है, जो सूर्य की किरणों से पानी को साफ कर उसे पीने या रसोई के अन्य कामों के इस्तेमाल के लायक बनाएगा। इस विधि में अल्ट्रावॉयलेट किरणों पानी में पाए जाने वाले कीटाणुओं को साफ **तकनीक :** इसके लिए एक खास उपकरण बनाया गया है। इसमें पेराबोलिक रिफ्लेक्टर सूर्य के प्रकाश को यूवी ट्रांसपेरेंट पाइप पर परावर्तित करेगा। इस पाइप में पानी बह रहा होगा। सूर्य की पराबैगनी किरणें पानी में पाए जाने वाले विभिन्न रोगाणुओं को नष्ट कर देंगी। इसके लिए रिफ्लेक्टर में एल्युमीनियम फॉयल का प्रयोग किया जाएगा। इससे ई-कोली बैक्टीरिया को नष्ट किया जा सकेगा। यह तकनीक न सिर्फसस्ती है, बल्कि कहीं पर भी इस्तेमाल में लाई जा सकती है। इसका फायदा विकासशील राष्ट्रों को होगा।

**फायदा :** तमाम विकासशील देशों में अधिसंख्य आबादी के पास पीने या रसोई के इस्तेमाल लायक साफपानी का अभाव है। इस कारण वे प्रदूषित पानी के इस्तेमाल को मजबूर हैं। इसी का परिणाम है कि हर साल लाखों बच्चे डायरिया के शिकार हो जाते हैं। जो बच भी जाते हैं, वे डिहाइड्रेशन से ग्रस्त रहते हैं। अनुमान के मुताबिक दुनिया भर के अस्पतालों के आधे से ज्यादा बेड पानी जनित बीमारियों से ग्रस्त मरीजों से भरे रहते हैं।

**आगे क्या :** अब वैज्ञानिक इस से विब्रियो कॉलरा और टायफाइड देने वाले रोगाणुओं के सफाए की दिशा में काम कर रहे हैं। सूर्य की प्राकृतिक पराबैंगनी किरणों की वेवलेंथ कृत्रिम यूवी स्रोत की तुलना में ज्यादा लंबी होती है। इस कारण इसकी मदद से अधिक प्रभावी ढंग से पानी को साफ किया जा सकेगा। फिलहाल यह उपकरण लगभग 100 डॉलर में तैयार हो रहा है।

# नाक से पैदा होगी बिजली?



**नाक** से पैदा होगी बिजली..सुनने में ये कुछ अजीब लगता है पर विस्कॉन्सिन-मेडिसन यूनिवर्सिटी के इंजीनियरों ने दावा किया है कि वह जल्द ही ऐसी तकनीक बना लेंगे, जिससे आदमी के श्वसन तंत्र के जरिए बिजली पैदा की जा सकेगी। इसमें कुछ विशेष प्रकार के विद्युत सेंसर नाक में लगाए जाएंगे जिससे सांस लेते समय ऊर्जा पैदा होगी। इस तकनीक को लेकर एक रिपोर्ट एनर्जी एंड एनवायरमेंटल साइंस जर्नल में प्रकाशित हुई है।

**कैसे पैदा होगी बिजली**

वैज्ञानिकों ने एक खास 'माइक्रोबेल्ट' बना ली है जो हल्की सी भी हवा के गुजरने से कंपन करती है। इंजीनियरों की टीम के प्रमुख प्रोफेसर जूडॉन्ग वांग ने बताया कि पॉलीविनायलीडीन फ्लोराइड (पीवीडीएफ) यंत्र मामूली से यांत्रिक दबाव से ऊर्जा का उत्पादन करने लगती हैं।

ञइस प्रक्रिया को पीजोइलेक्ट्रिक इफेक्ट कहते हैं। वांग के मुताबिक शरीर के किसी भी हिस्से में जहां पर यांत्रिक दबाव का क्षेत्र बनता है वहां पर इस तकनीक का प्रयोग कर बिजली पैदा की जा सकती है।

**माइक्रोवॉट में पैदा होगी बिजली**

नाक और चेहरे पर लगाई जाने वाली ये तकनीक माइक्रोवाट में बिजली पैदा करेंगे। जिन्हें नैनो टेक्नोलॉजी आधारित प्रक्रिया से बनाए गए छोटे-छोटे जनरेटर कहीं भी सप्लाई कर सकते हैं। इतना ही नहीं इससे मेडिकल साइंस में चमत्कार होगा। आदमी की धड़कन, ब्लड प्रेशर, शुगर, पेसमेकर बैटरी की स्थिति का सही-सही पता चल सकेगा। पेसमेकर बैटरी तो चार्ज भी हो जाएगी, उसे बदलने का झंझट खत्म होगा और खर्चा भी बचेगा।

**भविष्य में और प्रयोग**

इस तकनीक के सफल होने के बाद शरीर में खून के प्रवाह, गति, शरीर के तापमान आधारित नई विद्युत उत्पादन प्रणालियां बनाई जाएंगी। क्योंकि पीवीडीएफ शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाता, और यह एक बेहद छोटा उपकरण है, जो शरीर में कहीं भी लगाया जा सकता है, जिसका मनुष्य को पता भी नहीं चलेगा

शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दें



# बांग्लादेश के 11 जिलों में बाढ़ से हालात बदतर, 44 लाख लोग फंसे

**ढाका, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** बांग्लादेश के 11 जिलों में बाढ़ से हालात बदतर हो गए हैं। कुमिला और चट्टोग्राम में तो गुमती और हल्दा नदियों के तटबंधों के कुछ हिस्से बह गए। कमिला और चट्टोग्राम सहित 11 जिलों में 44 लाख लोग फंसे हुए हैं। इस जल आपदा में इन जिलों में 15 लोगों की मौत हो गई।आपदा प्रबंधन मंत्रालय के सहायक सचिव हसन अली ने कहा है कि कमिला में चार, चटोग्राम में चार, फेनी में एक, नोआखाली में एक, ब्राह्मणबारिया में एक, लक्ष्मीपुर में एक और कॉक्स बाजार में तीन लोगों की मौत हो गई। बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र द डेली स्टार ने यह जानकारी दी है।

**सात नदियां अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं**

सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश में बाढ़ पूर्वानुमान केंद्र के एक बुलेटिन में कहा गया है कि जैसे ही कमिला, ब्राह्मणबारिया, फेनी और भारत के त्रिपुरा में बारिश रुकी, नदियों का जलस्तर कुछ कम हो गया। केंद्र के कार्यकारी अभियंता सरदार उदय रायहान का कहना है कि लेकिन सात नदियां अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। फेनी में संकट सबसे गंभीर है। हजारों लोगों को मोबाइल फोन काम नहीं कर रहे। फेनी में 94 प्रतिशत से अधिक मोबाइल टावर खराब हो गए हैं। दूरसंचार नियामक ने कहा है कि 12 जिलों में 1,807 टावर खराब हो गए।

आपदा प्रबंधन मंत्रालय के सचिव कमरुल हसन ने संवाददाताओं से कहा कि विभिन्न जिलों के 77 उप जिले लगभग जलमग्न हो गए हैं। कुमिल्ला के बुरिचोंग में गुमती नदी पर तटबंध ढह जाने से लगभग पांच लाख लोग फंस गए।

## न्यूज ब्रीफ

### रूस में जेल कर्मचारियों को बंधक बनाने वाले कैदियों को सुरक्षाकर्मियों ने किया ढेर



**मास्को।** रूस की एक जेल में कैदियों द्वारा जेल स्टाफ को बंधक बनाने की घटना में सुरक्षा कर्मियों ने चार कैदियों की मार गिराया है। हालांकि इस घटना में बंधक 12 लोगों में से चार जेल स्टाफ कर्मचारियों की भी मौत हो गई। रूसी संघीय दंड सेवा (एफएसआईएन) के एक बयान में यह जानकारी दी गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक रूस की सबसे सुरक्षित जेलों में से एक आईके-19 में चार कैदियों ने आठ कर्मचारियों और चार अन्य कैदियों सहित कुल 12 लोगों को बंधक बना लिया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अपराधियों ने चार कर्मचारियों चाकू से कई बार वार किया, इन हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई। इस हमले में चार अन्य लोगों को भी गंभीर चोटें आईं, जिहें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इसके बाद अस्पताल में भी एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या चार हो गई। इसके बाद जेल कर्मचारियों और रूसी नेशन सिक्योरिटी गार्ड्स ने एक विशेष अभियान चलाकर चारों अपराधियों को मार गिराया। रूसी जांच समिति ने इस पूरी घटना में आपराधिक मामले के तहत जांच शुरू कर दी है।

### म्यांमा में दो स्वतंत्र पत्रकारों की सेना की छापेमारी में हत्या



**बैंकॉक।** म्यांमा में दो स्वतंत्र पत्रकारों की सेना की छापेमारी के दौरान हत्या कर दी गई। इसकी जानकारी मारे गए पत्रकारों के साथियों और मीडिया से सामने आयी है। एक पत्रकार की हत्या दक्षिणी राज्य मोन में स्थित घर पर सुरक्षा बलों के छापा मारने के बाद बंधक बनाए जाने के दौरान हुई। मारे गए पत्रकारों की पहचान डेमोक्रेटिक वॉइस ऑफ बर्मा (डीवीबी) के लिए स्वतंत्र रूप से काम करने वाले विन ह्तूत (26) और ह्तेत म्यात तू (28) के रूप में हुई है। फरवरी 2021 में आंग सान सू ची की निर्वाचित सरकार का तख्तापलट करके सत्ता पर काबिज होने वाली सेना के सुरक्षा बलों के हाथों पत्रकारों की हत्या का यह सबसे ताजा मामला है। पत्रकारों की हत्याओं व गिरफ्तारियों की जानकारी रखने वाले मीडियाकर्मियों के अनुसार कम से कम पांच अन्य मीडियाकर्मियों की हत्या कर दी गई है और कई अन्य को हिरासत में लेकर प्रताड़ित किया गया है। डीवीबी की सिटीजन जर्नलिस्ट नेटवर्क कार्यक्रम के प्रमुख खिन युपर ने शुक्रवार को बताया कि मोन राज्य के क्याखतो क्षेत्र के लेटप्या गांव में ह्तेत म्यात तू के घर पर बुधवार सुबह नौ बजे सुरक्षा बलों ने छापा मारा था। उस समय क्यैख्तो रिवोल्यूशन फोर्स से जुड़े उनके दोस्त उनसे मिलने आ रहे थे। क्यैख्तो रिवोल्यूशन फोर्स सैन्य शासन का विरोध करने के लिए गठित कई स्थानीय सशस्त्र प्रतिरोध बलों में से एक है। उन्होंने कहा कि जुलाई से घर में रह रहे विन ह्तूत और प्रतिरोध समूह के एक सदस्य की छापे के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई, और एक अन्य गुरिल्ला और ह्तेत म्यात तू को सैनिकों द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद मार दिया गया।

### जर्मनी में चाकू से किए गए हमले में तीन लोगों की मौत



**बर्लिन, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** पश्चिमी जर्मन शहर सोलिंगन में शुक्रवार शाम चाकू से किए गए हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। जर्मन मीडिया ने यह जानकारी दी है।यह हमला उस समय हुआ जब शहर की स्थापना की 650वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक उत्सव चल रहा था। फिलहाल बचावकर्मी घायलों की मदद कर रहे हैं। कथित तौर पर इस उत्सव में करीब 80,000 लोग मौजूद थे। स्थानीय समयानुसार रात करीब 10 बजे एक व्यक्ति ने चाकू से कार्यक्रम में शामिल लोगों पर हमला कर दिया। इसके बाद पुलिस ने एक बड़ा अलर्ट और गोलीबारी का अलर्ट जारी किया। समारोह को तुरंत रद्द कर दिया गया और आगंतुकों को जाने के लिए कहा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**अमेरिकी सेना का दावा**

# अल-कायदा से जुड़े आतंकी संगठन के प्रमुख को सीरिया में मार गिराया

**वॉशिंगटन, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** अमेरिकी सेना ने शनिवार को दावा किया है कि उन्होंने खूंखार आतंकी संगठन अल कायदा से जुड़े संगठन के प्रमुख को सीरिया में ढेर कर दिया है। अमेरिकी सेना ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि हुरास अल दीन शूरा के परिषद सदस्य और शीर्ष आतंकी अबु अब्दुल रहमान अल मक्की को सीरिया में मार गिराया है। हुरास अल दीन, अल-कायदा से जुड़ा संगठन है और सीरिया में सक्रिय है। अमेरिका और पश्चिमी देशों के खिलाफ हमले में इस संगठन का नाम सामने आया है।



### आतंकवादी को ड्रोन हमले में किया ढेर

सीरिया में युद्ध के हालात में मानवाधिकारों पर नजर रखने वाले एक संगठन ने बताया कि सीरिया के दक्षिणी इलाके इदलिब में एक मोटरसाइकिल पर ड्रोन हमला हुआ। इसी हमले में मक्की की मौत हो गई। मक्की को सऊदी अरब का नागरिक बताया जा रहा है। गौरतलब है कि सीरिया में अमेरिका के करीब 900 सैनिक तैनात हैं, जो अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के तहत वहां मौजूद हैं। इस्लामिक कट्टरपंथियों से मुकाबले के लिए सीरिया में अंतरराष्ट्रीय सैनिकों की तैनाती की गई थी।

अमेरिकी सेना ने बीते जून में भी सीरिया में एक हवाई हमले में खूंखार आतंकी संगठन आईएसआईएस के शीर्ष आतंकी को ढेर किया था। यूएस सेंट्रल कमांड ने जानकारी देते हुए बताया था कि मारे गए आतंकी की पहचान आईएसआईएस संगठन के सदस्य उसामा जमाल मुहम्मद इब्राहिम अल-जनाबी के रूप में की गई थी। वहीं यूएस अफ्रीका कमांड ने भी बीते दिनों सोमालिया में किए गए एक हवाई हमले में तीन आईएसआईएस आतंकियों को ढेर का दावा किया था।

### ईरान ने आईएस के 14 आतंकियों को किया गिरफ्तार



**तेहरान।** ईरान के खुफिया मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि आतंकवाद विरोधी बलों ने देश के चार प्रांतों से आईएस के 14 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। मंत्रालय ने कहा है कि आतंकवादी पिछले कुछ दिनों में अभियानों को अंजाम देने के प्रयास में अवैध रूप से ईरान में दाखिल हुए थे।

आतंकवादियों का नेतृत्व आईएस खुरासान समूह कर रहा था। आतंकवादियों को तेहरान, अल्बोर्ज, फार्स और खुजेस्तान प्रांतों में गिरफ्तार किया गया है। जिनमें से आधे को अकेले फार्स से पकड़े गए हैं। जांच और पूछताछ के संबंध में बाद में जानकारी दी जाएगी। आईएस-खुरासान समूह आइएस की एक क्षेत्रीय शाखा है, जो दक्षिण-मध्य एशिया, मुख्य रूप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय है।

**नेपाल बस हादसा**

# घायलों से भारत की मंत्री रक्षा खडसे ने की मुलाकात



**काठमांडू, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** भारत की खेल एवं युवा मामलों की राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने नेपाल बस हादसे में घायल हुए 16 लोगों से शनिवार को काठमांडू के टीचिंग अस्पताल में मुलाकात की। खडसे के साथ नेपाल के गृहमंत्री रमेस लेखत भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर मंत्री रक्षा खडसे सुबह काठमांडू पहुंचीं और यहां से अस्पताल जाकर घायलों का हालचाल जाना। हादसे में जान गंवाने वाले 27 यात्रियों का शव भारतीय वायुसेना के विमान से महाराष्ट्र के नासिक ले जाया जाएगा।

पोखरा से काठमांडू जा रही भारतीय पर्यटकों की बस (यूपी 53 एफटी 7623) के शुक्रवार को मार्स्यांगदी नदी में गिर जाने से 27 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। बस में चालक एवं परिचालक सहित 43 यात्री सवार थे।

सभी घायलों को इलाज के लिए शुक्रवार को ही हेलीकॉप्टर से काठमांडू लाया गया था। बस में सवार सभी यात्री महाराष्ट्र के हैं और उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से बस से नेपाल में दाखिल हुए थे।

यह हादसा काठमांडू से 118 किमी दूर नेपाल के तनहुं जिले में हुआ। बस सड़क से करीब 300 मीटर नीचे गिर गई थी।

### दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हीरा मिला, वजन लगभग आधा किलो

**गेबरोन।** 1905 में दुनिया का सबसे बड़ा हीरा खोजा गया था। यह हीरा 3106 कैरेट का था। 1 कैरेट में 200 मिलीग्राम होते हैं। इससे आप अनुमान लगा सकते हैं कि यह हीरा कितना बड़ा था। अब 119 साल बाद एक और हीरा मिला है जिसे दुनिया का अब तक का दूसरा सबसे बड़ा डायमंड कहा जा रहा है। इसका वजन लगभग आधा किलो है। यह हीरा 2492 कैरेट का है। इसे बोत्सवाना में एक कनाडाई माइनिंग कंपनी द्वारा खोजा गया है। दुनिया में जितने हीरे निकलते हैं उनका 23 फीसदी बोत्सवाना से आता है। इस हीरे को बोत्सवाना की राजधानी गेबरोन से करीब 500 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कैरो खदान से निकाला गया है।

**बांग्लादेश की मदद तो एक बहाना है**

# भारत विरोधी सरकार को अपने करीब लाने में जुटा पाकिस्तान

**ढाका/इस्लामाबाद, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद नाहिद इस्लाम ने भारत पर असहयोग का आरोप लगाया और दावा किया कि बिना किसी पूर्व चेतावनी के त्रिपुरा बांध के गेट खोले गए। भारत ने इससे इनकार किया है। इस मौके का फायदा अब पाकिस्तान उठाना चाहता है।पाकिस्तान जिसके पास खुद खाने के लिए नहीं है उसने बाढ़ में मदद करने को कहा है। पाकिस्तानी प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने गहरा दुख जताते हुए कहा बांग्लादेश को सहायता की पेशकश की है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ मोहम्मद यूनुस को लिखे पत्र में शरीफ ने बांग्लादेश के लोगों के साथ पाकिस्तान की एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा कि वह उन लोगों के साथ खड़े हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों, घरों और आजीविका को खो दिया है। पाकिस्तानी पीएम की ऑफिस की ओर से इसे लेकर जानकारी दी गई। बता दें कि बांग्लादेश में इस समय बाढ़ से हालात खराब है। अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 48 लाख लोग बांग्लादेश की बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। पिछले कुछ दिनों में भारी बारिश के कारण ऐसे हालात हो गए हैं। कई भारतीय इलाके भी प्रभावित हुए हैं। लेकिन बाढ़ के लिए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भारत को जिम्मेदार ठहराने में लगी है।



शरीफ ने बांग्लादेश की तारीफ करते हुए कहा कि बांग्लादेशी लोग अपनी बहादुरी और ताकत के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि देश का नेतृत्व इस चुनौतीपूर्ण समय में उनका मार्गदर्शन करेगा। उन्होंने बांग्लादेश को कोई भी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए पाकिस्तान की तत्परता की पुष्टि की। कई हफ्तों की राजनीतिक उथल-पुथल के बाद बांग्लादेश में नई सरकार आई है। उसे अब भीषण बाढ़ की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बांग्लादेश सैकड़ों नदियों से घिरा है जिसा कारण अक्सर बाढ़ का अनुभव करता है। खास तौर से मानसून के मौसम में यहां स्थिति खराब हो जाती है। बांग्लादेश में आई भारत विरोधी सरकार ने अपना प्रोपेगेंडा शुरू कर दिया है। वह बाढ़ के लिए भारत को जिम्मेदार बता रही है। साथ ही बांग्लादेश के सोशल मीडिया पर बांध के पुराने वीडियो को यह कहकर शेयर किया जा रहा है कि भारत ने पानी छोड़कर बांग्लादेश में बाढ़ ला दी है।

# रूस के कुर्स्क क्षेत्र में अमेरिकी ग्लाइड बमों का इस्तेमाल करने का यूक्रेन ने किया दावा

**कीव, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन ने अमेरिकी ग्लाइड बमों का इस्तेमाल करने और खारकीव के पूर्वी क्षेत्र में पुनः कब्जा करने का दावा किया है। हालांकि रूस ने खारकीव में बड़ा आक्रमण शुरू किया था। यूक्रेन के वायुसेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मायकोला ओलेशुक ने गुरुवार रात एक वीडियो जारी किया, जिसमें कुर्स्क क्षेत्र में रूसी प्लाटून बेस पर हमला होते दिखाया गया। उन्होंने कहा कि जीबीयू-39 बमों से किये गए हमले में रूसी हताहत हुए तथा उपकरण नष्ट हो गए। वीडियो में कई विस्फोट और घटनास्थल पर धुएं का गुबार उठता हुआ दिखाया गया।



यूक्रेन की सेना की एक अन्य आक्रमण ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि उसके सैनिक खारकीव क्षेत्र में लगभग दो वर्ग किलोमीटर तक आगे बढ़ गए हैं। हालांकि यह यह जानकारी नहीं दी गयी है कि हमला कब किया गया और आक्रमण का क्षेत्र क्या था। यह अनुमान लगाना कठिन है कि इसका युद्धक्षेत्र पर और अधिक प्रभाव पड़ेगा या नहीं।

यूक्रेन द्वारा खारकीव क्षेत्र में कथित जवाबी हमला ऐसे समय में किया गया है, जब उसकी सेनाओं ने इस महीने युद्ध के मैदान में बदलाव किया है। कीव ने छह अगस्त को रूस के पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र में एक आक्रामक हमला किया था, साथ ही सैन्य और ईंधन लक्ष्यों के खिलाफ ड्रोन युद्ध को तेज कर दिया। इन हमलों में रूस को बड़े नुकसान का दावा किया गया। शुक्रवार को इन हमलों से हुए नुकसान और घायलों के बारे में कुछ नए विवरण सामने आए। 'एसोसिएटेड प्रेस' द्वारा विश्लेषण की गई उपग्रह तस्वीरों से पता चला है कि वोल्गोग्राद क्षेत्र में सुदूर रूसी हवाई अड्डे को निशाना बनाकर किए गए यूक्रेनी ड्रोन हमले में वहां काफी नुकसान पहुंचा है। इस हवाईअड्डे पर कथित तौर पर युद्ध में मॉस्को द्वारा इस्तेमाल किए गए ग्लाइड बम रखे गए थे।इस बीच, रूस के क्रास्नोडार क्षेत्र के कावकाज बंदरगाह पर एक मालवाहक नौका पर हुए हमले में 13 लोग घायल हो गए। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने यह जानकारी दी।

यूक्रेन को हाल में युद्ध में मिली बढ़त से उसके सैनिकों के हौसले बुलंद है। यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों को उम्मीद है कि रूस के खिलाफ मिली यह बढ़त कूटनीतिक मोर्चे पर कीव की स्थिति को मजबूत करेगी।

# लाल सागर में हूती समूह के यूनानी जहाज पर हमला ,चालक दल के सदस्य सुरक्षित

**अदन, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** लाल सागर में यूनान के एक तेल टैंकर जहाज पर हूती विद्रोहियों ने हाल ही में हमला कर दिया जिससे उसमें आग लग गयी और जहाज के डूबने की आशंका है। राहत की बात यह रही कि चालक दल के सभी 25 सदस्यों को बचा लिया गया है। ब्रिटेन मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने शुक्रवार को बताया कि यूनान के एमवी सोयूनियन नाम के इस जहाज पर बंदरगाह शहर होदेइदाह से लगभग 77 समुद्री मील (लगभग 143 किलोमीटर) पश्चिम में पिछले दो दिनों से यमन के हूती समूह द्वारा तीन अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला किया गया, जिससे, जहाज में आग लग गई और इंजन बंद हो गया। यूकेएमटीओ ने बताया कि यूनान स्वामित्व वाले और ध्वजांकित तेल टैंकर के सभी 25 चालक दल के सदस्यों को एक यूरोपीय युद्धपोत द्वारा सफलतापूर्वक बचा लिया गया है।यूरोपीय संघ के लाल सागर नौसैनिक मिशन 'एस्पाइड्स' ने एक बयान में पुष्टि की कि उसके एक जहाज ने बचाव अभियान के दौरान एक मानवरहित सतही जहाज को नष्ट कर दिया था।



चालक दल के सदस्यों को बाद में जिबूती ले जाया गया। 'एस्पाइड्स' ने चेतावनी दी कि जहाज में लगी आग से अब नौवहन और पर्यावरण दोनों के लिए खतरा बन गया है। यमन के विद्रोही संगठन हूती ने गुरुवार को इस हमले की जिम्मेदारी ली। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने समूह के अल-मसीरा टीवी के माध्यम से कहा कि उनके समूह ने यूनानी जहाज सोयूनियन को निशाना बनाया क्योंकि इसे संचालित करने वाली कंपनी का इजरायल के साथ लेन-देन था। उन्होंने दावा किया कि जहाज पर 'सटीक और सीधा हमला' किया गया था और इसके डूबने का खतरा है। गौरतलब है कि ये हमले लाल सागर में जहाजों पर हूती बलों द्वारा किए गए हमलों की श्रृंखला का हिस्सा हैं। समूह का दावा है कि ये कार्रवाई गाजा में इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के बीच फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता में की गई है। हूती समुद्री हमलों के जवाब में, क्षेत्र में सक्रिय अमेरिकी नेतृत्व वाले नौसैनिक गठबंधन ने हूती सैन्य स्थलों पर हमले बढ़ा दिए हैं। फिलहाल, इसने केवल प्रतिशोधात्मक आदान-प्रदान को और बढ़ाने का काम किया है, जिसमें हूती समूह ने उन जहाजों को निशाना बनाना जारी रखने की कसम खाई है, जो इजरायल से जुड़े हैं।



# भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने वेस्ट दिल्ली लायंस के मालिक राजन चोपड़ा से की मुलाकात

**नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** यहां के श्री अरूण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के पहले संस्करण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी को ईस्ट दिल्ली राइडर्स के खिलाफ मैच के दौरान वेस्ट दिल्ली लायंस को चीयर करते देखा गया।

मनोज तिवारी ने वेस्ट दिल्ली लायंस के मालिक डॉ. राजन चोपड़ा और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली के साथ रोमांचक मैच का आनंद लिया। वेस्ट दिल्ली लायंस का सपोर्ट करने आए मनोज तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए टीम के मालिक डॉ. राजन चोपड़ा ने कहा, मनोज तिवारी जी ने जिस तरफ से टीम का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं उसके लिए मैं उन्हें दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं।

दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के उद्घाटन संस्करण की शुरुआत से पहले, वेस्ट दिल्ली लायंस टीम ने शिक्षा राज्य मंत्री और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय जयंत चौधरी से भी मुलाकात की थी। जिस दौरान केंद्रीय मंत्री चौधरी ने टीम की जर्सी का अनावरण करते हुए पूरी टीम को डीपीएल के लिए शुभकामनाएं दी थीं। मैच की बात करें तो दिल्ली प्रीमियर लीग के 10वें मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने वेस्ट दिल्ली लायंस को 5 विकेट से हरा दिया। अंकित कुमार की 44 गेंदों में 73 रनों की पारी की मदद से वेस्ट दिल्ली लायंस ने 20 ओवरों में 182/9 का स्कोर बनाया, लेकिन ईस्ट दिल्ली राइडर्स के कप्तान हिम्मत सिंह ने 47 गेंदों में नाबाद 65 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

## बुमराह कोहिनूर हीरा है : कार्तिक

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने टीम इंडिया के तेज गेंदबाजी जसप्रीत बुमराह को भारतीय टीम के लिए कोहिनूर हीरा बताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें कप्तान नहीं बनना चाहिए क्योंकि इससे उनके चोटिल होने का खतरा बढ़ जाएगा। बुमराह ने इससे पहले 2022 में एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दौरान स्टैंड-इन कप्तान के रूप में टीम इंडिया का नेतृत्व किया था, जब कप्तान रोहित शर्मा कोरोना संक्रमण के चलते टीम से बाहर थे।


## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने क्रिकेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 38 वर्षीय शिखर धवन ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर अपने संन्यास की घोषणा की। धवन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मैं एक ऐसे मुकाम पर खड़ा हूं, जहां जब मैं पीछे देखता हूं, तो मुझे केवल यादें और एक नया जीवन दिखाई देता है। भारत के लिए खेलना हमेशा से मेरा सपना था और मुझे इसे जीने का मौका मिला। मैं इसके लिए बहुत से लोगों का शुक्रगुजार हूं। सबसे पहले, मेरा परिवार, मेरे बचपन के कोच और फिर मेरी टीम जिसके साथ मैंने इतने सालों तक खेला। मुझे एक नया परिवार, शोहरत और प्यार मिला। लेकिन कहा जाता है कि आगे बढ़ने के लिए आपको पन्ने पलटने की जरूरत होती है।उन्होंने कहा, मैं अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं। अपने क्रिकेट के सफर को अलविदा कहते हुए, मेरे दिल में शांति है। मैंने अपने देश के लिए बहुत खेला है। मैं खुद से यही कहता हूं कि आपको अपने देश के लिए दोबारा नहीं खेलने पर दुखी होने की जरूरत नहीं है, बल्कि खुश रहें कि आपको ऐसा करने का मौका मिला। अपने शानदार करियर में, धवन ने सभी प्रारूपों में भारत का प्रतिनिधित्व किया, लेकिन वनडे उनका पसंदीदा प्रारुप था। 167 मैचों में, बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शानदार प्रदर्शन किया और 44.1 की औसत से 6,793 रन बनाए, जिसमें 17 शतक और 39 अर्द्धशतक शामिल हैं।

### होप और निकलस का दमदार प्रदर्शन साऊथ अफ्रीका को दी मात



**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका की टीम वेस्टइंडीज दौरे पर है। पहला टी20 त्रिनिदाद में खेला गया। पहले टी20 में इंडीज ने शानदार जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से मात दी। इंडीज की जीत में शे होप और निकलस पूरन ने अहम भूमिका निभाई। इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने सीरीज में बढ़त बनाई। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। द.अफ्रीका की ओर से ओपनिंग करने के लिए रिकेलटन और रीजा हेन्डरिक्स उतरे। दोनों खिलाड़ी 4-4 रन बनाकर सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद आए कप्तान का बल्ला भी नहीं चला। कप्तान एडेन मारक्रम 10 गेंदों में 14 रन बनाकर चलते बने। चौथे नंबर पर आए ट्रिस्टन स्टब्स ने 42 गेंदों में शानदार 76 रन की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 8 चौके और 3 छक्के मारे। इसके अलावा पैट्रिक क्रूगर ने 32 गेंदों में 44 रन बना दिए। इस तरह द.अफ्रीका ने 20 ओवर में 174 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए मैथ्यू फोर्डे ने 3 और शमर जोसेफ ने 2 विकेट अपने नाम किए।

### हनुमान जी की महान भक्त हैं युवा क्रिकेटर दीप्ति शर्मा



**नई दिल्ली।** भारत की स्टार क्रिकेटर दीप्ति शर्मा शनिवार को अपना 27वां जन्मदिन मना रही है। उत्तर प्रदेश की ये धाकड़ ऑलराउंडर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अलावा कई टी20 लीग में भी खेलती है और अपने आक्रामक अंदाज के लिए मशहूर है। क्रिकेटर बनना इस खिलाड़ी की पहली पसंद नहीं थी। लेकिन महिला प्रीमियर लीग में हैट्रिक लेने की बात हो या फिर द हंड्रेड में अपनी टीम को चैंपियन बनाना, हर जगह इस युवा स्टार ने अपनी काबिलियत दिखाई है। इस स्टार भारतीय क्रिकेटर का पूरा नाम दीप्ति भगवान शर्मा है। उनका जन्म 24 अगस्त 1997 को उत्तर प्रदेश के एक मध्यम वर्ग परिवार में हुआ था। आईसीसी क्रिकेट रैंकिंग में शीर्ष ऑलराउंडरों में इस युवा क्रिकेटर का शुमार है। मैदान पर जितनी शानदार दीप्ति की गेंदबाजी है, उतनी ही रोचक उनके क्रिकेटर बनने की कहानी है, साथ ही दीप्ति एक हनुमान भक्त भी हैं। दीप्ति पहली बार 8 साल की उम्र में अपने भाई सुमित शर्मा के साथ स्टेडियम पहुंच गई थीं। दीप्ति के पास जब गेंद पहुंची, उन्होंने गेंद सीधे विकेट की ओर फेंक दी।

## भारतीय सर्फिंग के लिए एक ऐतिहासिक दिन

# भारत ने सर्फिंग में रचा इतिहास, पहली बार एशियाई खेलों का कोटा किया हासिल

**थुलुसधु, (मालदीप)/नई दिल्ली, 25 अगस्त।** भारतीय सर्फिंग के लिए शनिवार को एक ऐतिहासिक दिन रहा, एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 में भाग लेने वाली टीम ने आगामी एशियाई खेलों 2026 के लिए अपना पहला कोटा हासिल कर लिया है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए एक-एक स्थान है।

ये कोटा चैंपियनशिप में भारतीय सर्फर्स द्वारा जमा किए गए रैंकिंग पॉइंट्स के आधार पर अर्जित किए गए हैं। किशोर कुमार, जो कल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, एक कड़े मुकाबले में मामूली अंतर से चूक गए, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में उनके शानदार प्रदर्शन ने सुनिश्चित किया कि उनके देश ने एशियाई खेलों के लिए कोटा अर्जित किया। एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024, जो एशियाई खेलों 2026 के लिए एक क्वालीफायर भी है, में आठ भारतीय सर्फर्स ने 4 अलग-अलग श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की।

अपने नाम कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताबों के साथ, दृढ़ निश्चयी किशोर कुमार ने अंडर-18 लड़कों की श्रेणी में एशिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ सर्फर्स के खिलाफ प्रतियोगिता में प्रवेश किया। वह हीट 2 सेमीफाइनल में 8.26 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे, चीन के चेंगझेंग वांग से ठीक पीछे, जिन्होंने 10.00 स्कोर करके दूसरा स्थान प्राप्त किया। जापानी सर्फर तारो ताकाई ने उसी हीट में 14.50 के स्कोर के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। किशोर कुमार, जो पहले राउंड 1, राउंड 3 और क्वार्टर फाइनल में पहले स्थान पर रहे थे, ने पूरे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया।




किशोर के बाद टूर्नामेंट में एक और सफल सर्फर हरीश मुथु ने भी अपनी छाप छोड़ी, क्योंकि वह एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बन गए। हालांकि, वह एक कठिन मुकाबले में पिछड़ गए।

भारतीय सर्फिंग के लिए ऐतिहासिक दिन पर सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अरुण वासु ने कहा, यह ऐतिहासिक दिन देखना वाकई बहुत खुशी की बात है, जब भारतीय सर्फिंग ने आगामी एशियाई खेलों के लिए कोटा हासिल किया है। यह उपलब्धि हमारे सर्फर्स, कोच और फेडरेशन की वर्षों की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम अपने सर्फर्स को भविष्य में ओलंपिक में भी प्रतिस्पर्धा करते हुए देखेंगे। हालाँकि अगर किशोर शनिवार को फाइनल में पहुँच जाता तो यह सोने पर सुहागा वाली बात होती, लेकिन उसकी उम्र, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प को देखते हुए हमें अभी भी उस पर बहुत गर्व है।

### एक ही दिन में रोनाल्डो फॉलोअर्स 3 करोड़ के पार

यूटयूब पर डेब्यू करते ही इस शानदार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है। उन्होंने यूटयूब पर केवल 10 घंटे के भीतर 1 करोड़ सब्सक्राइबर हासिल कर लिए हैं। रोनाल्डो ने यूट्यूब पर 3.17 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर हासिल कर लिए हैं, और समय के साथ यह संख्या बढ़ने की उम्मीद है। फुटबॉल स्टार को चैनल बनाए जाने के 90 मिनट से भी कम समय में 10 लाख फॉलोअर्स तक पहुंचने पर यूट्यूब गोल्ड प्ले बटन मिला।

# पुरानी दिल्ली 6 के प्रिंस यादव ने डीपीएल में पहली बार हैट्रिक लेकर रचा इतिहास

**नई दिल्ली,24 अगस्त (एजेंसियां)।** यहां के श्री अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के पहले संस्करण में पुरानी दिल्ली 6 के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया है। डीपीएल के फॉर्मेट में ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज हैं। उन्होंने यह उपलब्धि शुक्रवार को सेंट्रल दिल्ली किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच में हासिल की।



मैच के 18वें ओवर में, जब सेंट्रल दिल्ली किंग्स एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी, तब प्रिंस ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए पहले केशव डबास को डीप में कैच आउट करवाया फिर अगली ही गेंद पर दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने सुमित कुमार को स्टंप के सामने फंसाया। इसके बाद तीसरी गेंद पर हरीश डागर को अपना शिकार बनाया, जो फुलटॉस चूक गए और गेंद स्टंप के सामने पैड पर जा लगी।

अपनी उपलब्धि पर प्रिंस ने कहा, हैट्रिक लेना किसी भी गेंदबाज के एक बड़ी उपलब्धि है। मेरे लिए भी खास पल है, हालांकि ऐसे में अगर हम मैच भी जीत जाते तो यह सोने पर सुहागा होता। उन्होंने आगे कहा, डेथ ओवर में गेंदबाजी करना कभी भी आसान नहीं होता। अंत में ओवरों में यॉर्कर लेंथ और धीमी गति की गेंदें एक अच्छा विकल्प होता है इसलिए मैं नेट्स पर इनका निरंतर अभ्यास करता हूं। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने पुरानी दिल्ली 6 को 109 रन से हराया। पुरानी दिल्ली 6 अब अपना अगला मुकाबला नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ खेलेगी।

### बांग्लादेश के बल्लेबाज पाकिस्तान की कोशिशों को कर रहे नाकाम, सीरीज ड्रॉ तो डब्ल्यूटीसी फाइनल नहीं खेल सकेगी पाक टीम

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और बांग्लादेश टेस्ट मैच रोमांचक हो गया है। मेजबान पाकिस्तान मैच जीतने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान टीम के कप्तान शान मसूद ने मोहम्मद रिजवान (171*) का दोहरा शतक भी नहीं बनने दिया। पाक का इरादा साफ है कि बांग्लादेश को पहली पारी में जल्द आउट कर मैच को अपने कब्जे में किया जाए। बांग्लादेश ने यह कोशिश पहले 3 दिन कामयाब नहीं होने दी है। अब देखना है कि अगले दो दिन में क्या नतीजा सामने आता है। पाक ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन 6 विकेट पर 448 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। जब पारी घोषित की गई तब मोहम्मद रिजवान 171 रन पर नाबाद थे। पारी घोषित करने और अपना दूसरा शतक पूरा नहीं होने से नाराज रिजवान ने बैट मैदान में ही फेंक दिया।

# पिंडली में खिंचाव के कारण स्कॉटलैंड टी20 सीरीज से बाहर हुए जोश हेजलवुड

**मेलबर्न, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पिछले सप्ताह प्रशिक्षण के दौरान पिंडली में खिंचाव के कारण अगले महीने स्कॉटलैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज में नहीं खेल पाएंगे।



अपने आखिरी पांच टी20 मैच 2021 में खेलने वाले रिले मेरेडिथ को टीम में शामिल किया गया है। हेजलवुड की चोट को मामूली बताया गया है और उम्मीद है कि वह सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 और वनडे मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे, हालांकि चयनकर्ता व्यस्त घरेलू गर्मियों से पहले सतर्क रुख अपना सकते हैं जिसमें भारत के खिलाफ पांच टेस्ट शामिल हैं। मेरेडिथ इंग्लिश सीज़न के दौरान व्हाइट-बॉल क्रिकेट में समरसेट के लिए खेले हैं। उन्होंने टी20 ब्लास्ट में 22.78 की औसत से 14 विकेट लिए और तीन वन-डे कप खेलों में छह विकेट लिए, जिसमें लॉर्ड्स में मिडलसेक्स के खिलाफ 27 रन देकर 4 विकेट शामिल हैं, जहाँ समरसेट फ़ाइनल में पहुँच गया है। उन्होंने तीन साल पहले न्यूज़ीलैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलते हुए आठ टी20आई विकेट लिए हैं। हेजलवुड दूसरे तेज गेंदबाज हैं जिन्हें टीम से बाहर कर दिया गया है, जबकि स्पेंसर जॉनसन को हंड्रेड में खेलते हुए साइड स्ट्रेन हुआ था।

स्कॉटलैंड सीरीज़ के लिए तेज गेंदबाजी में अब मेरेडिथ, जेवियर बार्टलेट, सीन एबॉट और नाथन एलिस के साथ-साथ ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन, आरोन हार्डी और मार्कस स्टोइनिस और संभावित कप्तान मिशेल मार्श शामिल होंगे। स्पिन की जिम्मेदारी एडम ज़म्पा और अनकैप्ड कूपर कोनोली संभालेंगे। ऑस्ट्रेलिया सोमवार को स्कॉटलैंड के लिए उड़ान भरेगा, जिसका पहला टी20 मैच 4 सितंबर को एडिनबर्ग में होगा।

# राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप: सूर्य शेखर ने बढ़त बनाई, ग्यारह वर्षीय माधवेंद्र ने जीएम विग्नेश को पीछे छोड़ा

**गुरूग्राम, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जैसे मजबूत शतरंज टूर्नामेंट में लगातार सात गेम जीतना आसान नहीं है। लेकिन सूर्य शेखर गांगुली उस तरह की फॉर्म में हैं। चार राउंड शेष रहते हुए, उनके सात अंक हैं, जिससे शुक्रवार को उनकी बढ़त एक अंक की हो गई है।

कोलकाता के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी की 2016 में 2676 की सर्वोच्च रेटिंग से काफी गिरावट आई है - अब यह 2583 पर है - लेकिन वह आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल में अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सूर्य शेखर के बाद पांच खिलाड़ी गत विजेता एस.पी. सेथुरमन, दिप्तायन घोष, कार्तिक वेंकटरमन, अरोण्यक घोष और हिमाल गुसाईं छह अंकों के साथ हैं। शीर्ष बोर्ड पर, शहर के साथी सायंतन दास के खिलाफ रुय लोपेज़ ओपनिंग के ब्लैक साइड से खेलते हुए, उन्होंने शुरुआत में ही बेहतर स्थिति हासिल कर ली और एक लाभप्रद नाइट-एंड-पॉन एंडिंग पर पहुँच गए। क्वीन की तरफ़ से उनके पास किए गए मोहरे ने उन्हें 64 चालों में जीतने में मदद की।



दूसरे बोर्ड पर, दीप सेनगुप्ता और अरोन्याक ने इंग्लिश ओपनिंग से 73-चालों में ड्रॉ खेला, जबकि तीसरे पर, सेथुरमन को क्वीन्स गैम्बिट डिक्लाइन्ड गेम में सी.आर.जी. कृष्णा को हराने के लिए केवल 32 चालों की आवश्यकता थी। इस दिन 11 वर्षीय माधवेन्द्र शर्मा ने एन.आर. विग्नेश को भी पीछे छोड़ा, जो उनसे 506 एलो अंक अधिक ग्रैंडमास्टर हैं।

#### सातवां राउंड

- सायंतन दास (आरएसपीबी) 5.5 सूर्य शेखर गांगुली (पीएसपीबी) 7 से हारे।
- दीप सेनगुप्ता (पीएसपीबी) 5.5 ने अरोण्यक घोष (आरएसपीबी) 6 से ड्रा किया।
- एसपी सेथुरमन (पीएसपीबी) 6 ने सीआरजी कृष्णा (आरएसपीबी) 5 को हराया।
- दीप्तयन घोष (आरएसपीबी) 6 ने एस. नितिन (आरएसपीबी) 5 को हराया।
- नीलाश साहा (आरएसपीबी) 5 कार्तिक वेंकटरमन (एपी) 6 से हारे।
- एम.आर. वेंकटेश (पीएसपीबी) 5 हिमाल गुसाईं (आरएसपीबी) 6 से हारे।
- एमआर ललित बाबू (एपी) 5.5 ने स्वप्निल धोपड़े (महाराष्ट्र) 5.5 से ड्रा किया।
- अभिजीत गुप्ता (पीएसपीबी) 5.5 ने दिनेश के. शर्मा (एलआईसी) 4.5 को हराया।
- पी. इनियान (टीएन) 5 ने विग्नेश अद्वैत वेमुला (टीएस) 5 के साथ ड्रा खेला।
- मित्रभा गुहा (आरएसपीबी) 5.5 ने शुभी गुप्ता 4.5 को हराया।
- एनआर विग्नेश (आरएसपीबी) 5 ने माधवेंद्र शर्मा (एमपी) 5 के साथ ड्रा खेला।
- मुकुंद अग्रवाल (गुजरात) 4.5, एनआर विशाख (आरएसपीबी) 5.5 से हार गये।
- जे. दीपन चक्रवर्ती (आरएसपीबी) 5 ने सम्यक धारेवा (बेन) के साथ ड्रा खेला।

# बुन्देसलीगा : सत्र के पहले मैच में लीवरकुसेन ने मोंचेनग्लैडबाक को 3-2 से हराया

**बर्लिन, 24 अगस्त (एजेंसियां)।** फ्लोरियन विट्र्ज़ के अंतिम क्षणों में किये गए गोल की मदद से बायर लीवरकुसेन ने बोरूसिया मोंचेनग्लैडबाक को 3-2 से हराकर 62वें बुन्देसलीगा सत्र का आगाज किया।

लीवरकुसेन ने मैच में शानदर शुरुआत की और 12वें मिनट में ग्रैनिट झाका ने 20 मीटर की दूरी से बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

इसके बाद 38वें मिनट में विट्र्ज़ बहुत नजदीक से गोल कर लीवरकुसेन को 2-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक लीवरकुसेन की टीम 2-0 से आगे रही।

मध्यांतर के बाद मोंचेनग्लैडबाक ने बेहतरीन वापसी की और मैच के 59वें मिनट में निको एल्वेदी और 85वें मिनट में टिम क्लीन्डिएन्स्ट ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।



लीवरकुसेन ने जीत के लिए जोर लगाया और को इटाकुरा द्वारा अमीन आदिल को क्षेत्र में गिराए जाने पर उन्हें अंतिम समय में पेनल्टी दी गई, जिसे विट्र्ज़ ने गोल में बदलकर लीवरकुसेन को 3-2 से जीत दिला दी।

## विश्वकप क्वालीफायर के लिए युवा खिलाड़ी एस्टेवाओ ब्राजील की टीम में शामिल

**रियो डी जेनेरियो।** युवा खिलाड़ी एस्टेवाओ को इक्वाडोर और पैराग्वे के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। ब्राजीली फुटबॉल परिसंघ ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी।



17 वर्षीय खिलाड़ी, जो अगले जुलाई में चेल्सी में शामिल होंगे, ने इस साल 19 ब्राज़ीलियाई सीरी ए खेलों में पाँच गोल और पाँच सहायता के साथ पाल्मेरास के लिए सकारात्मक प्रभाव डाला है। जैसी कि उम्मीद थी, मैनेजर डोरिवल जूनियर ने अपने 23 सदस्यीय दल में तीन रियल मैड्रिड फॉरवर्ड - विनीसियस जूनियर, रोड्रिगो और एंड्रिक को शामिल किया।

स्टार फॉरवर्ड नेमार पिछले अक्टूबर में चोटिल हो गए थे, इसलिए वे खेल से दूर हैं। ब्राजील 6 सितंबर को क्यूरिटिबा में इक्वाडोर से और चार दिन बाद असुनसियन में पैराग्वे से भिड़ेगा। पाँच बार का विश्व चैंपियन ब्राजील वर्तमान में छह मैचों के बाद 10-टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ज़ोन में छठे स्थान पर हैं।

#### ब्राजील की टीम-

**गोलकीपर**- एलिसन, बेंटो, एडर्सन।

**डिफेंडर्स**- डेनिलो, यान कूटो, गुइलहर्मे अराना, वेंडेल, बेराल्डो, मार्क्विनहोस, एडर मिलिटाओ, गेब्रियल मैगलहेस।

**मिडफील्डर**- आंद्रे, ब्रूनो गुइमारेस, गर्सन, जोआओ गोम्स, लुकास पाक्वेटा।

**स्ट्राइकर**- रोड्रिगो, एंड्रिक, विनीसियस जूनियर, एस्टेवाओ, लुइज़ हेनरिक, पेड्रो, सविन्हो।

# सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एक बड़ी ताकत है जो लाखों देशवासियों को रोजगार दे रहा है : मंत्री पीयूष गोयल



**नई दिल्ली,24 अगस्त (एजेंसियां) ।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को केवल एक छोटा उद्यम नहीं समझना चाहिए, इसकी सोच छोटी या नकारात्मक नहीं होनी चाहिए, क्योंकि एमएसएमई एक बड़ी ताकत है, वे सफल हैं, वे देश की ताकत हैं, लाखों देशवासियों को रोजगार दे रहे हैं और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राजधानी नई दिल्ली में 10वें भारत अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई स्टार्टअप एक्सपो एवं शिखर सम्मेलन-2024 में अपने संबोधन में यह बात कही। गोयल ने कहा कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश एमएसएमई को देश के बाहर से अनुचित प्रतिस्पर्धा से भी बचाते हैं। वाणिज्य मंत्री ने एमएसएमई की चर्चा करते हुए कहा कि यह बड़े उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला हैं।

गोयल ने कहा कि नवोन्मेषी विचार और काम करने के नए तरीके एमएसएमई के उद्यमियों की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योगों और उद्यमों के इर्द-गिर्द पूरा पारिस्थितिकी तंत्र हजारों एमएसएमई से बना है, जिनके बिना वे सफल नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि एमएसएमई बड़े उद्योगों के आपूर्तिकर्ता और ग्राहक दोनों के रूप में कार्य करते हैं। गोयल ने बताया कि एमएसएमई देश के पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भारत के निर्यात में इनका बड़ा हिस्सा है।

**उभरते भारत के लिए एमएसएमई के योगदान को नकारा नहीं जा सकता**

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र का विकास देश के लिए महत्वपूर्ण है और सरकार के लिए इस पर ध्यान देने का विषय है। उन्होंने कहा कि जब 140 करोड़ देशवासी राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए एकजुट होंगे, तो भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा और हम सभी के लिए समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं। गोयल ने इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसी) के माध्यम से सरकार एमएसएमई क्षेत्र का समर्थन कर रही है।

उन्होंने कहा कि हम एमएसएमई की जरूरतों को पूरा करने के लिए समय दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई को दो कारणों से लाभ होगा। क्यूसी देश के बाहर से अजीब दरों पर आयात किए जाने वाले घटिया सामानों को रोकते हैं और इस प्रकार एमएसएमई क्षेत्र को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाकर मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं कि कैसे क्यूसी ने अलग-अलग क्षेत्रों को लाभान्वित किया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### चीनी नियंत्रण आदेश 1966 की समीक्षा करने का प्रस्ताव



**नई दिल्ली।** खाद्य मंत्रालय चीनी के उत्पादन, भंडारण और मूल्य निर्धारण से संबंधित लगभग छह दशक पुराने विनियमन को प्रौद्योगिकी में हुई प्रगति के अनुरूप बनाने की योजना बना रहा है। इस संबंध में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने चीनी (नियंत्रण) आदेश, 2024 का मसौदा जारी किया है। मंत्रालय ने उत्पादन प्रक्रिया में तकनीकी प्रगति के कारण चीनी (नियंत्रण) आदेश 1966 की समीक्षा करने का प्रस्ताव किया है। मंत्रालय ने मसौदा जारी करते हुए कहा कि चीनी क्षेत्र में कई बदलाव हुए हैं, जिसके कारण मौजूदा चीनी (नियंत्रण) आदेश, 1966 में सुधार की आवश्यकता है। मसौदा आदेश में सरकार को चीनी के उत्पादन को विनियमित करने के साथ-साथ उत्पादकों और डीलरों द्वारा इसकी बिक्री, भंडारण और निपटान को प्रतिबंधित करने की शक्ति प्रदान की गई है। मंत्रालय ने मसौदे पर 23 सितंबर तक हितधारकों से टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। चीनी के मूल्य को विनियमित करने की शक्ति के बारे में मसौदे में कहा गया है कि केंद्र सरकार बिक्री के लिए चीनी के मूल्य के संबंध में कोई भी आदेश जारी करते समय गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी), गन्ने से चीनी के उत्पादन के लिए अनुमानित और औसत परिवर्तन लागत, चीनी उत्पादन की प्रक्रिया में उत्पन्न उप-उत्पादों से औसत राजस्व प्राप्ति को ध्यान में रखेगी।

### टाटा की एसयूवी पंच ने बिक्री में वैगनआर को पछाडा



**नई दिल्ली ।** स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स की माइक्रो एसयूवी पंच ने देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी की कार वैगनआर को बिक्री में मामले में पछाड़ दिया है। टाटा पंच ने देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार का खिताब हासिल कर लिया है। जनवरी 2024 से जुलाई 2024 के बीच टाटा पंच की बिक्री 1,26,000 यूनिट रही। वहीं, वैगनआर की 1.16 इकाईयां बिकीं। वैकल्पिक ईंधन विकल्प, सस्ती कीमत पर एसयूवी जैसी सुविधाएं और माइक्रो एसयूवी सेगमेंट में एक नई श्रेणी का निर्माण कर पंच ने वैगनआर को पछाड़ा है।टाटा मोटर्स की सफलता के बाद अन्य कंपनियां भी मल्टी फ्यूल सेगमेंट में प्रवेश कर रही हैं। हुंडई की एक्सटर भी एक लोकप्रिय विकल्प बन रही है। मारुति सुजुकी की वैगनआर भी सीएनजी विकल्प के साथ उपलब्ध है, लेकिन पंच की तरह इसकी बिक्री में उछाल नहीं आया है। हालांकि, मारुति की अन्य कारें जैसे ब्रेजा और एर्टिगा भी सीएनजी विकल्प के साथ उपलब्ध हैं और इनकी बिक्री में भी बढ़ोतरी देखी गई है। आने वाले समय में ग्राहकों की पसंद में बदलाव आ रहा है और वे अब ईंधन दक्ष और पर्यावरण के अनुकूल कारों को तरजीह दे रहे हैं। ऐसे में माइक्रो एसयूवी सेगमेंट में और भी अधिक वृद्धि होने की उम्मीद है। इस बारे में जाटो डायनेमिक्स के प्रेसिडेंट रवि भाटिया का कहना है कि पंच की सफलता का राज उसकी एक नहीं अनेक खूबियां हैं। एक माइक्रो एसयूवी के रूप में पंच सस्ती कीमत पर एसयूवी जैसी सुविधाएं देती है।

## इंडिया ने चीन को पछाड़ा

# पहली छमाही में अमेरिका बना भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर

**देश को इस अवधि में चीन के साथ 41.6 अरब डॉलर का अधिकतम व्यापार घाटा हुआ**




**नई दिल्ली,24 अगस्त (एजेंसियां) ।** चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों जनवरी-जून में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार बना है जबकि देश ने इस अवधि में चीन के साथ 41.6 अरब डॉलर का अपना अधिकतम व्यापार घाटा दर्ज किया है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि जनवरी-जून, 2024 के दौरान देश का व्यापारिक निर्यात 5.41 प्रतिशत बढ़कर 230.51 अरब डॉलर हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक चीन 41.6 अरब डॉलर के बड़े व्यापार घाटे के साथ सूची में सबसे ऊपर है, क्योंकि चीन को निर्यात 8.5 अरब डॉलर था, जबकि जनवरी-जून 2024 के दौरान आयात 50.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि भारत 239 देशों को उत्पादों का निर्यात करता है और इनमें से 126 देशों ने निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दिखाई है। इन देशों का भारत के कुल निर्यात में 75.3 प्रतिशत हिस्सा है। निर्यात में वृद्धि वाले प्रमुख देशों में अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, सिंगापुर और चीन शामिल हैं। हालांकि, 98 देशों को निर्यात में गिरावट आई है जिनमें इटली, बेल्जियम, नेपाल और हांगकांग प्रमुख हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका भारत का शीर्ष निर्यात भागीदार है। अमेरिका को निर्यात जनवरी-जून, 2023 में 37.7 अरब डॉलर था जो इस साल की समान अवधि में 10.5 प्रतिशत बढ़कर 41.6 अरब डॉलर हो गया। इस साल की पहली छमाही में, चीन भारत का सबसे बड़ा आयात आपूर्तिकर्ता बना रहा। चीन से आयात 46.2 अरब डॉलर से बढ़कर 50.1 अरब डॉलर हो गया।वित्त वर्ष 2023-24 में चीन भारत का शीर्ष कारोबारी साझेदार रहा लेकिन जनवरी से जून 2024 की अवधि में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार बन गया।

चीन दूसरे सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के रूप में दूसरे स्थान पर रहा, जिसका कुल व्यापार 54.4 अरब डॉलर से 7.7 प्रतिशत बढ़कर 58.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। माल के निर्यात में वृद्धि को लौह अयस्क, दवा, कीमती पत्थर, बासमती चावल, रसायन और स्मार्टफोन जैसे क्षेत्रों द्वारा बढ़ावा दिया गया। सेवाओं के मोर्चे पर, निर्यात 6.9 प्रतिशत बढ़कर 178.2 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 5.79 प्रतिशत बढ़कर 95 अरब डॉलर हो गया।

## केंद्र सरकार इंफोसिस से टैक्स डिमांड वापस लेगी




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार इंफोसिस से 4 अरब डॉलर के अपने पिछले टैक्स डिमांड नोटिस को वापस लेने की तैयारी कर रही है। इस मामले में आईटी इंडस्ट्री और इंफोसिस द्वारा की गई जोरदार खिंचाई और बड़े स्तर पर विरोध के चलते सरकार इस पर फिर से विचार कर रही है। सरकारी सूत्रों के हवाले से रॉयटर्स ने रिपोर्ट दी कि वित्त मंत्रालय का मानना है कि यह नोटिस भारत की व्यापक टैक्स नीति के विरुद्ध है, और इसमें सेवाओं के निर्यात पर टैक्स नहीं लगाया जाता है। पिछले महीने टैक्स जांच यूनिट ने इंफोसिस को यह अतिरिक्त राशि चुकाने का आदेश दिया था और कहा था कि उसकी विदेशी ब्रांचेज को 2017 से जीएसटी का पेमेंट करना चाहिए। हालांकि, अब वित्त मंत्रालय इस निर्णय में बदलाव लाने पर विचार कर रहा है। सूत्रों ने रॉयटर्स को बताया कि इस प्रकार के मुद्दों पर जीएसटी काउंसिल द्वारा 9 सितंबर को औपचारिक निर्णय लिया जा सकता है। वहीं इंफोसिस और वित्त मंत्रालय ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। सूत्रों का यह भी कहना है कि भारत में संचालित 10 विदेशी एयरलाइंस को भेजे गए 1 अरब डॉलर से अधिक के टैक्स नोटिस भी निरस्त किए जा सकते हैं, क्योंकि यह मामला भी इसी तरह का है।

# दिग्गज निवेशक ने अडाणी पर फिर जताया भरोसा, खरीदे 2,746 करोड़ के शेयर




**नई दिल्ली,24 अगस्त (एजेंसियां) ।** हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद पिछले साल जब अडानी समूह के शेयरों में जोरदार गिरावट आई थी, उस समय अमेरिका की निवेशक फर्म जीक्यूजी पार्टनर्स ग्रुप के लिए संकटमोचक बनी थी। इस फर्म ने तब अडानी समूह की कई कंपनियों में मोटा निवेश किया था। अब एक बार फिर इस दिग्गज निवेशक ने अडानी समूह पर भरोसा जताया है। उन्होंने दो बल्क डील के जरिए ग्रुप की कंपनी, अंबूजा सीमेंट्स में बड़ा दांव लगाया है। जीक्यूजी पार्टनर्स ने दो अलग-अलग लेन-देन में अंबुजा सीमेंट्स के 4.39 करोड़ से अधिक शेयर खरीदे हैं। इस डील की कुल कीमत लगभग 2,746.79 करोड़ रुपये है। इस ताजा निवेश के साथ ही जीक्यूजी पार्टनर्स का अडानी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश बढकर 62 हजार करोड़ रुपये हो गया है। जीक्यूजी पार्टनर्स ने बल्क डील में शेयरों को 625.50 रुपये प्रति शेयर की औसत कीमत पर खरीदा है। इस तरह इस खरीद के बाद अब जीक्यूजी पार्टनर्स की अंबुजा सीमेंट्स में हिस्सेदारी बढ़कर 3.13 फीसदी हो गई है। वहीं दूसरी तरफ, कंपनी के प्रमोटर होल्डरइंड इन्वेस्टमेंट्स ने अपनी हिस्सेदारी कम कर दी है।

**जीक्यूजी पार्टनर्स का अडाणी की सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश बढकर 62 हजार करोड़ हुआ**

अंबुजा सीमेंट्स के प्रमोटर होल्डरइंड इन्वेस्टमेंट्स ने 6.79 करोड़ शेयर बेचे हैं। यह कंपनी की कुल हिस्सेदारी का 2.8 प्रतिशत है। इन शेयरों को भी 625.50 रुपये प्रति शेयर की औसत कीमत पर बेचा गया है। होल्डरइंड इन्वेस्टमेंट्स द्वारा बेचे गए शेयरों की कीमत 4,250.64 करोड़ रुपये है। इस बिक्री के बाद अब होल्डरइंड इन्वेस्टमेंट्स की अंबुजा सीमेंट्स में हिस्सेदारी घटकर 48.1 प्रतिशत रह गई है। साथ ही अंबुजा सीमेंट्स के सभी प्रमोटरों की कुल हिस्सेदारी भी घटकर 67.53 प्रतिशत रह गई है। अंबुजा सीमेंट्स का शेयर शुक्रवार को 0.21 फीसदी की बढत के साथ 633.55 रुपये पर बंद हुआ। हालांकि, दिन के कारोबार में यह शेयर 660 रुपये तक पहुंच गया था, लेकिन बाद में मुनाफावसूली देखी गई।

# डिजनी-रिलायंस ने विलय के लिए दी कुछ रियायतें




**नई दिल्ली,24 अगस्त (एजेंसियां) ।** डिज़्नी और रिलायंस ने अपनी 8.5 बिलियन की मीडिया मर्जर डील के लिए भारत में प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी पाने के प्रयास में कुछ रियायतें दी हैं, लेकिन वे क्रिकेट प्रसारण अधिकारों को बेचने के लिए तैयार नहीं हैं।

सूत्रों के अनुसार सीसीआई ने इस हफ्ते दोनों कंपनियों को चेतावनी दी थी कि मर्जर के बाद बनने वाली नई इकाई भारत में टीवी और स्ट्रीमिंग के लिए अधिकतर क्रिकेट अधिकारों पर नियंत्रण कर सकती है, जिससे विज्ञापनदाताओं को नुकसान होने की आशंका है। जवाब में कंपनियों ने विज्ञापन दरों में अनुचित बढ़ोतरी न करने का प्रस्ताव दिया है। रिलायंस-डिज़्नी का लक्ष्य भारत का सबसे बड़ा एंटरटेनमेंट प्लेयर बनाना है, जो सोनी, नेटफ्लिक्स और अमेज़न जैसी कंपनियों से कंपटीशन करेगा। इसमें 120 टीवी चैनल और दो स्ट्रीमिंग सेवाएं शामिल होंगी, लेकिन क्रिकेट, जो देश में बेहद लोकप्रिय है, इस डील का सबसे कीमती हिस्सा है।

कई प्रतिस्पर्धा विशेषज्ञों का मानना था कि एंटीट्रस्ट मुद्दे को हल करने का एक तरीका कुछ क्रिकेट अधिकारों को बेचना हो सकता है, चाहे वह कुछ टूर्नामेंट्स के लिए हो या ब्रॉडकास्ट माध्यम जैसे टीवी के लिए, लेकिन रिलायंस और डिज़्नी ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग में एक नया निजी प्रस्ताव जमा किया है, जिसमें उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया है।

# सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सोने और चांदी दोनों की कीमतें गिरीं



**नई दिल्ली,24 अगस्त (एजेंसियां) ।** जन्माष्टमी के पहले घरेलू सर्राफा बाजार में शनिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट का रुख रहा। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,790 रुपये से लेकर 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 66,740 रुपये से लेकर 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी भी शनिवार को प्रति किलोग्राम 300 रुपये तक सस्ता हुआ है। कीमत में आई गिरावट की वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 86,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना शनिवार को 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,690 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोना सस्ता हुआ है। तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### पूर्व प्रिंसिपल...

एक प्रदर्शनकारी महिला ने कहा, कोलकाता पुलिस इस अपराध को सुलझाने में सीबीआई की मदद क्यों नहीं कर रही है, जैसा कि उसने इस भयावह अपराध के पहले पांच दिनों में किया था। इस बीच आरजी कर अस्पताल के जूनियर चिकित्सकों और विशेष सचिव अनुरुद्ध नियोगी की अध्यक्षता वाले राज्य स्वास्थ्य सचिवालय के बीच ताजा वार्ता मौजूदा आंदोलन को समाप्त करने में विफल रही। चिकित्सकों ने कहा कि जब तक उन्हें पीड़ित चिकित्सक के न्याय और कार्यस्थल पर सुरक्षा का स्पष्ट परिणाम नहीं मिल जाता, तब तक वे ओपीडी में नहीं जाएंगे।उधर परिवार ने शुक्रवार को कहा- हमें सीबीआई की जांच पर भरोसा है। पुलिस ने हमें गुमराह करने की कोशिश की थी। राज्य प्रशासन किसी को बचाने की कोशिश कर रहा है। इतने गंभीर अपराध को एक व्यक्ति अंजाम नहीं दे सकता।एजेंसी को दिए एक इंटरव्यू में पिता ने कहा- घटना को 14 दिन हो चुके हैं। लोगों को सीबीआई पर भरोसा है। हमें भी है, लेकिन सीबीआई ने अभी तक केस को सुलझाया नहीं है। टीम को तेजी से काम करने की जरूरत है। हमें हर बीतता दिन एक साल जैसा लगता है। पीड़ित के पिता ने डॉक्टरों के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के भी बात कही। उन्होंने कहा कि आरजी कर अस्पताल में चल रही अनियमितताओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख करने पर अभी कोई फैसला नहीं लिया है। अगर जरूरत पड़ी तो हम इस पर विचार करेंगे।पीड़ित की मां ने कहा- कोलकाता पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल ने जांच सही तरीके से नहीं की। वे बहुत जल्दबाजी में थे। हमें उम्मीद है कि मेडिकल कॉलेज में चल रहे रैकेट का पता लगाया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।

### तेलुगु स्टार...

आज गलत सूचना के आधार पर इसे तोड़ा गया है। सेंटर को तोड़ने से पहले हमें कोई नोटिस भी नहीं दिया गया था। एन कन्वेंशन सेंटर 6.69 एकड़ में बना था। इसे थुम्मिडीकुंटा झील की 3.30-3.40 एकड़ की जमीन पर अतिक्रमण कर बनाया गया था। हैदराबाद के भास्कर रेड्डी समेत कई शिकायतकर्ताओं ने हाइड्रा से शिकायत की थी। इसके बाद यह कार्रवाई की गई।थुम्मिडीकुंटा झील 29 एकड़ में फैली है। इसी के पास नागार्जुन ने एन कन्वेंशन सेंटर बनवाया था। एन. कन्वेंशन सेंटर में कुल तीन हॉल थे। इन्हें बड़े-बड़े प्रोग्राम के लिए इस्तेमाल किया जाता था। इस कन्वेंशन सेंटर में कई पॉलिटिकल पार्टीज, गैदरिंग और शादियां हो चुकी हैं। बीते साल टॉलीवुड एक्टर और चिरंजीवी के भतीजे वरुण तेज और लावन्या त्रिपाठी का वेडिंग रिसेप्शन 5 नवंबर को एन. कन्वेंशन सेंटर में ही हुआ था।नागार्जुन, एक्टर के अलावा फिल्म प्रोड्यूसर और बिजनेसमैन भी हैं। 1976 में उनके पिता ने अन्नपूर्णा स्टूडियो नाम से एक प्रोडक्शन हाउस शुरू किया था। अब नागार्जुन और उनके भाई वेंकट उसके मालिक हैं। हैदराबाद के पॉश इलाके में बंजारा हिल्स में 22 एकड़ के इस स्टूडियो में कई तरह के काम होते हैं। इस स्टूडियो की कीमत लगभग 300 करोड़ है। नागार्जुन के पास 1974 मॉडल पॉर्श 911 टर्बो, डैटसन 240न जैसी कारें और होंडा सीबीआर फायरब्लेड जैसी सुपरबाइक्स हैं। नागार्जुन के गैराज में लग्जरी कारों का जमावड़ा है, जिसमें बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज (1.7 करोड़ रुपए), ऑडी ए7 (90.5 लाख रुपए), बीएमडब्ल्यू एम 6 (1.76 करोड़ रुपए), पोर्श केयेन (2 करोड़ रुपए) जैसी गाड़ियां हैं। नागार्जुन ने हाल ही में हैदराबाद के वारंगल हाईवे पर चेंगींचेरला फॉरेस्ट ब्लॉक में 1080 एकड़ जंगल गोद लिया है। उसके रखरखाव के लिए 2 करोड़ रुपए दान भी दिए हैं।

### भारत ने किया...

और डेटा एकत्र करेंगे, उन्हें उप-कक्षा में रखा जाएगा। इस परियोजना का मार्गदर्शन प्रसिद्ध इसरो वैज्ञानिक डॉ. माइलस्वामी अन्नादुरई ने किया जिन्हें भारत का मून मैन कहा जाता है। डॉ. आनंद ने कहा, भारत अंतरिक्ष नवाचार में एक वैश्विक देश के रूप में तेजी से उभर रहा है, वह लगातार ऐसे अभूतपूर्व मिशन लॉन्च कर रहा है जो संभावनाओं की सीमाओं को आगे बढ़ाते हैं। जैसे-जैसे हमारा देश इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है टिकाऊ और लागत प्रभावी समाधानों की आवश्यकता और अधिक बढ़ रही है। उन्होंने कहा मिशन रुमी 2024 इस ज़रूरत का सीधा जवाब है। उन्होंने कहा, पुन: प्रयोज्य हाइब्रिड रॉकेट पेश करके, हम न केवल अंतरिक्ष अन्वेषण के वित्तीय बोझ को कम कर रहे हैं बल्कि इसके पर्यावरणीय प्रभाव को भी कम कर रहे हैं। यह मिशन भविष्य के लिए अंतरिक्ष मिशनों को अधिक सुलभ और टिकाऊ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डॉ. अन्नादुरई ने कहा, हमारे हाइड्रोलिक मोबाइल लॉन्चपैड के माध्यम से हाइब्रिड रॉकेट का प्रक्षेपण अपनी तरह की पहली पहल है जो एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी में एक नया मानक स्थापित करती है। उन्होंने कहा, यह अभिनव प्रणाली अद्वितीय लचीलापन और दक्षता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है जिससे हम आसानी से विभिन्न लॉन्च परिदृश्यों के अनुकूल नियंत्रित कर सकते हैं। यह अंतरिक्ष मिशनों की सुरक्षा, विश्वसनीयता और समग्र सफलता को बढ़ाने वाले उन्नत समाधानों को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### यह मानवीय...

पुनर्निर्माण प्रयासों की साप्ताहिक आधार पर निगरानी करेंगे। पीठ ने केंद्र और केरल सरकार को हलफनामा दाखिल कर यह स्पष्ट करने का भी निर्देश दिया है कि क्या राज्य में हुई प्राकृतिक आपदाओं के मद्देनजर वे आपदा प्रबंधन अधिनियम (डीएमए) 2005 के तहत विषय विशेषज्ञों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव रखते हैं।

अदालत ने उनसे यह स्पष्ट करने को भी कहा कि क्या डीएमए के तहत जिन सलाहकार समितियों पर विचार किया गया है, वे राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर गठित की गई हैं और यदि हां, तो उक्त पैनलों की संरचना क्या है और साथ ही डीएमए के अनुसार राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर तैयार आपदा प्रबंधन योजनाओं का विवरण क्या है। साथ में उक्त योजनाओं के बारे में नई जानकारी देने को कहा है।





# कल मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



## रोहिणी नक्षत्र और सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

हिंदू धर्म में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। इस दिन लोग व्रत रखकर और बिना व्रत के भी बड़े उल्लास के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाते हैं। इस बार 26 अगस्त को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इस वर्ष जन्माष्टमी के अवसर पर कई वर्षों के बाद ऐसा संयोग बना है जो बहुत ही दुर्लभ है। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्र कृष्ण अष्टमी तिथि, बुधवार, रोहिणी नक्षत्र एवं वृष राशि में मध्य रात्रि में हुआ था। अजमेर की ज्योतिषाचार्या नीतिका शर्मा ने बताया कि इस बार जन्माष्टमी का त्योहार 26 अगस्त को जन्माष्टमी मनाई जाएगी। इस साल जन्माष्टमी पर चंद्रमा, वृषभ राशि में विराजित रहेंगे, जिससे जयंती योग का निर्माण होगा। इस योग में पूजा करना बहुत शुभ माना जाता है। इस साल की जन्माष्टमी के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। हर वर्ष भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाती है। यह दिन श्रीकृष्ण को समर्पित होता है। जन्माष्टमी के इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-उपासना की जाती है। मान्यता है कि भगवान कृष्ण के शरणागत रहने वाले जातकों को मृत्यु लोक में स्वर्ग समान सुखों की प्राप्ति होती है।

शास्त्रों में इसका विशेष उल्लेख है। 'अर्द्धरात्रे तु रोहिण्यां यदा कृष्णाष्टमी भवेत्। तस्यामभ्यर्चनं शौरिहन्ति पापों त्रिजन्मजम्।'अर्थात सोमवार में अष्टमी तिथि, जन्म समय पर रोहिणी नक्षत्र और हर्षण योग में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का व्रत एवं जन्मोत्सव मनाने वाले श्रद्धालुओं के तीन जन्म के पाप समूल नष्ट हो जाते हैं और ऐसा योग शत्रुओं का दमन करने वाला है। निर्णय सिंधु में भी एक श्लोक आता है-'त्रेतायां द्वापरे चैव राजन् कृतयुगे तथा। रोहिणी सहितं चेयं विद्वद्भिः समुपपोषिता।।' अर्थात हे राजन्, त्रेता युग, द्वापर युग, सतयुग में रोहिणी नक्षत्र युक्त अष्टमी तिथि में ही विद्वानों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उपवास किया था इसीलिए कलयुग में भी इसी प्रकार उत्तम योग माना जाए। ऐसा योग विद्वानों और श्रद्धालुओं को अच्छी प्रकार से पोषित करने वाला योग होता है।



### शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, इस साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि की शुरुआत 26 अगस्त की रात 3: 39 मिनट पर होगी। 27 अगस्त रात 2:19 मिनट पर इसका समापन होगा। ऐसे में 26 अगस्त 2024 को कृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रखा जाएगा।

### रोहिणी नक्षत्र

रोहिणी नक्षत्र 26 अगस्त को दोपहर 03:55 मिनट से प्रारंभ होगाऔर 27 अगस्त की दोपहर 03:38 मिनट पर समाप्त होगा।

### पूजन मुहूर्त

इस साल भगवान श्रीकृष्ण का 5251वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कृष्ण जन्माष्टमी के पूजन का शुभ मुहूर्त 26 अगस्त को देर रात 12 बजे से 27 अगस्त की 00:44 मिनट तक है।

### सर्वार्थ सिद्धि योग

इस साल की जन्माष्टमी के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। जन्माष्टमी पर सर्वार्थ सिद्धि योग दोपहर में 3:55 मिनट से शुरू होगा और यह 27 अगस्त को सुबह 5:57 मिनट तक रहेगा। ऐसे में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाया जाएगा।

### जन्माष्टमी का भोग

भगवान लड्डू गोपाल को माखन मिश्री का भोग बहुत पसंद है। इस वजह से जन्माष्टमी वाले दिन बाल श्रीकृष्ण को माखन-मिश्री का भोग लगाएं। इसके अलावा आप केसर वाला घेवर, पेड़ा, मखने की खीर, रबड़ी, मोहनभोग, रसगुल्ला, लड्डू आदि का भोग लगा सकते हैं।

### करें पूजा

जन्माष्टमी व्रत में अष्टमी के उपवास से पूजन और नवमी के पारण व्रत की पूर्ति होती है। इस व्रत के एक दिन पहले यानी सप्तमी के दिन हल्का और सात्विक भोजन ही करना चाहिए। व्रत वाले दिन प्रातः स्नान आदि से निवृत होकर सभी देवताओं को नमस्कार करें। पूर्व या उत्तर की ओर मुख करके बैठ जाएं। हाथ में जल, फल और पुष्प लेकर व्रत का संकल्प लें। मध्यान्ह के समय काले तिल का जल छिड़क कर देवकी जी के लिए प्रसूति गृह बनाएं। अब इस सूतिका गृह में सुंदर सा बिछौना बिछाकर उस पर कलश स्थापित करें। भगवान कृष्ण और माता देवकी जी की मूर्ति या सुंदर चित्र स्थापित करें। देवकी, वासुदेव, बलदेव, नन्द, यशोदा और लक्ष्मी जी का नाम लेते हुए विधिवत पूजन करें। यह व्रत रात 12 बजे के बाद ही खोला जाता है। इस व्रत में अनाज का उपयोग नहीं किया जाता। फलाहार के रूप में कुट्टू के आटे की पकौड़ी, मावे की बर्फी और सिंघाड़े के आटे का हलवा खा सकते हैं।

### व्रत करने से मिलेगी पाप-कष्टों से मिलती है मुक्ति

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर बन रहे दुर्लभ संयोग में पूजन का विशेष महत्व है। निर्णय सिंधु नामक ग्रंथ के अनुसार ऐसा संयोग जब जन्माष्टमी पर बनता है, तो इस खास मौके को ऐसे ही गवाना नहीं चाहिए। अगर आप इस तरह के संयोग में व्रत करते हैं तो 3 जन्मों के जाने-अनजाने हुए पापों से मुक्ति मिलती है। मान्यता है कि इस तिथि और संयोग में भगवान कृष्ण का पूजन करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। व्यक्ति को भगवत कृपा की प्राप्ति होती है। जो लोग कई जन्मों से प्रेत योनि में भटक रहे हो इस तिथि में उनके लिए पूजन करने से उन्हे मुक्ति मिल जाती है। इस संयोग में भगवान कृष्ण के पूजन से सिद्धि की प्राप्ति होगी तथा सभी कष्टों से मुक्ति मिलेगी।

# नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

भारत आस्था का अनूठा संगम है और इसी आस्था पर जीवित है विश्व का सबसे प्राचीनतम धर्म। भगवान विष्णु के अवतार श्रीकृष्ण का हिन्दू धर्म में एक अलग स्थान है। जातक कथाओं और महाभारत के अनुसार मथुरा के कारागार में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म माँ देवकी के गर्भ से उस समय हुआ था जब चारों तरफ पाप, अन्याय और आतंक का प्रकोप था, धर्म जैसे ख़त्म सा हो गया था। धर्म को पुनः स्थापित करने के लिए ही द्वापर युग में कान्हा का जन्म हुआ था। आज भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी इसी उद्देश्य से मनाई जाती है। भारत के प्रत्येक हिस्से में जन्माष्टमी बड़े ही धूम-धाम से मनाई जाती है। ख़ासकर उत्तर भारत में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एक विशेष पर्व है। वृन्दावन की गलियाँ हो या फिर सुदूर गाँव की चौपाल या फिर शहर का भव्य मंदिर, जन्माष्टमी पर हर भक्त झूम उठता है। जितना ज़रूरी जन्माष्टमी को मनाना है उससे कहीं ज्यादा ज़रूरी इसके पीछे छुपे उद्देश्य को जानना भी है। जन्माष्टमी पर्व को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व पूरी दुनिया में पूर्ण आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। जन्माष्टमी को भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में बसे भारतीय भी पूरी आस्था व उल्लास से मनाते हैं। श्रीकृष्ण युगों-युगों से हमारी आस्था के केंद्र रहे हैं। वे कभी यशोदा मैया के लाल होते हैं, तो कभी ब्रज के नटखट कान्हा।

भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन 26 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान घरों को संजाया जाता है और लोग अपने प्यारे कान्हा के जन्म को उत्सव मनाकर मनाते हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पूरे भारत वर्ष में विशेष महत्व है। यह हिन्दुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। ऐसा माना जाता है कि सृष्टि के पालनहार श्री हरि विष्णु ने धर्म की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण के रूप में आठवां अवतार लिया था। देश के सभी राज्य अलग-अलग तरीके से इस महापर्व को मनाते हैं। इस दिन क्या बच्चे क्या बूढ़े सभी अपने आराध्य के जन्म की खुशी में दिनभर व्रत रखते हैं और कृष्ण की महिमा का गुणगान करते हैं। दिनभर घरों और मंदिरों में भजन चलते रहते हैं। मंदिरों में जबरदस्त तरीके से संजाया जाता है और स्कूलों में श्रीकृष्ण लीला का मंचन होता है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का विशेष महत्त्व है। भाद्रपद महीने की अष्टमी तिथि पर पूर्णावतार योगिराज श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। इसी दिन उमा-महेश्वर व्रत भी किया जाता है। इस दिन श्रीकृष्ण का व्रत करने से पुण्य वृद्धि होती है।

## गली-गली सजेगी श्रीकृष्ण की झांकी, जन्माष्टमी पर माखन चोर आएंगे आपके घर



जन्माष्टमी पर व्रत के साथ भगवान की पूजा और दान करने से सभी प्रकार की परेशानियां दूर हो जाती है।


अमीर-गरीब सभी लोग यथाशक्ति-यथासंभव उपचारों से योगेश्वर कृष्ण का जन्मोत्सव मनाएं। जब तक उत्सव सम्पन्न न हो जाए तब तक भोजन कदापि न करें। जो वैष्णव कृष्णाष्टमी के दिन भोजन करता है, वह निश्चय ही नराधम है। उसे प्रलय होने तक घोर नरक में रहना पडता है भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हमें यह सीख देता है कि जिस तरह मामा कंश की लाख कोशिशों के बाद भी माँ देवकी ने कान्हा को जन्म दिया क्यूंकि उन्हें भगवान पर भरोसा था और यह उम्मीद थी कि एक दिन ज़रूर ऐसा आएगा कि उनके भाई का अधर्म, धर्म से अवश्य हार जायेगा। इसी प्रकार हमें भी ईश्वर पर भरोसा रख अपने तन-मन-धन से धर्म को बरकरार रखना चाहिए।

### जन्माष्टमी कब और क्यों मनाई जाती है

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का दिन बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। जन्माष्टमी पर्व भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है, जो रक्षाबंधन के बाद भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है।श्रीकृष्ण देवकी और वासुदेव के 8वें पुत्र थे। मथुरा नगरी का राजा कंस था, जो कि बहुत अत्याचारी था। उसके अत्याचार दिन-प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे थे। एक समय आकाशवाणी हुई कि उसकी बहन देवकी का 8वां पुत्र उसका वध करेगा। यह सुनकर कंस ने अपनी बहन देवकी को उसके पति वासुदेवसहित काल-कोठारी में डाल दिया। कंस ने देवकी के कृष्ण से पहले के 7 बच्चों को मार डाला। जब देवकी ने श्रीकृष्ण को जन्म दिया, तब भगवान विष्णु ने वासुदेव को आदेश दिया कि वे श्रीकृष्ण को गोकुल में यशोदा माता और नंद बाबा के पास पहुंचा आएं, जहां वह अपने मामा कंस से सुरक्षित रह सकेगा। श्रीकृष्ण का पालन-पोषण यशोदा माता और नंद बाबा की देखरेख में हुआ। बस, उनके जन्म की खुशी में तभी से प्रतिवर्ष जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाता है।

### तरह - तरह की विधाएं -

आपको यह जानकार आश्चर्य होगा कि भारत में लोग अलग - अलग तरह से जन्माष्टमी मानते है। वर्तमान समय में जन्माष्टमी को दो दिन मनाया जाता है, पहले दिन साधू-संत जन्माष्टमी मानते है। मंदिरों में साधो - संत झूम-झूम कर कृष्ण की अर-ाधना करते है। इस दिन साधुओं का जमावड़ा मंदिरों में सहज है। उसके अगले दिन दैनिक दिनचर्या वाले लोग जन्माष्टमी मानते है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन मौके पर भगवान कान्हा की मोहक छवि देखने के लिए सुदूर इलाको से श्रद्धालु आज के दिन मथुरा पहुंचते हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर पूरी मथुरा और वहां पहुंचे श्रद्धालु कृष्णमय हो जाते है। मंदिरों को खास तौर पर सजाया जाता है। मथुरा और आस-पास के इलाको में जन्माष्टमी में स्त्री के साथ-साथ पुरुष भी बारह बजे तक व्रत रखते हैं। इस दिन मंदिरों में झांकियां सजाई जाती है और भगवान कृष्ण को झूला झुलाया जाता है। और रासलीला का आयोजन होता है। द्वारकाधीश, बिहारीजी एवं अन्य सभी मन्दिरों में इसका भव्य आयोजन होता हैं, जिनमें भारी भीड़ होती है। भगवान के श्रीविग्रह पर हल्दी, दही, घी, तेल, गुलाबजल, मक्खन, केसर, कपूर आदि चढ़ा ब्रजवासी उसका परस्पर लेपन और छिड़काव करते हैं तथा छप्पन भोग का महाभोग लगाते है। वाद्ययंत्रों से मंगल ध्वनि बजाई जाती है।


डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

जगदगुरु श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव निःसंदेह सम्पूर्ण विश्व के लिए आनंद-मंगल का संदेश देता है। सम्पूर्ण ब्रजमंडल, नन्द के आनंद भयो - जय कन्हैय्या लाल की जैसे जयघोषो व बधाइयो से गुंजायमान होता है। पुलिस लाइन्स, सेना के मुख्यालयों पर भी मनमोहक कार्यक्रम का आयोजन होता है। अतः आइये आपसी द्वेष और मनमुटाव को मिटा कर कन्धा से कन्धा मिला कर इस ख़ूबसूरत पर्व को मनाएं और अपनी आस्था को बरक़रार रखे क्यूंकि हमारा धर्म यही सीखता है कि हम सुख-दुःख में हम एक दूसरे साथ दे।

### ऐसे मनाएं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

इस दिन भगवान श्रीकृष्ण की पूजा और भक्ति के लिए उपवास करें। अपने घर की विशेष सजावट करें। घर के अंदर सुन्दर पालने में बालरूप श्रीकृष्ण की मूर्ति स्थापित करें। रात्रि बारह बजे श्रीकृष्ण की पूजन के पश्चात प्रसाद का वितरण करें। विद्वानों, माता-पिता और गुरुजनों के चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लें। इसके साथ ही यह ध्यान रखें कि परिवार में कोई भी किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन बिल्कुल न करे। इस दिन के लिए आप अपने घर को संजा सकते हैं। हम पेश कर रहे हैं ऐसे कई आफर्स जहां से आप जन्माष्टमी को शानदार तरीके से मना सकते हैं।

**तैयारियां –** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन मंदिरों को खासतौर पर सजाया जाता है। जन्माष्टमी पर पूरे दिन व्रत का विधान है। जन्माष्टमी पर सभी 12 बजे तक व्रत रखते हैं। इस दिन मंदिरों में झांकियां सजाई जाती हैं और भगवान श्रीकृष्ण को झूला झुलाया जाता है और रासलीला का आयोजन होता है।

### दही-हांडी/मटकी फोड़ प्रतियोगिता

जन्माष्टमी के दिन देश में अनेक जगह दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। दही-हांडी प्रतियोगिता में सभी जगह के बाल-गोविंदा भाग लेते हैं। छाछ-दही आदि से भरी एक मटकी रस्सी की सहायता से आसमान में लटका दी जाती है और बाल-गोविंदाओं द्वारा मटकी फोड़ने का प्रयास किया जाता है। दही-हांडी प्रतियोगिता में विजेता टीम को उचित इनाम दिए जाते हैं। जो विजेता टीम मटकी फोड़ने में सफल हो जाती है वह इनाम का हकदार होती है।

**वाल स्टीकर्स** – भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े स्टीकर आप अपने घरों की दीवालों पर लगा सकते हैं। इससे आपको घर में झांकी बनाने में मदद मिलेगी।

**बच्चों के लिए ड्रेस–** अगर आपके घर में छोटे बच्चे हैं तो आप उन्हें कान्हा का लुक दे सकते हैं। ऑनलाइन कई तरह की ड्रेस मिल रही हैं जो कि आपको बच्चों को कान्हा के रूप में परिवर्तित कर देंगे। इन ड्रेस को पहनकर सबको लगेगा कि आपका बच्चा कान्हा का अवतार हो गया है।

**भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति –** मार्केट में कई तरह की मूर्ति बाजार में आ रही है। इन मूर्तियों के बिना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी अधूरी है। आप इनको खरीदकर अपने घर की शोभा में चार चांद लगा सकते हैं।



# एनिड ब्लाइटन की सीक्रेट सेवन से एक्टर मानुषी छिल्लर को है खास लगाव


अभिनेत्री और मिस वर्ल्ड रहीं मानुषी छिल्लर एनिड ब्लाइटन की सीक्रेट सेवन को मीनिंगफुल गिफ्ट मानती हैं। छिल्लर ने इंस्टाग्राम में इसे साझा करते हुए लिखा कि इंग्लिश राइटर्स उनके बचपन का अभिन्न अंग रहे हैं।मानुषी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर किताब के साथ एक तस्वीर शेयर की। कैप्शन में उन्होंने लिखा, कुछ यादें फिर से जीने लायक होती हैं, एनिड ब्लाइटन मेरे बचपन का एक बड़ा हिस्सा थीं, हाल ही में मुझे मिला सबसे सार्थक उपहार।बता दें कि किताब बच्चों के एक काल्पनिक समूह सीक्रेट सेवन की कहानी है। ये बाल जासूसों पर आधारित है। इसमें पीटर ग्रुप का मुखिया है और अन्य सदस्य पीटर की बहन जेनेट, पाम, बारबरा, जैक, कॉलिन और जॉर्ज हैं।मानुषी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। 22 अगस्त को ही मानुषी ने अपने कई मूड्स इंस्टाग्राम पर शेयर किए। बताया कि कैसे पूरे दिन का अंत उन्होंने पसंदीदा भोजन यानि मुंबई के भेलपुरी के साथ किया।

मानुषी ने अपनी वैनिटी वैन में खीची गई मिरर सेल्फी भी शेयर की।उन्होंने लिखा, नकली चोट, कई मूड और इसे अपने पसंदीदा भोजन के साथ समाप्त करना।मानुषी ने अपनी करियर की शुरूआत चंद्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा निर्देशित ऐतिहासिक ड्रामा सम्राट पृथ्वीराज से हिंदी सिनेमा में की। अक्षय कुमार ने इसमें पृथ्वीराज चौहान का किरदार निभाया था।इसके बाद उन्हें विक्की कौशल अभिनीत द ग्रेट इंडियन फैमिली में देखा गया, जिसे विजय कृष्ण आचार्य ने निर्देशित किया था।

दो साल बाद, उन्होंने वरुण तेज के साथ हिंदी-तेलुगु द्विभाषी एक्शन ड्रामा फिल्म ऑपरेशन वेलेंटाइन में अभिनय किया।उनका सबसे हालिया काम अली अब्बास जफ़र की साइंस फिक्शन एक्शन फिल्म बड़े मियाँ छोटे मियाँ थी जिसमें अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, अलाया एफ और सोनाक्षी सिन्हा मुख्य भूमिका में थे।मानुषी की अगली फिल्म एक्शन थ्रिलर तेहरान है जिसमें जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में हैं और इसका निर्देशन अरुण गोपालन कर रहे हैं।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने किया अपनी नई फिल्म अद्भुत का ऐलान

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी को आखिरी बार फिल्म रौतू का राज में देखा गया था, जिसमें उनके काम की खूब तारीफ हुई। यह फिल्म इसी साल 28 जून को जी5 पर रिलीज हुई थी।अब नवाज ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम अद्भुत है।इस फिल्म की चर्चा पिछले लंबे समय से हो रही थी और अब आखिरकार इसकी आधिकारिक घोषणा हो गई है।अद्भुत से नवाज की पहली झलक भी सामने आ गई है।अद्भुत के निर्देशन की कमान सब्बीर खान ने संभाली है। इसमें डायना पेंटी, श्रेया धनवंतरी और रोहन मेहरा भी नजर आएंगे।इस फिल्म का ट्रेलर 24 अगस्त को 12 बजे जारी किया जाएगा।अद्भुत की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। यह फिल्म न ही सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है और न ही किसी ओटीटी पर।अद्भुत ने सीधा टीवी का रुख किया है। यह फिल्म 15 सितंबर, 2024 को सोनी मैक्स पर रिलीज होने वाली है।नवाज को क्राइम-ड्रामा फिल्म हड्डी में अनुराग कश्यप के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए भी देखा गया था। उन्होंने फिल्म में




दोहरी भूमिकाएं निभाईं, जिनमें से एक ट्रांसजेंडर का रोल भी था।




# अबू धाबी में होगा आईफा अवॉर्ड्स का आयोजन शाहरुख खान के साथ करण जौहर बनेंगे होस्ट


इंटरनेशनल इंडियन फिल्म अकादमी अवॉर्ड्स 2024 यानी आईफा अवॉर्ड्स की शुरुआत जल्द ही होने वाली है। बता दें कि आईफा अवॉर्ड्स को 23 साल पूरे हो चुके हैं और अब शो का 24वां संस्करण अबू धाबी होने वाला है। यह अवॉर्ड शो तीन दिन के लिए 27 से 29 सितंबर तक आयोजित होगा, जिसके शाहरुख खान और करण जौहर होस्ट करेंगे। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन यानी 27 सितंबर को चार दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री का जश्न मनाया जाएगा। दूसरे दिन यानी 28 सितंबर को आईफा अवॉर्ड्स की रात होगी तो वहीं 29 सितंबर को यानी रविवार की रात म्यूजिक को समर्पित होगी। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड समेत साउथ इंडस्ट्री के भी कई बड़े दिग्गज कलाकार शामिल होंगे।

एक्टर शाहरुख खान ने आईफा अवॉर्ड्स के 24वें संस्करण की मेजबानी करने पर अपनी खुशी जाहिर की। शाहरुख खान ने कहा, 'आईफा भारतीय सिनेमा का एक उत्सव है, जिसकी गूंज दुनियाभर में है और सालों में इसकी यात्रा का हिस्सा बनना मेरे लिए अद्भुत रहा है। मैं आईफा की ऊर्जा, जुनून और भव्यता को एक बार फिर से जीवंत करने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि हम इसके लिए तैयार हैं।'

वहीं फिल्ममेकर करण जौहर ने आईफा अवॉर्ड्स को लेकर अपनी एक्साइटमेंट साझा करते हुए कहा, 'पिछले दो दशकों से अधिक समय से आईफा मेरी यात्रा का एक निर्णायक हिस्सा रहा है। मेरे पिता शुरुआती वर्षों में आईफा के सलाहकार बोर्ड के एक महत्वपूर्ण सदस्य थे, जिन्होंने भारतीय सिनेमा का जश्न मनाने के मिशन में योगदान दिया था। आईफा के साथ उनका जुड़ाव हमारे लिए गर्व की बात है। इस 27-29 सितंबर को मेरे प्रिय मित्र शाहरुख खान के साथ इस अवॉर्ड शो को होस्ट करना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है।'

शाहिद कपूर ने कहा, 'आईफा हमेशा मेरे लिए एक रोमांचक यात्रा रही है, और हर बार जब मैं उस प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर कदम रखता हूं तो इसमें जादू जरूर होता है।

# सनी देओल की फिल्म एसडीजीएम से जुड़े रणदीप हुड्डा




अभिनेता रणदीप हुड्डा आज यानी 20 अगस्त को अपना 48वां जन्मदिन मनाया हैं। इस खास मौके पर उनके प्रशंसकों को बड़ा तोहफा मिला है। दरअसल, रणदीप के हाथ एक बड़ी फिल्म लग गई है। वह दिग्गज अभिनेता सनी देओल की फिल्म एसडीजीएम की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं।अब रणदीप ने सनी की फिल्म से जुड़ने पर अपना उत्साह साझा किया है। इसके अलावा फिल्म से उनकी पहली झलक भी सामने आ गई है। रणदीप हुड्डा ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए पोस्ट में कहा, इस एक्शन फीस्ट- एसडीजीएम का हिस्सा बनने के लिए एक्साइटेड हूं। सनी देओल पाजी और पूरी टीम के साथ सेट पर जाने का इंतजार नहीं कर सकता। जैसा कि वादा किया गया था, ये एक मास फीस्ट होगा।सनी देओल ने भी इंस्टा स्टोरी के साथ रणदीप हुड्डा का स्वागत किया। इसके अलावा फिल्म के मेकर्स में शामिल गोपीचंद मालिनेनी ने भी एक्स पर तस्वीर पोस्ट की और रणदीप हुड्डा को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, वर्सेटाइल एक्टर रणदीप हुड्डा सर का स्वागत है। टीम एसडीजीएम की ओर से आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाइयां।सनी देओल ने इस साल 20 जून को एसडीजीएम की घोषणा की थी। इस फिल्म का डायरेक्शन साउथ के पॉपुलर डायरेक्टर गोपीचंद मालिनेनी कर रहे हैं, जो वीरा सिम्हा रेड्डी और क्रैक जैसी तेलुगु फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। एसडीजीएम की स्टार कास्ट में सनी देओल और रणदीप हुड्डा के साथ रेजिना कैसंड्रा और सैयामी खेर शामिल हैं। एसडीजीएम का निर्माण नीवन यरनेनी, वाई रविशंकर और टीजी विश्व प्रसाद ने माइथ्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले कर रहे हैं। ऋषि पंजाबी सिनेमैटोग्राफर हैं और फिल्म का संगीत थमन एस ने दिया है। फिल्म जल्द ही फ्लोर पर आएगी।


# फ्लोरल आउटफिट पहन एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने शेयर किया बोल्ड लुक

बॉलीवुड एक्ट्रेस शरवरी वाघ आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनक लेटेस्ट लुक सोशल मीडिया पर आते ही फैंस के बीच वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना लुक देखकर फैंस एक बार फिर अपने होश खो बैठे हैं।एक्ट्रेस शरवरी वाघ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और वो आए दिन अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच छा जाती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से हैरत में पड़ गए हैं।एक्ट्रेस की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एनिमल प्रिंट लुक में वनपीस ड्रेस पहना हुआ है। वो अपने इस लुक में बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं।शरवरी वाघ की इन



तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस आउटडोर फोटोशूट करवा रही हैं। फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं।खुले बाल, लाइट मेकअप लुक और साथ ही न्यूड शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। हालांकि इन फोटोज में भी आपको ऐसा ही देखने को मिल रहा हैं।एक यूजर ने एक्ट्रेस की इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है सो हॉट एंड गॉर्जियस। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा है- सिंपल एंड एलिगेंट। तीसरे यूजर ने लिखा है- गजब कहर ढा रही हो।

# स्त्री 2 ने 8वें दिन पद्मावत और सुल्तान को पछाड़ा, बनी सबसे तेज 300 करोड़ कमाने वाली 5वीं फिल्म



श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर अब 500 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है। स्त्री 2 की कमाई थमने का नाम नहीं ले रही है। स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अपने शानदार 8 दिन पूरे कर लिए हैं। फिल्म ने सातवें दिन 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है और अब आठवे दिन फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं, 300 करोड़ी क्लब में एंट्री कर स्त्री ने पद्मावत और सुल्तान का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।स्त्री 2 इंडियन सिनेमा में सबसे तेज 300 करोड़ रुपये कमाने वाली 5वीं फिल्म बन गई है। वहीं, 300 करोड़ी क्लब में स्त्री 2 ने पद्मावत (2018) की कमाई 302.15 करोड़ और सुल्तान की कमाई 300.45 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।स्त्री 2 ने वर्ल्डवाइड 428 करोड़ रुपये का ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर लिया है। वहीं, घरेलू बॉक्स ऑफिस पर स्त्री 2 का ग्रॉस कलेक्शन 363 करोड़ और नेट कलेक्शन 308 करोड़ रुपये का है। स्त्री 2 ने ओवरसीज में 64.5 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है। वहीं. फिल्म ने आठवें दिन 18.2 करोड़ रुपये की कमाई की है। बीती 15 अगस्त को रिलीज हुई फिल्म स्त्री 2 आज 23 अगस्त को अपने नौवें दिन में चल रही है।अमर कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव के साथ-साथ पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी, अपारशक्ति खुराना संग सुनील कुमार बतौर सरकटा दर्शकों को खूब रोमांचित कर रहे हैं।



# आज का राशिफल

## मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

दूसरों को प्रभावित करने के लिए ज़रूरत से ज़्यादा ख़र्चा न करें। घरेलू काम थका देने वाला होगा और इसलिए मानसिक तनाव की वजह भी बन सकता है। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। आज सोच-समझकर क़दम बढ़ाने की ज़रूरत है- जहाँ दिल की बजाय दिमाग़ का ज़्यादा इस्तेमाल करना चाहिए। लंबे अरसे के बाद जीवनसाथी के साथ काफ़ी वक़्त गुज़ारने का मौक़ा मिल सकता है।

## वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

ज़रूरत से ज़्यादा ख़र्च करने और चालाकी-भरी आर्थिक योजनाओं से बचें। लेकिन आपको भविष्य के बारे में सोचना छोड़ वर्तमान का पूरा आनंद लेना चाहिए। ग़लतफ़हमी या कोई ग़लत संदेश आपका गर्मजोशी भरा दिन ठण्डा कर सकता है। कामकाज में थोड़ी मुश्किल के बाद आपको दिन में कुछ अच्छा देखने को मिल सकता है। आज समय की नजाकत को देखते हुए आप अपने लिए समय निकाल सकते हैं लेकिन ऑफिस के किसी काम के अचानक आ जाने के कारण आप ऐसा करने में सफल नहीं हो पाएँगे।

## मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड,छ,के,को,ह

आपका संचित धन ही आपके काम आएगा इसलिए आज के दिन अपने धन का संचय करने का विचार बनाएं। दोस्तों और परिवार के साथ मज़ेदार समय बीतेगा। आज आपके पास अपनी धनार्जन की क्षमता को बढ़ाने के लिए ताक़त और समझ दोनों ही होंगे। घर से बाहर निकलकर आज आप खुली हवाओं में टहलना पसंद करेंगे।
आज आपका मन शांत होगा जिसका फायदा आपको पूरे दिन मिलेगा। जीवनसाथी की मासूमियत आपके दिन को ख़ास बना सकती है।

## कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। निवेश के लिए अच्छा दिन है, लेकिन उचित सलाह से ही निवेश करें। लोगों के साथ ठीक तरह से पेश आएँ, ख़ास तौर पर उनके साथ जो आपसे प्यार करते हैं और आपका ख़याल रखते हैं। आज अचानक किसी से रोमांटिक मुलाक़ात हो सकती है। व्यावसायिक साझीदार सहयोग करेंगे और आप साथ मिलकर टलते आ रहे कामों को पूरा कर सकते हैं। आज आप ऑफिस से घर वापस आकर अपना पसंदीदा काम कर सकते हैं। इससे आपके मन को शांति मिलेगी। वैवाहिक जीवन में सब कुछ अच्छा महसूस होगा।

## सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

आर्थिक तौर पर सुधार के चलते आप आसानी से काफ़ी वक़्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे। ग़लत बातों को ग़लत वक़्त पर कहने से बचें। जिन्हें आप चाहते हैं, उनका दिल दुखाने से बचें। आपके प्रिय की ख़राब तबियत के चलते आप परेशान होगें आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना की वजह बन सकता है।
खाली वक्त का आज आप सदुपयोग करेंगे और उन कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे जो बीते दिनों पूरे नहीं हो पाए थे। अपने जीवनसाथी की वजह से आपको मानसिक अशान्ति का सामना करना पड़ सकता है।

## कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

आज दिन बहुत लाभदायक नहीं है- इसलिए अपनी जेब पर नज़र रखें और ज़रूरत से ज़्यादा ख़र्चा न करें। रिश्तेदारों और दोस्तों से अचानक उपहार मिलेगा। आप आज प्रेमपूर्ण मनोभाव में होंगे, इसलिए अपने प्रिय के साथ कुछ अच्छा समय बिताने की योजना बनाएँ। यह उन कुछ दिनों में से एक है, जब आपकी रचनात्मकता अपने चरम पर होगी। चिट्ठी-पत्री में सावधानी बरतने की ज़रूरत है। आपके आस-पास के लोग कुछ ऐसा कर सकते हैं, जिसके चलते आपका जीवनसाथी आपकी तरफ़ फिर से आकर्षित महसूस करेगा।

## तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

आज के दिन किए गए दान-पुण्य के काम आपको मानसिक शान्ति और सुकून देंगे। अपने निवेश और भविष्य की योजनाओं को गुप्त रखें। परिवार के साथ अच्छा वक़्त बिताएँ और शिकायत करने का मौक़ा न दें। अपना रवैया ईमानदार और स्पष्टवादी रखें। लोग आपकी दृढ़ता और क्षमताओं को सराहेंगे। लोगों के साथ बात करने में आज आप अपना बहुमूल्य समय बर्बाद कर सकते हैं। आपको ऐसा करने से बचना चाहिए। जीवनसाथी के साथ थोड़ा हँसी-मज़ाक़, थोड़ी छेड़-छाड़ आपको किशोरावस्था के दिनों की याद दिला देंगे।

## वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

आज शांत और तनाव-रहित रहने की कोशिश करें, इससे आपकी मानसिक दृढ़ता बढ़ेगी। जल्दबाज़ी में निवेश न करें- अगर आप सभी मुमकिन कोणों से परखेंगे नहीं तो नुक़सान हो सकता है। आप अनुभव करेंगे कि आपका जीवन अधिक अर्थपूर्ण हो रहा है। आपको याद रखने की ज़रूरत है कि भगवान उसी की मदद करता है, जो ख़ुद अपनी मदद करता है। आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा नहीं रहेगा क्योंकि कई मामलों में आपसी असहमति रह सकती है; और इससे आपके रिश्ते कमजोर होंगे।

## धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज धन की बहुत आवश्यकता पड़ेगी लेकिन बीते दिनों में किये गये फिजुलखर्च के कारण उनके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। जीवनसाथी ज़िंदगी में बदलाव लाने में मदद करेगा। साथ ही इस राह में आने वाले गड्ढों और दिक़्क़तों से दिल छोटा न करें। अपने प्रिय की छोटी-मोटी भूल को अनदेखा करें। नए विचार फ़ायदेमंद साबित होंगे। समय का पहिया बहुत तेजी से चलता है इसलिए आज से ही अपने कीमती समय का सही इस्तेमाल करना सीख लें।

## मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता ज़रूर दिलाएंगे। अगर आप छात्र हैं और विदेशों में जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं तो घर की आर्थिक तंगी आज आपके माथे पर शिकन ला सकती है। मुमकिन है कि आप अपने घर में या उसके आस-पास आज कुछ बड़े बदलाव करें। आज आपकी कोई बुरी आदत आपके प्रेमी को बुरी लग सकती है और वो आपसे नाराज हो सकते हैं। आज फ़ायदा हो सकता है, बशर्ते आप अपनी बात भली-भांति रखें और काम में लगन व उत्साह दिखाएँ। बाहरी लोगों का हस्तक्षेप आपके वैवाहिक जीवन में परेशानी उत्पन्न कर सकता है।

## कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी ख़ासी तारीफ़ कर सकते हैं। अगर आपका धन से जुड़ा कोई मामला कोर्ट-कचहरी में अटका था तो आज उसमें आपको विजय मिल सकती है और आपको धन लाभ हो सकता है। पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और अपनी योजनाओं के लिए आप पूरे सहयोग की उम्मीद कर सकते हैं। अपनी शारीरिक-ऊर्जा का स्तर ऊँचा बनाए रखें, ताकि आप जी-तोड़ मेहनत कर जल्द-से-जल्द उन्हें हासिल कर सकें। इस मामले में आप अपने दोस्तों की मदद भी ले सकते हैं।

## मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

नए क़रार फ़ायदेमंद दिख सकते हैं, लेकिन वे उम्मीद के मुताबिक़ लाभ नहीं पहुँचाएंगे। निवेश करते समय जल्दबाज़ी में निर्णय न लें। मुश्किल दौर में आपकी जिन रिश्तेदारों ने मदद की है, उनके लिए अपनी कृतज्ञता को व्यक्त करें। आपका यह छोटा-सा काम उनके उत्साह को बढ़ाएगा। कृतज्ञता जीवन की सुगंध को फैलाती है और अहसान-फ़रामोशी इसे तार-तार कर देती है। ऐसे काम हाथ में लें, जो रचनात्मक प्रकृती के हैं। आज के दिन यात्रा, मनोरंजन और लोगों से मिलना-जुलना हो

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 25 अगस्त 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : भाद्रपद ,कृष्ण पक्ष
तिथि : सप्तमी रात्रि 03:41 तक
नक्षत्र : भरणी सायं 04:45 तक
योग : ध्रुव रात्रि 12:27 तक
करण : विष्टि सायं 04:33 तक
चन्द्रराशि : मेष रात्रि 10:30 तक
सूर्योदय : 06:01 , सूर्यास्त 06:34 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:08 , सूर्यास्त 06:34 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:00 , सूर्यास्त 06:28 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:53 , सूर्यास्त 06:25 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : भानु सप्तमी , भद्रा सायं 04:32 तक

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# मंत्री किरेन रिजिजू से मिला सूफी प्रतिनिधिमंडल

## भारत में सूफी कॉरिडोर और विरासत विकास पर की चर्चा



**अजमेर,24 अगस्त (एजेंसियां)।** भारतभर के सूफी आध्यात्मिक संस्कृति के एक प्रतिष्ठित प्रतिनिधिमंडल और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के बीच बैठक हुई। इस बैठक का नेतृत्व हाजी सैयद सलमान चिश्ती, गद्दीनशीन दरगाह अजमेर शरीफ ने किया। प्रतिनिधिमंडल में शाजिया इल्मी साहिबा भी शामिल हुईं, जो देश के भीतर आध्यात्मिक और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बैठक में चर्चा का विषय भारत की प्रमुख दरगाहों के आसपास विश्व स्तरीय बुनियादी और प्राचीन विरासत के विकास पर था। इसकी शुरुआत अजमेर शरीफ से होगी। ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित महत्वाकांक्षी सूफी कॉरिडोर का हिस्सा है। यह दूरदर्शी परियोजना भारत को वैश्विक स्तर पर शीर्ष सूफी आध्यात्मिक गंतव्य के रूप में स्थापित करना चाहती है।

दुनिया सूफीवाद और सभी के प्रति बिना भेदभाव प्यार के सूफी आदर्शों की बात करती है। प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने वाले हाजी सैयद सलमान चिश्ती ने भारत की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए ऐसे बुनियादी और प्राचीन विरासत को विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इससे दुनिया भर के लाखों आध्यात्मिक सूफी अनुयायियों और पर्यटकों के लिए बेहतर बनाया जा सके।

सूफी कॉरिडोर पर चर्चा करने के अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने भारत भर में विविध मुस्लिम समुदाय के समग्र विकास के लिए अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता भी साझा की। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कौशल विकास में पहल शामिल हैं, जिसका उद्देश्य जीवन स्तर को ऊपर उठाना और सामाजिक, आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। ये प्रयास नये वक्फ संशोधनों के अनुरूप हैं। इसके लिए प्रतिनिधिमंडल ने अपने विचार व्यक्त किए, साथ ही कुछ सामुदायिक चिंताओं को भी व्यक्त किया।

बैठक के दौरान हाजी सैयद सलमान चिश्ती ने सम्मान और सद्भावना के प्रतीक के रूप में अजमेर शरीफ से पवित्र तबर्रुकात और दस्तारबंदी पेश की। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को व्हर्लिंग दरवेश नामक एक ओरिजिनल कैनवास सूफी कलाकृति भी भेंट की गई, जो भारत में सूफीवाद के गहरे आध्यात्मिक संबंध और कलात्मक विरासत का प्रतीक है।

बैठक के अंत मे केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सूफी प्रतिनिधिमंडल को अगले कुछ हफ्तों में होने वाली संयुक्त संसदीय समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए एक भावी निमंत्रण दिया। यह निमंत्रण सरकार और आध्यात्मिक नेताओं के बीच निरंतर सहयोग और संवाद के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

अजमेर शरीफ से साहिबजादा सैयद अफशान चिश्ती और मेहराज चिश्ती साहब, दरगाह हज़रत बाबा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी चिश्ती (र) से जनाब मंजूरुल हक कुतुबी साहब, दरगाह हज़रत निजामुद्दीन औलिया (र)-नई दिल्ली से सैयद अनफाल निजामी, शाही बाग खानकाह ए चिश्तिया दरगाह, अहमदाबाद-गुजरात से सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती साहब, दरगाह हज़रत सूफी मुहम्मद खुशहाल शाह साहब, मुजफ्फरनगर-यूपी से जनाब सूफी जवाद अहमद खुशहाली, युवा समुदाय की आवाज जनाब अफजल इशाक इल्मी साहब नई दिल्ली से शामिल हुए । ये बैठक भारत के मुस्लिम समुदाय की आध्यात्मिक और सामाजिक आकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, जबकि भारत की सांस्कृतिक और विश्व मंच पर आध्यात्मिक विरासत को बढ़ावा देना। सरकार और सूफी समुदाय के बीच सहयोग शांति, एकता और प्रगति के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। जैसे-जैसे दुनिया आध्यात्मिक मार्गदर्शन के लिए भारत की ओर देख रही है, सूफी कॉरिडोर और इससे जुड़ी पहल न केवल आध्यात्मिक केंद्र के रूप में देश की स्थिति को बढ़ाएगी बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगी कि सूफीवाद के मूल्य प्रेम, शांति और सद्भाव आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहें।

# जोधपुर में नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर का आयोजन आज

**जोधपुर,24 अगस्त (एजेंसियां)।** श्री शीतला माता ( कागा तीर्थ ) ट्रस्ट जोधपुर और पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के संयुक्त तत्व-ाधान में रविवार 25 अगस्त को जोधपुर में विशाल निःशुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर आयोजित किया जायेगा। निः शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर में वैदिक जन्म कुंडली, लाल किताब, हस्त रेखा, मस्तिष्क रेखा, वास्तु, अंकगणित, केपी पद्धति और मंत्र ज्योतिष आदि विधाओं से ज्योतिषीय परामर्श दिया जायेगा। शिविर आन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। आज रविवार को रजिस्ट्रेशन दोपहर 12:00 तक किये जाएंगे।

शीतला माता ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्मल कच्छवाह ने बताया कि रविवार 25 अगस्त को नागोरी गेट के बाहर स्थित शीतला माता का मंदिर कागा में सुबह 10:00 से 2:00 तक विशाल निशुल्क ज्योतिष परामर्श आयोजित किया जा रहा है। जिसमें वैदिक, जन्मकुंडली, हस्त रेखा, मस्तिष्क रेखा, वास्तु, अंकगणित, टैरो कार्ड, लाल किताब, केपी और मंत्र ज्योतिष चिकित्सा सहित अन्य विधाओं के विद्वान ज्योतिषाचार्य लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। ज्योतिष परामर्श शिविर में पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक डॉ. अनीष व्यास जन्मकुंडली के माध्यम से लोगों की ज्योतिषीय समस्याओं का समाधान करेंगे।

शीतला माता ट्रस्ट के महासचिव देवेश कच्छवाह ने बताया कि विशाल नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर में 15 से अधिक विद्वान ज्योतिषाचार्य अपनी सेवाएं देंगे। इसमें पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी, पंडित अभिषेक जोशी, पंडित डॉ अनीष व्यास, भैरू प्रकाश दाधीच, खींवराज शर्मा, शंकर सिंह राजपुरोहित, सुकांत पांडे, सपना सारस्वत, नितिका शर्मा, शिवानी गौतम, नीता शर्मा, संकेत भारद्वाज, नीतू जोशी प्रकाश गौड़, विनोद कानूनगो सहित अन्य ज्योतिषी अपनी सेवाएं देंगे। नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर में जोधपुर के अलावा जयपुर उदयपुर कोटा नई दिल्ली अहमदाबाद इंदौर भोपाल सूरत मुंबई के विद्वान ज्योतिषाचार्य अपनी सेवाएं देंगे।

# अब पेट्रोल पंप पर वाहनों में तेल भरते नजर आएंगे जेल के कैदी

**झुंझुनू,24 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान सरकार की ओर से एक अनोखी योजना को हरी झंडी दिखा दी गई है। इस योजना के तहत जेल परिसरों की जमीन पर पेट्रोल पंप खोले जाएंगे। वहीं, इन पंप पर तेल भरने का काम लंबी सजा काट रहे कैदियों को दिया जाएगा। इस मामले में जिला जेज प्रमोद कुमार ने कहा कि सरकार की तरफ से झुंझुनू जिला कारागृह परिसर में पेट्रोल- डीजल पंप खोलने के आदेश दिए गए हैं। जेल प्रशासन ने इस योजना को अमल करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है।




सरकार की तहफ से शुरू की गई इस योजना को साकार करने के लिए अब जेल परिसर में किस जगह पंप खोला जाएगा, इसके लिए जगह तलाशी जा रही है। जेल प्रशासन ऐसी जगह की तलाश में है, जहां सुरक्षा व्यवस्था में व्यवधान न आए और कार्य भी सुचारू रूप से होता रहे। जानकारी के मुताबिक नए खुलने वाले पेट्रोल पंप पर तेल बेचने का कार्य उन कैदियों को सौंपा जाएगा, जो लंबे समय से जेल में सजा काट रहे हैं और लंबे समय तक जेल में रहने वाले हैं। चाल चलन चरित्र और सही ट्रैक रिकॉर्ड रखने वाले कैदियों को भी पेट्रोल पंप से जुड़े कार्य में लगाया जा सकता है। वहीं, पंप पर लागू होने वाले नियम कायदे जेल प्रशासन की तरफ से तय होकर आएंगे। हर एक कार्य नियमों के मुताबिक किया जाएगा। बताया जा रहा है कि पेट्रोल-डीजल पंप के प्रबंधन का कार्य जेल प्रशासन के जिम्मे होगा। वहीं, अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि जेल में खुलने वाले पेट्रोल पंप में तेल कंपनियों की भागीदारी कितनी होगी।

# कोलायत कपिल सरोवर में मिले युवक-युवती के शव

## मामले की जांच में जुटी पुलिस

**बीकानेर,24 अगस्त (एजेंसियां)।** कोलायत के कपिल सरोवर में आज दोपहर युवक-युवती के शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कोलायत थाना पुलिस ने शवों को बाहर निकलवाया। बताया जा रहा है कि दोनों शव गऊ घाट के पास मिले हैं। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शवों को मोर्चरी में रखवाया है। दोनों शवों की पहचान भी हो गई है। युवक की गुमशुदगी गंगाशहर थाने में दर्ज है और युवती की गुमशुदगी दर्ज नहीं थी। युवक की पहचान बीकानेर के सुजानदेसर निवासी केवलचंद पुत्र शिवराज नायक के रूप में हुई है। युवक शादीशुदा था और उसके एक लड़का भी है। युवक 21 अगस्त को घर से निकला था। उसकी 23 अगस्त को परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। वहीं, युवती की पहचान सुरधना देशनोक के रहने वाली मनीषा के रूप में हुई है। युवती के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं थी।

# हरियाणा के युवक की अमेरिका में सड़क हादसे में मौत

**करनाल,24 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा के करनाल के मूनक क्षेत्र के ठरवा माजरा गांव के एक युवक की अमेरिका में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह समाचार सुनकर गांव में सन्नाटा छा गया। जैसे 21 अगस्त को उसकी मृत्यु का पता चला तो आस-पास व रिश्तेदारों का उसके घर जानकारी लेने पहुंचे। माता पिता व रिश्तेदारों का रो-रो कर बुरा हाल है। माता-पिता ने इकलौता बेटा सड़क दुर्घटना में खो दिया। वहीं मृतक अमृतपाल द्वारा पाले गए कुत्ते ने भी उसकी मौत के कुछ देर बाद अपना तोड़ दिया।

60 वर्षीय बुजुर्ग पिता जसबीर ने बताया कि उसके बेटे की शादी आठ साल पहले हुई थी। उनकी संतान नहीं है। लगभग दो वर्ष पहले 75 लाख रुपये देकर पुत्र व उसकी पत्नी को विदेश भेजा था। जब उसे पता चला तो उस पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा और भगवान ने उसके बुढ़ापे की छड़ी को छीन लिया।



दुर्घटना में मौत होने वाले अमृतपाल के चाचा के लड़के ने बताया कि वह ट्राला में ड्राइवर के साथ बैठकर जा रहा था कि अचानक ड्राइवर की आंख लगने से एक बड़ा झटका लगा। इस हादसे में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके कुछ देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि वह दोनों पति-पत्नी अपने माता-पिता को अपनी बहन की देखरेख में छोड़ गए थे। उन्होंने सरकार से अपने भाई के शव को भारत लाने की मांग की है ताकि वे अपने भाई का अपने देश में अंतिम संस्कार कर सकें। उन्होंने बताया कि उसका गांव में सभी के साथ बड़ा प्यार था।

**हादसे के बाद कुत्ते ने भी तोड़ा दम**

मृतक के भाई ने बताया कि उसके भाई ने गांव में कुत्ता पाला हुआ था। रोजाना उसका भाई जब घर पर फोन करता था तो वह उनसे दुलार करता था। जैसे ही एक बजे के लगभग उसके भाई की मौत हुई तो उसके कुछ देर बाद कुत्ते ने भी दम तोड़ दिया।

# जिले में डेंगू ने दी दस्तक, एक साथ मिले दो संक्रमित केस

**कैथल,24 अगस्त (एजेंसियां)।** मौसम की करवट के साथ ही डेंगू की दस्तक शुरू हो गई है। कैथल जिले में शनिवार को इस सीजन के सबसे पहले एक साथ दो केस मिले हैं। यह संक्रमित केस गांव सीवन और जाजनपुर में मिले हैं। दोनों की संक्रमित मरीजों को जिला नागरिक अस्पताल में बनाए गए डेंगू के आइसोलेशन वार्ड में दाखिल करवाया गया है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष डेंगू के 118 संक्रमित केस मिले थे। अब डेंगू के केस मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ी है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 238 टीमों का गठन किया गया है, जो लोगों को जागरूक कर रही हैं। इस पर स्वास्थ्य विभाग का कहना है संक्रमित मरीजों का इलाज शुरू कर दिया गया है। यह जल्द ही स्वस्थ हो जाएंगे।

**नौ हजार 876 घरों व दुकानों में की डेंगू के लार्वा की जांच**

स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने शनिवार को जिलेभर के नौ हजार 876 घरों व दुकानों में डेंगू के लार्वा की जांच की। इस दौरान अलग-अलग टीमों को 16 जगहों पर लार्वा मिला। सभी संबंधित मालिकों को नोटिस दिया व साफ-सफाई को लेकर जागरूक किया गया। 15 संदिग्ध मरीजों के सैंपल लेकर डेंगू जांच के लिए लैब में भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट आज आएगी। अब तक 1702 संदिग्ध मरीजों के डेंगू के सैंपल लिए गए हैं। साथ ही अब तक 1641 जगहों पर डेंगू का लार्वा मिल चुका है। सभी को नोटिस दिए गए हैं। अब तक जिले में 10 लाख 14 हजार 844 घरों की जांच की जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग ने प्रत्येक रविवार को ड्राई-डे के तौर पर मनाने की हिदायतें जारी की हैं।

# रोडवेज बस और ट्रक की भिड़ंत

## बस चालक की मौत, बच्चे समेत 23 सवारियां जख्मी

**कुरुक्षेत्र,24 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र के पिपली क्षेत्र में जीटी रोड पर खानपुर कोलियां के नजदीक रोडवेज की बस और ट्रक की भिड़ंत हो गई। इस भीषण हादसे में बस चालक की मौत हो गई, जबकि बस में सवार एक आठ साल का बच्चा और चार महिलाओं समेत 23 सवारियां जख्मी हो गईं। मृतक की शिनाख्त 47 वर्षीय नरेंद्र कुमार निवासी बयानपुर जिला सोनीपत के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक सोनीपत डिपो की बस सुबह राजधानी दिल्ली से लुधियाना पंजाब के लिए चली थी। बस में 50 से अधिक सवारियां बैठी हुई थीं। दोपहर करीब डेढ़ बजे बस खानपुर कोलियां के नजदीक पहुंची तो बस के आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक रोड के बीच में ब्रेक लगा दिए। इस कारण उसके पीछे आ रही रोडवेज की बस उससे टकरा गई।

बस की जोरदार टक्कर से ट्रक सड़क पर पलट गया। हालांकि बस में सवार लोगों ने चालक पर लापरवाही से बस चलाने का आरोप लगाया है। हादसे की सूचना पाकर पुलिस की टीम व एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। पुलिस ने बस और ट्रक में सवार लोगों को बाहर निकाला और एंबुलेंस के जरिए एलए-नजेपी अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने बस चालक नरेंद्र की जांच करके उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मतदान के दौरान लंबी छुट्टियों से भाजपा की बढ़ी चिंता

## चुनाव आयोग से तारीख बदलने की मांग

**चंडीगढ़,24 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा में मतदान की तारीख ने भाजपा की चिंता बढ़ा दी है। राज्य में एक अक्तूबर को चुनाव होने हैं। मतदान की तारीख के आगे और पीछे छुट्टियां पड़ रही हैं। एक साथ कई छुट्टी होने की वजह से लोग बाहर घूमने जा सकते हैं, जिसका असर मतदान पर पड़ सकता है। ऐसे में भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भारत निर्वाचन आयोग और हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र लिख मतदान की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की है। मुख्य चुनाव अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि उन्हें भाजपा का पत्र मिल चुका है, जिस पर उपयुक्त फैसला लेने के लिए निर्वाचन आयोग को भेज दिया गया है।

आयोग को लिखे पत्र में भाजपा ने दलील दी है कि 28 व 29 सितंबर को शनिवार व रविवार है। एक अक्तूबर को मतदान होने की वजह से छुट्टी है। दो अक्तूबर को गांधी जयंती और तीन को अग्रसेन जयंती है। 30 की छुट्टी लेकर छह दिन का लंबा वीकेंड पड़ रहा है। ऐसे में लोग छुट्टियां मनाने प्रदेश के बाहर जा सकते हैं जिससे मतदान प्रतिशत प्रभावित हो सकता है।

भाजपा ने अपने पत्र में यह भी तर्क दिया है कि दो अक्तूबर को आसोज की अमावस्या होने के कारण बीकानेर के मुकाम गांव में बिश्नोई समाज का धार्मिक अनुष्ठान है। इसके लिए बिश्नोई समाज के काफी लोग एक अक्तूबर को ही पहुंच जाते हैं। इसका भी मतदान प्रतिशत पर असर पड़ सकता है। भाजपा ने आयोग से मतदान की निर्धारित तारीख को बदलने का अनुरोध किया है। साथ ही यह भी कहा है कि अगली तारीख रखते हुए




यह ध्यान रखा जाए कि मतदान की तिथि से एक दिन पहले और मतदान के अगले दिन अवकाश न हो। ऐसा होने से ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान में हिस्सा ले सकेंगे। चुनाव आयोग ने बीते हफ्ते चुनाव की तारीख की घो-षणा की थी। इसके मुताबिक पांच सितंबर को चुनाव की अधिसूचना जारी होनी है। एक अक्तूबर को मतदान और चार को परिणाम घोषित किए जाने हैं।

चुनाव आयोग इससे पहले भी तारीख में बदलाव कर चुका है। साल 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव की तारीख 14 फरवरी निर्धारित की गई थी। इसके दो दिन बाद रविदास जयंती थी। पंजाब के काफी लोग रविदास जयंती मनाने उत्तर प्रदेश के वाराणसी जाते हैं। पंजाब के राजनीतिक दलों के अनुरोध के बाद चुनाव आयोग ने मतदान की तारीख में परिवर्तन कर दिया था।

इस बार लोकसभा चुनाव में गर्मी की वजह से मतदान प्रतिशत में करीब पांच फीसदी की गिरावट आई थी। 25 मई को भीषण गर्मी थी और लोग घरों से मतदान के लिए नहीं निकले। 2019 में करीब 70 फीसदी मतदान हुआ था। जबकि बीते मई को 65 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था।

# भ्रम फैलाना बंद करें तेजस्वी यादव, आरोप लगाने से काम नहीं चलेगा : उपमुख्यमंत्री

**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार के उपमुख्यमंत्री नेता विजय कुमार सिन्हा अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान गया पहुरचे। गया पहुँचने के बाद उन्होंने सबसे पहले विष्णुपद मंदिर पहुंचे और विष्णुपद मंदिर के गर्भ गृह में भगवान विष्णु चरण के समक्ष पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया और उन्होंने भगवान से बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए प्राथना किया है।

वहीं इस दौरान उन्होंने कहा कि आज भगवान विष्णु से प्राथना आराधना किए है कि बिहार को विकसित बिहार बनाने में, सभी बिहारी का मान समान बढ़ाने में , इनकी दया और इनकी कृपा बने और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी दोनों मिलकर बोधगया से विष्णुपद मंदिर पूरे गया कॉरिडोर को विश्वनाथ कॉरिडोर की तरह सुसज्जित और आगे बढ़ने व पर्यटन के दृष्टिकोण से अव्वल



बनाने के लिए जो संकल्प लिए है उसको साकार करें।

वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के द्वारा ट्रंसफार पोस्टिंग को लेकर सरकार पर दिया गया बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि देखिए नेता प्रतिपक्ष मैं तो कहता हू कि नेता प्रतिपक्ष अपनी जिम्मवारी का निर्वहन करे मै भी नेता प्रतिपक्ष था। पांच सौ सात दिन में तीन सौ 42 दिन किसी जिले में जाते थे सच्चाई को जानते थे और सच्चाई में और सरकार के खामी में सरकार को अवगत करते थे लेकिन तेजस्वी यादव ट्वीट करेंगे। दिल्ली से बैठ के कभी सिंगापुर से बैठ के कभी पटना से बैठ के तो ट्वीट से सरकार नही चलती है और संवैधानिक पद का मर्यादा भी नहीं बचता है। आप संवैधानिक पद पर बैठे है जो चढ़ावा लेते है जो इस तरह के ट्रांसफर पोस्टिंग में संलिप्त है। प्रमाणिकता के साथ उपलब्ध कराएं सरकार गंभीरता से लेगी। लेकिन, झूठा भर्म का वातावरण फैलाना और आरोप लगाने से काम नही चलेगा। खामी है तो विपक्ष भी तो सरकार का अंग है वो सरकार को सजक करे बताए और सरकार पूरी तैयारी कर रही है आज लॉ एंड ऑर्डर में जिन लोगो की लापरवाही, निष्क्रियता, या डीजीपी से लेकर सभी लोगो पर मुख्यमंत्री की समीक्षा हो रही है उसका रिजल्ट बहुत जल्द आएगा।

वहीं वक्फ बोर्ड के संशोधन बिल को लेकर तेजस्वी यादव के द्वारा दिया गया बयान पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि तेजस्वी यादव तुष्टिकरण की राजनीति में बांग्लादेश में हिंदुओं के मां बहनों की चित्कार सुनाई नहीं दी। बांग्लादेश के अंदर आग लगाई जा रही थी।

दुकानें लूटी जा रही थी। घर दहक रहा था लेकिन यह सब उन्हें नहीं दिखा। विजय सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव, केजरीवाल और ममता बनर्जी जैसे लोगों पर धिक्कार है। भारत की भूमि पर ऐसे लोगों को जन्म लेने का जो अपने सनातन के संस्कार और संस्कृति पर शर्म महसूस करता हो और तुष्टिकरण की राजनीति में सच से आंखे मूंद लेता है ऐसे लोग कभी भी सामाजिक प्राणी नहीं हो सकते हैं।

# पूर्णिया में छात्रों के बीच भीषण झड़प मेडिकल छात्र को बंधक बनाकर मारपीट



## मौके पर पहुंचा पुलिस बल

**पूर्णिया (एजेंसियां)।**

पूर्णिया के राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में मेडिकल और इंजीनियरिंग के छात्रों के बीच जबरदस्त झड़प हुई है। इस झड़प में जमकर ईंट-पत्थर चले हैं। वहीं, एक मेडिकल छात्र को बंधक बनाकर मारपीट की गई है, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद इंजीनियरिंग छात्रों के बंधन से मेडिकल कॉलेज के छात्र को निकाला गया है।

जानकारी के मुताबिक, पूर्णिया, कटिहार और मधेपुरा मेडिकल कॉलेज के छात्रों की परीक्षा पूर्णिया के राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में थी। परीक्षा के दौरान मेडिकल कॉलेज के छात्र रमन कुमार पर चोरी का आरोप लगाकर छात्रों ने मारपीट की और उसे बंधक बना लिया। उसके बाद दोनों गुटों के बीच जमकर ईंट-पत्थर चले। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराने के लिए हस्तक्षेप किया। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने दोनों गुटों के छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

बताया जा रहा है कि मारपीट में घायल मेडिकल छात्र की हालत गंभीर है। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और दोनों गुटों के छात्रों से पूछताछ की जा रही है। वहीं, मामले को लेकर पुलिस ने कहा कि जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे सख्त से सख्त सजा दी जाएगी।

# बालू लदे अनियंत्रित ट्रक ने युवक को रौंदा, मौके पर ही मौत



**बेतिया (एजेंसियां)।**

बेतिया में बालू लदे एक ट्रक ने अनियंत्रित होकर एक युवक को रौंद दिया, जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना जिले के मुफस्सिल थानाक्षेत्र के अरेराज मुख्य सड़क स्थित हवाई अड्डा के पास की है। मृतक की पहचान ब्रवत परसाईन गांव के वार्ड नंबर 27 निवासी चंद्रिका प्रसाद के बेटे रूपेश कुमार (25) के रूप में की गई है, जो चावल का व्यवसाय करता था। इधर, घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, घटना से नाराज लोगों ने बेतिया-अरेराज मुख्य सड़क पर शव को रखकर जाम कर दिया और आगजनी कर विरोध प्रदर्शन किया।

मृतक के परिजनों ने बताया कि रूपेश शुक्रवार की देर शाम हवाई अड्डा स्थित अपनी चावल की दुकान से बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बालू लदे ट्रक ने अनियंत्रित होकर रौंद दिया। इसके बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

घटना सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए जीएससीएच बेतिया में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि आए दिन हवाई अड्डा के पास सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इसके बाद भी पुलिस प्रशासन कुछ नहीं करता है।

हालांकि घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे सदर एसडीपीओ-1 विवेक दीप ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझा कर मामले को शांत करा दिया। वहीं, थानाध्यक्ष अभिराम सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम कराने के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया गया है।

मामले में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने का भी प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में आरोपी ट्रक चालक को बख्शा नहीं जाएगा। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर भी आरोपी चालक को चिह्नित करने का काम किया जा रहा है।

# आखिर कब तक सीएम नीतीश दूसरों के ऊपर दोष मढ़कर जिम्मेदारी से भागते रहेंगे? तेजस्वी यादव

**पटना (एजेंसियां)।**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने कहा कि पिछले 15 साल से अधिक बिहार में भाजपा और एनडीए की सरकार है। 10 वर्षों से केंद्र में इनकी डबल इंजन सरकार है। हमारे बीच के 17 महीनों के सेवाकाल में ही नौकरी-रोजगार, शिक्षा-स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में रिकॉर्डतोड़



नियुक्तियां एवं अप्रत्याशित विकास कार्य हुए। लगभग दो दशक बाद भी आख़िर और कब तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व भाजपा दूसरों के ऊपर दोष मढ़ अपनी जिम्मेदारी से भागते रहेंगे।

तेजस्वी यादव ने कहा कि आखिर देश में सबसे अधिक बिहार में व्याप्त इस रिकॉर्डतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, अपराध के जिम्मेदार कौन है? आख़िर कब तक नीतीश कुमार अपनी सत्तालोलुप्ता, स्वार्थपूर्ति व अनैतिक असैद्धांतिक पलटा-पलटी का शिकार बिहार को बनाते रहेंगे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों का जिक्र किया। इसमें बिहार को उन्होंने सबसे नीचे और सबसे कम बताया। नीति आयोग के सत्तत विकास सूचकांक में सबसे नीचे बिहार है। गरीबी उन्मूलन में सबसे नीचे बिहार है। आमदनी में देश भर में सबसे कम बिहार में है। शून्य भुखमरी में सबसे नीचे बिहार है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लैंगिक समानता में सबसे पीछे बिहार है।

# बेटी को मारकर भाग गई मेरी पत्नी, बिहार के मुजफ्फरपुर में पति के आरोप से सनसनी

**मुजफ्फरपुर (एजेंसियां)।**

मुजफ्फरपुर में एक कचड़े के ढेर में 3.5 वर्ष की बच्ची का शव सूटकेस में मिला है। मामला मिठनपुरा थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर रामबाग का है। बच्ची की पहचान मनोज कुमार की बेटी मिष्ठी कुमारी के रूप में की गई है। आरोपी मां काजल फरार है। आसपास के लोगों का कहना है कि गायब हुई बच्ची को लेकर उसकी मां घर से निकली थी और फिर नहीं लौटी।वही शव मिलने की जानकारी के बाद मौके पर स्थानीय लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी है। वही सूचना के बाद से मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

घटना को लेकर मृतका बच्ची के पिता मनोज कुमार का कहना है कि कल बच्ची और बच्ची की मां घर से निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर हमलोगों ने उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन दोनों का कहीं कोई अता-पता नहीं चल पाया। इस बीच स्थानीय लोगों ने कचड़े के ढेर में एक सूटकेस देखा, जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर जब सूटकेस को पुलिस ने खोला तो हर कोई देखकर दांग रह गया। सूटकेस में बच्ची की लाश थी। यह बात मनोज कुमार को भी मिली और वह दौड़ा-दौड़ा घटनास्थल पर पहुंचा। मनोज कुमार ने सूटकेस में मिली बच्ची के शव को अपनी बेटी मिष्टी के रूप में पहचान की।

मनोज कुमार का कहना है कि वह गया जिला के रहने वाले हैं, जबकि काजल कुमारी नगर थाना क्षेत्र के रेल लाइट के पास तीन कोठिया मोहल्ले में रहती थी। दोनों ने 2019 में लव मैरेज किया था। और फिर शादी के बाद से मनोज मुजफ्फरपुर में ही एक दूकान में काम करने लगा और फिर मिठनपुरा थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर रामबाग मोहल्ले में किराए के मकान में पत्नी के साथ रहने लगा था। उसने अपनी पत्नी पर आरोप लगाते हुए कहा कि काजल कई अन्य लोगों से भी मोबाइल से बात करती थी।

इसको लेकर दोनों में विवाद भी होता था। घटना के संबंध में मकान मालिक का कहना है कि शुक्रवर की शाम में काजल अपनी बेटी को लेकर घर से निकली थी। पूछने पर उसने बताया था कि उसके रिश्तेद-ारी में किसी के यहां जन्मदिन की पार्टी है, वह दोनों उसी पार्टी में जा रहे हैं।

इसके बाद दोनों को वापस आते नहीं देखा गया। अब पति का आरोप है कि मुझे ऐसा लगता है कि काजल ने ही मेरी बेटी की हत्या कर शव को सूटकेस में डाल कर फरार हो गई है।

सूचना के बाद मौके पर मिठनपुरा थाना के थानाध्यक्ष राम इकबाल प्रसाद का कहना है कि साढ़े तीन साल की बच्ची का शव कचड़े की ढेर में एक सूटकेस में मिला है। यह बच्ची अपनी मां के साथ कल से ही लापता थी। फिलहाल मां अभी भी लापता ही है। बच्ची के पिता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की कार्रवाई कर रही है।

# बेगूसराय में गुस्साई भीड़ ने ट्रक चालक और खलासी को जमकर पीटा

## प्रतिबंधित मांस ले जाने का लगाया आरोप

**बेगूसराय (एजेंसियां)।**

बेगूसराय में ट्रक में प्रतिबंधित मांस ले जाने का आरोप लगाकर भीड़ ने कानून को अपने हाथ लेकर ट्रक चालक और खलासी को पकड़कर उनकी जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान पुलिस मौके पर मूक दर्शक बनी पूरी घटना देखती रही। इस घटना के बाद मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। इस दौरान भीड़ ने जमकर हंगामा भी किया। यह पूरा मामला एफसीआई थानाक्षेत्र के रतन चौक स्थित एनएच-31 का है।

जानकारी के मुताबिक, एनएच-31 से एक ट्रक जा रहा था। उस ट्रक से काफी दुर्गंध आ रही थी। उसके बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक को रोक लिया और प्रतिबंधित मांस होने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने ट्रक चालक और खलासी को पकड़



लिया और उनकी जमकर पिटाई कर दी। इस घटना की सूचना एफसीआई थाना पुलिस को लगी। फिर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले को शांत करने में जुट गई, लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं हुए। वे पुलिस के सामने ही ड्राइवर और खलासी को पीटते रहे। बाद में गुस्साए लोगों ने पुलिस के खिलाफ भी हंगामा शुरू कर दिया। हालांकि एफसीआई थाना पुलिस ने ट्रक चालक और खलासी को भीड़ से बचाकर हिरासत में ले लिया।

इस मामले को लेकर सदर डीएसपी 2 भास्कर रंजन ने बताया कि गाड़ी से काफी दुर्गंध आ रही है। किस प्रकार का मांस या हड्डी है, इसकी जांच अभी तक नहीं हुई है। इसकी जांच की जा रही है। घटना की सूचना पर सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग एफसीआई थाने पर पहुंचकर कार्रवाई की मांग कर जमकर हंगामा करने लगे। हंगामा करते देख पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद लोगों का गुस्सा और भड़क गया। हंगामा खड़ा होते ही पुलिस ने चारों लोगों को छोड़ दिया। तब जाकर मामला शांत हुआ।

वहीं, दूसरी तरफ मामले को लेकर बरौनी इंस्पेक्टर रजनीश कुमार, एफसीआई थाना अध्यक्ष अंजली कुमारी, जीरोमाइल ओपी अध्यक्ष चंदन कुमार और चकिया थानाध्यक्ष नीरज कुमार चौधरी सहित दर्जनों पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल ट्रक को सिमरिया घाट भेजा गया है। जहां मांस की जांच के साथ ही दफनाने का काम किया जाएगा।

## अब नहीं भटकना पड़ेगा युवकों को बिहार के बाहर

# खुद खड़ा कर सकते हैं अपना स्टार्टअप

**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार में युवक नौकरी और रोजगार को लेकर काफी प्रेषण रहते हैं। इस वजह से युवा अपने घर परिवार को छोड़कर दूसरे राज्य में काम करने के लिए पलायन कर रहे हैं। उन पलायन को रोकने के लिए लेट्स इंस्पायर बिहार की तरफ से एक अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें हर जिले में 2028 तक 100 से अधिक महिला और पुरुष लोगों को रोजगार देने वाले कम से कम 5 सफल स्टार्टअप स्थापित किया जाएगा। इस कार्य की रूपरेखा स्टार्टअप समिट 2024 के आयोजन में दी जाएगी, जिसका आयोजन 25 अगस्त को होना है। इस कार्यक्रम में बिहार के सभी जिलों से लगभग 300 से अधिक स्टार्टअप भाग लेंगे।

यह लक्ष्य 23 दिसंबर, 2023 को नई दिल्ली के एनडीएमसी सभागार में आयोजित बिहार 2047 विजन कॉन्क्लेव में निर्धारित किया गया था और तब से बिहार के अनेक जिलों में वैसे स्टार्टअप को चिन्हित एवं चयनित करने का कार्य चल रहा है ताकि उन्हें उचित मार्गदर्शन दिखाया जा सके।

इस स्टार्टअप समिट का उद्घाटन बिहार सरकार के मंत्री नीतीश मिश्रा करेंगे जबकि भारत सरकार के मंत्री जीतन राम मांझी मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। अभियान के मुख्य समन्वयक उद्यमिता चैप्टर मोहन झा जी पूरी एलआईबी टीम की मदद से इस




स्टार्ट अप शिखर सम्मेलन का नेतृत्व कर रहे हैं जिसका मुख्य फोकस है स्टार्ट अप को एमएसएमई से धन प्राप्त करने, बुनियादी ढांचे की उपलब्धता, तकनीकी उन्नति, कुशल जनशक्ति और क्राउड फंडिंग में मदद करना ।

अभियान का मुख्य फोकस बिहार में उद्यमिता का प्रसार करते हुए सफल उद्यमियों को स्थापित करना है। ऐसा मानना है कि बहुत से लोगों के पास जानकारी अपडेट रहती हैं लेकिन संसाधनों की कमी के कारण वे अपनी जिंदगी में सफल नहीं हो सकते। ऐसे में इस अभियान के अंतर्गत उद्यमिता अध्याय बनाया गया था और इस पर काम करना शुरू किया गया। देश भर तथा विदेशों से भी लगभग 10,000 से अधिक सफल उद्यमी लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के साथ जुड़कर स्वैच्छिक योगदान कर रहे हैं। अनेक सफल उद्यमी ऐसे समिट में समय-समय पर स्टार्ट-अप को सलाह देते रहते हैं।

स्टार्टअप सम्मिट 2024 में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल होंगे। उन ख़ास लोगों में भुवनेश्वर में स्थित निफ्ट के निदेशक राजेश कुमार झा, फैब फाइव नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अनिल कुमार झा, गियाका कैपिटल की ओमिका दुबे, एक्सीलरेट इंडिया की निदेशक नेहा शर्मा, पटना के चीफ को-ऑर्डिनेटर ओ पी सिंह, सीएसआर अंजलि झा, रोहित सिंह निदेशक फर्निक्स, वीपी डेटा सेंटर के सीटीआरएलएस विपुल सिंह, अंशुमान सिंह आईबीएसईए, पटनिया ग्रुप के राजीव रंजन यादव, वीपी अमितेश सिन्हा वीपी, प्रभाष निर्भय एंजेल इन्वेस्टर, रत्नेश्वर चौधरी, राजीव रंजन जी एम विप्रो और स्टार्ट-अप और कई अन्य मामलों के कानूनी सलाहकार रवि भारद्वाज शामिल होंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com